


राष्ट्रीय दैनिक

हर खबर की खबर

# प्रातःकिरण

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





03 | गेंदा फूल की खेती से किसानों की आय ...

ईरान के साथ टकराव ... | 12



वर्ष : 14 | अंक : 177 | पटना, मंगलवार, 06 अक्टूबर, 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# भारत-स्विट्जरलैंड के बीच परिवहन, गतिशीलता और अनुसंधान से जुड़े करार

■ पीएम मोदी और स्विस राष्ट्रपति गाय परमेलिन के बीच हैदराबाद हाउस में अहम बैठक

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत ने स्विट्जरलैंड में अपने निर्यात के लिए बाजार पहुंच बढ़ाने और दोनों देशों के बीच निवेश को सुगम बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। इससे भारत के कृषि, दवा, कपड़ा एवं इंजीनियरिंग उत्पादों के स्विट्जरलैंड में निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, जैव प्रौद्योगिकी, जीवन विज्ञान, बैंकिंग, बीमा, खाद्य प्रसंस्करण और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में स्विस निवेश आकर्षित किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी और स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन के बीच आज दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और स्विट्जरलैंड की दोस्ती पुरानी है और आज नवाचार, बुनियादी ढांचा तथा उन्नत प्रौद्योगिकी दोनों देशों की



साझेदारी के मजबूत स्तंभ बनकर उभरे हैं। दोनों देशों ने सैन्य आदान-प्रदान तथा रक्षा उत्पादन एवं सहयोग की नई संभावनाओं की पहचान की है और परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग को और गहरा करने पर भी सहमति बनी है।

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी सहयोग मजबूत हो रहा:** प्रधानमंत्री ने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी दोनों देशों का सहयोग मजबूत हो रहा है। स्वास्थ्य, स्वच्छ ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में नए संयुक्त शोध परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। उन्होंने भारतीय विज्ञान स्टार्टअप की क्षमता बढ़ाने के लिए ज्यूरिख विश्वविद्यालय के साथ हुए समझौते का स्वागत किया और योग एवं आयुर्वेद के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की बात कही। मोदी ने कहा कि प्रवासन एवं गतिशीलता भागीदारी समझौते तथा युवा पेशेवर समझौते से भारतीय छात्रों, शोधकताओं, पेशेवरों और युवाओं के लिए स्विट्जरलैंड में नए अवसर खुलेंगे। दोनों देश लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं और वैश्विक शांति एवं स्थिरता के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।

## यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ भारत में अगले 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर का करेगा निवेश

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) भारत में व्यापार एवं आर्थिक भागीदारी समझौते के तहत अगले 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर का निवेश करेगा। इससे 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। यह समझौता निवेश, नवाचार, रोजगार और आपसी समृद्धि का महत्वाकांक्षी खाका है। मोदी ने कहा कि वाराणसी में रोपवे, नोएडा में जेवर हवाई अड्डा तथा पहाड़ी क्षेत्रों में रेलवे और सुरंग परियोजनाएं भारत-स्विट्जरलैंड बुनियादी ढांचा सहयोग के उदाहरण हैं। परिवहन, आवागमन और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में आज हुए समझौते इस सहयोग को और मजबूत करेंगे। प्रधानमंत्री ने स्विस बुनियादी ढांचा कंपनियों को भारत में निवेश तथा क्षमता निर्माण, डिजाइन और विनिर्माण में भागीदारी के लिए आमंत्रित किया।

---

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की हुयी समीक्षा बैठक**

# ईको टूरिज्म एवं सोलराइजेशन की परियोजनाओं पर पीपीपी मोड में तेजी से करें काम : सम्राट

■ ओढ़नी डैम, खड़गपुर डैम, ताराकोल डैम एवं जालकुंड डैम सहित अन्य जलाशयों के आसपास पर्यटकीय सुविधाओं के विकास में लाएं तेजी

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की समीक्षा बैठक हुयी। बैठक में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने प्रस्तुतीकरण के के माध्यम से विभाग के कार्यों की अद्यतन जानकारी दी। उन्होंने राज्य में ईको टूरिज्म के विकास की संभावनाओं, जलाशयों एवं डैम के आसपास पर्यटकीय सुविधाओं के विकास, पौधारोपण तथा पर्वतीय एवं वन क्षेत्रों में पर्यावरण अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में




विस्तृत जानकारी दी। बैठक में बांका के ओढ़नी डैम, मुंगेर के खड़गपुर डैम, नवादा के ताराकोल डैम तथा मुंगेर के जालकुंड डैम के आसपास इको टूरिज्म एवं पर्यटकीय सुविधाओं के विकास के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही खड़गपुर डैम के पास इको टूरिज्म के लिए आवश्यक अवसंरचना विकसित करने तथा पर्यटकों के आकर्षण के लिए 'ग्लास रूम' के निर्माण की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन स्थानों पर ईको टूरिज्म के विकास के लिए पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं है, वहां आवश्यकतानुसार भूमि का क्रय/अधिग्रहण कर पीपीपी मोड (जन-निजी भागीदारी) पर इको टूरिज्म की योजनाएं विकसित की जाय।

उन्होंने ताराकोल डैम एवं जालकुंड डैम के आसपास इको-टूरिज्म के विकास के लिए आवश्यक भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में भी कार्रवाई करने तथा कसरैया धार (खगड़िया) को ईको टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया।

## राज्य के पहाड़ी क्षेत्रों में सोलराइजेशन कार्य करायें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के पहाड़ी क्षेत्रों में सोलराइजेशन कार्य करायें ताकि ग्रीन ऊर्जा को बढ़ावा मिल सके। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को संबद्ध विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के प्राकृतिक संसाधनों एवं पर्यावरण का संरक्षण करते हुए पर्यटन की संभावनाओं को विकसित किया जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिले और पर्यटकों को प्राकृतिक वातावरण में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। बैठक में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ रामचन्द्र प्रसाद, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरविंदर सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**तालाबों एवं जलाशयों के चारो तरफ बड़े पैमाने पर पौधारोपण कराएं:** मुख्यमंत्री ने राज्य के बड़े तालाबों एवं जलाशयों के चारों तरफ व्यापक स्तर पर पौधारोपण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में पौधारोपण का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसे जल्द से जल्द पूर्ण करायें। राज्य के हरित आवरण क्षेत्र को बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने पहाड़ी एवं पर्वतीय क्षेत्रों में ईको टूरिज्म विकसित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्रों में पर्यावरण अनुकूल चीजों का ही इस्तेमाल किया जाए। बांस, लकड़ी आदि प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग कर पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जाए। उन्होंने कहा कि जहां पर्यटकीय दृष्टि से रोप-वे की आवश्यकता है, वहां रोप-वे के निर्माण की दिशा में भी कार्य किया जाए।

# जीएसटी के अगले चरण के सुधारों से कारोबार करना होगा और आसान : मोदी

■ प्रधानमंत्री ने वित्त मंत्री सीतारमण के लेख का उल्लेख करते हुए यह बात कही

प्रात : किरण

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों का अगला चरण कारोबारियों के लिए अनुपालन को और आसान बनाएगा तथा रिफंड प्रक्रिया को अधिक सरल और तेज करेगा। उन्होंने कहा कि इससे उद्योग जगत का विश्वास बढ़ेगा, निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और विकसित भारत के लक्ष्य को मजबूत आधार मिलेगा। प्रधानमंत्री ने यह बात वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के उस लेख का उल्लेख करते हुए कही, जिसमें उन्होंने अगले चरण के जीएसटी सुधारों की रूपरेखा प्रस्तुत की है। पीएम मोदी ने कहा कि नई पीढ़ी के जीएसटी सुधार कर प्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी और पूर्वानुमान योग्य बना रहे हैं, जिससे व्यवसायों और परिवारों दोनों को लाभ मिल रहा है। वित्त मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्वएक्सह्व पर कहा कि नेक्स्ट-जेन जीएसटी करदाताओं को राहत देने और अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने, दोनों लक्ष्यों को एक साथ हासिल कर



रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी सुधारों का मुख्य फोकस रजिस्ट्रेशन, रिटर्न फाइलिंग, रिफंड, विवाद निपटान और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की प्रक्रियाओं को सरल बनाना होगा।

**करदाताओं के अनुपालन में लगने वाले समय और लागत को कम करना सुधारों का उद्देश्य:** जीएसटी परिषद की 7 अक्टूबर को होने वाली बैठक से पहले सीतारमण ने अपने लेख में कहा कि प्रस्तावित प्रक्रिया सुधारों का उद्देश्य करदाताओं के अनुपालन में लगने वाले समय और लागत को कम करना है। सरकार चाहती है कि कारोबारी वर्ग को कम कागजी कार्रवाई और अधिक सुविधा मिले। वित्त मंत्री ने सितंबर 2025 में लागू हुई दर युक्तिकरण प्रक्रिया के बाद जीएसटी संग्रह और कर योग्य आपूर्ति के प्रदर्शन का भी उल्लेख किया। सरकार का मानना है कि जीएसटी ने राजस्व संग्रह को मजबूत करने के साथ-साथ आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई है। इस बीच, आगामी जीएसटी परिषद की बैठक में एक महत्वपूर्ण कानूनी मुद्दे पर भी चर्चा हो सकती है। सूत्रों के अनुसार, परिषद इस बात पर विचार कर सकती है कि जीएसटी कानून में मौजूद वह प्रावधान हटाया जाए या नहीं, जिसके तहत जांच के दौरान कर अधिकारियों को करदाताओं की गिरफ्तारी का अधिकार प्राप्त है। यह सुझाव जीएसटी परिषद की लॉ कमेटी द्वारा जीएसटी कानूनों के अपराधमुक्तिकरण के व्यापक प्रस्तावों के हिस्से के रूप में दिया गया है। समिति का मानना है कि कई मामलों में कर भुगतान में चूक जानबूझकर नहीं होती और ऐसे मामलों में गिरफ्तारी जैसे कठोर कदमों की आवश्यकता नहीं हो सकती। वर्तमान व्यवस्था के तहत सीजीएसटी अधिनियम की धारा 69 के अंतर्गत आयुक्त को यह अधिकार है कि यदि उन्हें विश्वास हो कि किसी व्यक्ति ने धारा 132 के तहत गंभीर अपराध किया है, तो वे गिरफ्तारी की अनुमति दे सकते हैं। हालांकि, प्रस्तावित सोच यह है कि फर्जी चालान, फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट और फर्जी रिफंड दावों जैसे गंभीर मामलों में कार्रवाई भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) सहित सामान्य आपराधिक कानूनों के तहत की जा सकती है।

## सूबे के सभी थानों में आगामी 30 दिनों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा होगी शुरू

पटना। गृह विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री का स्तर से की गई घोषणाओं एवं विभिन्न बैठकों में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की प्रगति की समीक्षा की गई। इस समीक्षात्मक बैठक में संबंधित अधिकारियों की तरफ से विभागीय कार्यों की अद्यतन प्रगति से प्रधान सचिव को अवगत कराया गया। समीक्षा के दौरान प्रधान सचिव पंकज कुमार ने राज्य के सभी थानों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा को अगले 30 दिनों के भीतर सक्रिय कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा के सक्रिय होने से पुलिस थानों एवं वरीय अधिकारियों के बीच समन्वय और त्वरित संवाद को और प्रभावी बनाया जा सकेगा।

# सुप्रीम कोर्ट को तीन नए जज मिले, कार्यरत जस्टिस की संख्या बढ़कर 37 हुई

■ तीन हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों को सुप्रीम कोर्ट का जज बनाने की मंजूरी

प्रात : किरण

नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में तीन नए जस्टिस की नियुक्ति को मंजूरी दे दी । इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट में कार्यरत जस्टिस की संख्या 37 हो गई है, जो स्वीकृत संख्या 38 से एक कम है । केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के अनुसार, गुजरात हाई कोर्ट की चीफ जस्टिस सुनीता अग्रवाल, दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और तेलंगाना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया गया है । मेघवाल ने एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी घोषणा की । केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि राष्ट्रपति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत से विचार-विमर्श के बाद तीनों मुख्य न्यायाधीशों को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया है। ये नियुक्तियां सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की ओर से तीनों मुख्य न्यायाधीशों को शीर्ष अदालत में पदोन्नत करने की सिफारिश के कुछ दिनों बाद हुई हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा था, 28 सितंबर 2026 को हुई बैठक में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की है। कॉलेजियम ने गुजरात हाई कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सुनीता अग्रवाल के नाम की सिफारिश की थी, जिनका मूल हाईकोर्ट इलाहाबाद है। इसके अलावा दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय के नाम की सिफारिश की गई थी, उनका मूल हाईकोर्ट भी इलाहाबाद है। वहीं, तेलंगाना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अपरेश कुमार सिंह का मूल हाईकोर्ट झारखंड है।

## पीएमजीएसवाई : चौथे चरण में 62 हजार किमी का नया संकल्प: शिवराज

प्रात : किरण

नई दिल्ली। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के शिविर में अधिकारियों और अभियंताओं से कहा कि वे इसे केवल औपचारिक ह्वकर्मकांडह्व न रहने दें, बल्कि धरातल पर आने वाली व्यवहारिक कठिनाइयों के ठोस और नवाचारपूर्ण समाधान खोजें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पीएमजीएसवाई का अगला चरण केवल सामान्य निर्माण का नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण संपर्क का होना चाहिए। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री सोमवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के दो दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि पीएमजीएसवाई के चौथे चरण में 62 हजार किलोमीटर नई सड़कों का लक्ष्य मिला है, जिसमें से 20 हजार किलोमीटर की स्वीकृति हो चुकी है और इसे समयबद्ध तरीके से पूरा करना है। उन्होंने अपने संबोधन शुरूआत में कहा कि बापू ने कहा था कि विकसित भारत का रास्ता खेतों की पगडंडी और गांव की गलियों से होकर जाता है। जब तक गांव का विकास नहीं होगा, तब तक देश का समग्र विकास अधूरा है। उन्होंने अपने बाल्यकाल का संस्मरण साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्हें गांव से भोपाल पढ़ने जाने के लिए 13 किलोमीटर का रास्ता पगडंडियों और कीचड़ के बीच घोड़े पर बैठकर तय करना पड़ता था।

## ऐसे विद्यार्थी चाहिए जो संस्कृत के श्लोक के साथ ही कंप्यूटर के कोड को भी समझें : राजनाथ

प्रात : किरण

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है हमें ऐसे विद्यार्थी चाहिए जो संस्कृत के श्लोक को भी समझें और कंप्यूटर के कोड को भी समझें। जो वेदों के मंत्रों की गहराई को भी समझें, और आधुनिक विज्ञान की भाषा को भी समझें। जो न्याय और मीमांसा पढ़ें, साथ ही आधुनिक समाज की समस्याओं को समझने की क्षमता भी रखें। राजनाथ सिंह ने सोमवार को अयोध्या में श्रीनारायण संस्कृत महाविद्यालय के नए भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने संस्कृत के अध्ययन को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने पर विशेष बल दिया है। रक्षामंत्री ने कहा, ह्वमेरा मानना है, परम्परा को संरक्षित करने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि उसे वर्तमान समय की जरूरतों से जोड़ दिया जाए। आने वाली पीढ़ी को केवल अतीत जानना पर्याप्त नहीं है। उसे अतीत से शक्ति लेकर भविष्य का निर्माण करना है। वेदों से लेकर उपनिषद तक, दर्शन से लेकर व्याकरण तक, आयुर्वेद से लेकर गणित तक, ज्योतिष से लेकर साहित्य तक, न्याय से लेकर मीमांसा तक, भारतीय ज्ञान-परम्परा का एक बड़ा हिस्सा, संस्कृत के माध्यम से पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ा, और विश्व की बौद्धिक परंपराओं को इसने समृद्ध किया। भारत की सभ्यता की एक बड़ी विशेषता यह रही है, कि यहाँ ज्ञान को केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रखा गया।

**मंजूरी** | **मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, मोतिहारी सहित 9 शहरों में बनेंगे पांच मंजिला बस टर्मिनल**

# 9 आधुनिक बस पड़ावों के डिजाइन को मिली मंजूरी, जल्द शुरू होगा निर्माण

प्रात : किरण

पटना। बिहार में दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों की तर्ज पर विश्वस्तरीय बस टर्मिनल बनाने की योजना अब धरातल पर उतरने जा रही है। इस संबंध में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में 9 जिलों के बस डिपो के डिजाइन को मंजूरी दे दी गई है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) के अनुसार, जिन 9 स्थानों के डिजाइन को हरी झंडी मिली है, उनमें मुजफ्फरपुर, गया, बिहारशरीफ, राजगीर, दरभंगा, पूर्णिया, मोतिहारी, तारापुर और मुंगेर जिले शामिल हैं। मंजूरी के बाद अब जल्द ही आरएफपी (रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल) तैयार कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।



**मिलेंगी एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं:** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इन नए बस टर्मिनलों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। यहां वातानुकूलित प्रतीक्षालय, डिजिटल डिस्प्ले सूचना प्रणाली, स्वच्छ पेयजल, आधुनिक शौचालय, पर्याप्त पार्किंग, यात्री सहायता केंद्र, दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, एटीएम, दीदी की रसोई और ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन जैसी व्यवस्थाएं होंगी।

**निगम ने आगे बताया कि**

## 31 शहरों में बनेंगे मल्टी-मॉडल हब

बता दें कि राज्य के 31 महत्वपूर्ण शहरों को इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए चिन्हित किया है, जिनमें पटना, मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर, पूर्णिया, दरभंगा, मुंगेर, जमुई, नवादा, सहरसा, पालीगंज, लहेरियासराय, मधुबनी, किशनगंज, मोतिहारी, छपरा, सुल्तानगंज, नौबतपुर, बरबीघा, मोकामा, चकाई, सीतामढ़ी, बिहारशरीफ, औरंगाबाद, आरा, जहानाबाद, संग्रामपुर, तारापुर और राजगीर शामिल हैं। इस परियोजना में निगम जमीन उपलब्ध कराएगा और निर्माण व रखरखाव की जिम्मेदारी निजी भागीदार की होगी। इन टर्मिनलों को मल्टी-मॉडल हब के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे न सिर्फ यात्रा अनुभव बेहतर होगा बल्कि स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

**प्रस्तावित :** पांच मंजिला टर्मिनलों के ग्राउंड फ्लोर पर बसों की पार्किंग और वर्कशॉप की व्यवस्था होगी, जबकि ऊपरी तलों पर निगम का कार्यालय, कैफेटेरिया, दुकानें, एसी एवं नॉन एसी वेटिंग रूम, बस चालकों और संवाहकों के लिए डॉर्मेटरी, गेस्ट रूम, महिला फीडिंग रूम, बैंक्वेट हॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, होटल और एंटरटेनमेंट जोन विकसित किए जाएंगे।

# स्व. कैलाशपति मिश्र की जयंती राजकीय समारोह के रूप में मनाई जाएगी : मुख्यमंत्री

■ कैलाशपति मिश्र की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें नमन किया

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रसिद्ध विचारक एवं राजनेता, गुजरात के पूर्व राज्यपाल तथा बिहार सरकार के पूर्व मंत्री कैलाशपति मिश्र की जयंती के अवसर पर आईसीएआर परिसर, पटना में स्व कैलाशपति मिश्र की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने स्व कैलाशपति मिश्र को नमन करते हुये कहा कि श्रद्धेय कैलाशपति मिश्र ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र निर्माण, समाज और संगठन की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उनके योगदान, विचारों और सार्वजनिक जीवन में



उनकी अमूल्य भूमिका को सम्मान देते हुए आगामी वर्ष से उनकी जयंती राजकीय समारोह के रूप में मनाई जाएगी। यह बिहार की धरती के इस महान सपूत के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि और कृतज्ञता का प्रतीक है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया, विधायक संजीव चौरसिया, विधायक संजय कुमार, विधायक मनोज कुमार, विधायक रत्नेश कुमार, विधान पार्षद संजय मयूख, पूर्व विधायक दिलमणी देवी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी स्व कैलाशपति मिश्र जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भजन कीर्तन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

# एम्स पटना में दो महीने में दूसरा लिवर ट्रांसप्लांट, पहली बार मृतक दाता से किडनी प्रत्यारोपण

- तीसरा लिवर ट्रांसप्लांट और 15वां किडनी प्रत्यारोपण; दूसरी किडनी राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन के माध्यम से बिहार में प्रत्यारोपण के लिए आवंटित

प्रात : किरण संवाददाता





पटना। एम्स पटना ने अंग प्रत्यारोपण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपना तीसरा लिवर ट्रांसप्लांट और पिछले दो महीनों में दूसरा लिवर ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया है। इसी बहु-अंग दान एवं प्रत्यारोपण प्रक्रिया के तहत संस्थान में पहली बार मृतक दाता से किडनी प्रत्यारोपण भी किया गया। इसके साथ ही एम्स पटना में अब तक किए गए किडनी प्रत्यारोपण की संख्या 15 हो गई है। दाता की दूसरी किडनी को स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन, बिहार के माध्यम से राज्य में प्रत्यारोपण के लिए आवंटित किया गया।

लिवर ट्रांसप्लांट 2 अक्टूबर 2026 को एक 29 वर्षीय पुरुष मरीज का किया गया जो विल्सन डिजीज के कारण अंतिम अवस्था के लिवर रोग से पीड़ित था। लगभग 12 घंटे चली इस जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक पूरा किया गया और मरीज की स्थिति फिलहाल स्थिर है। विशेषज्ञों की टीम उसकी लगातार निगरानी कर रही है। यह एम्स पटना का तीसरा लिवर ट्रांसप्लांट और पिछले दो महीनों में दूसरा लिवर ट्रांसप्लांट है जो संस्थान में लिवर प्रत्यारोपण सेवाओं के तेजी से विस्तार को दशार्ता है।

लिवर प्रत्यारोपण की सर्जरी सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) उत्पल आनंद के नेतृत्व में डॉ. कुणाल परासर, डॉ. बसंत नारायण सिंह और डॉ. किसलय कांत की टीम ने की। एनेस्थीसिया एवं ऑपरेशन के दौरान आवश्यक चिकित्सा प्रबंधन एनेस्थीसियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) निशांत सहाय के नेतृत्व में डॉ. कुनाल सिंह और डॉ. रजनीश कुमार ने किया। ऑपरेशन के बाद मरीज की देखभाल में क्रिटिकल केयर यूनिट की टीम जिसमें डॉ. अजीत कुमार शामिल रहे, उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इस बहु-अंग दान की शुरूआत बिहारशरीफ निवासी एक व्यक्ति की ब्रेन डेथ के बाद हुई। सीढ़ियों से गिरने के कारण उन्हें गंभीर सिर की चोट लगी थी और निर्धारित चिकित्सकीय प्रक्रिया के अनुसार उन्हें ब्रेन डेड घोषित किया गया। ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटरों की काउंसलिंग के बाद उनकी पत्नी और परिवार के सदस्यों ने अंग एवं ऊतक दान की सहमति दी। परिवार का यह निर्णय कठिन समय में मानवीय संवेदना और उदारता का उदाहरण बना।

दाता का लिवर, दोनों किडनी और दोनों कॉर्निया दान किए गए। लिवर और एक किडनी का प्रत्यारोपण एम्स पटना में किया गया जबकि दूसरी किडनी को राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन, बिहार के माध्यम से राज्य में प्रत्यारोपण के लिए आवंटित किया गया। दोनों कॉर्निया भी दान किए गए जिससे जरूरतमंद मरीजों को दृष्टि प्रदान करने में मदद मिलेगी।

दाता की एक किडनी का प्रत्यारोपण 19 वर्षीय युवती में किया गया जो लंबे समय से किडनी की बीमारी से पीड़ित थी और डायलिसिस पर थी। यह एम्स पटना का 15वां किडनी प्रत्यारोपण और संस्थान में पहली बार मृतक दाता से किया गया किडनी प्रत्यारोपण है। किडनी प्रत्यारोपण की सर्जरी डॉ. कमलेश गुंजन के नेतृत्व में डॉ. नवीन कुमार, डॉ. साकेत सिंह और डॉ. नितीश कुमार की टीम ने की। एनेस्थीसिया टीम में डॉ. अभ्युदय कुमार और डॉ. नीरज कुमार शामिल रहे। मरीज की प्रत्यारोपण से पहले की जांच, उपचार की तैयारी और प्रत्यारोपण के बाद की चिकित्सा देखभाल नेफ्रोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अमरेश कृष्ण के नेतृत्व में डॉ. मेघा सहगल ने की।

इस सफल बहु-अंग प्रत्यारोपण में सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, रीनल ट्रांसप्लांट सर्जरी, नेफ्रोलॉजी, एनेस्थीसियोलॉजी और क्रिटिकल केयर सहित कई विभागों की टीमों ने समन्वित रूप से काम किया। ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर, नर्सिंग टीम, ब्लड बैंक, रेडियोलॉजी, लैबोरेटरी, ऑपरेशन थिएटर, अस्पताल प्रशासन तथा अन्य सहयोगी विभागों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

यह पूरी प्रक्रिया कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल के मार्गदर्शन और मेडिकल सुपरिंटेंडेंट प्रो. डॉ. प्रशांत कुमार सिंह के सहयोग से संपन्न हुई। उप निदेशक (प्रशासन) श्री नीलोत्पल बल ने अंगदान, अंगों के रिट्रीवल, आवंटन, परिवहन और प्रत्यारोपण से संबंधित प्रशासनिक व्यवस्थाओं के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दूसरी किडनी का राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन, बिहार के माध्यम से राज्य में प्रत्यारोपण के लिए आवंटन अंगों के उचित और पारदर्शी उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। एम्स पटना ने मृतक दाता और उनके परिवार के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। परिवार द्वारा कठिन समय में लिया गया अंगदान का निर्णय कई मरीजों के लिए जीवन की नई उम्मीद, डायलिसिस से मुक्ति और दृष्टि वापस पाने का अवसर बना है। संस्थान ने इस पूरी प्रक्रिया में शामिल सभी चिकित्सकों, नर्सिंग कर्मियों, तकनीकी विशेषज्ञों, ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटरों और प्रशासनिक टीमों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की।

तीसरा लिवर ट्रांसप्लांट, दो महीनों में दूसरा लिवर ट्रांसप्लांट, 15वां किडनी प्रत्यारोपण और पहली बार मृतक दाता से किडनी प्रत्यारोपण एम्स पटना की बढ़ती प्रत्यारोपण क्षमता को दशार्ता है। संस्थान बिहार और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को उन्नत एवं जीवनरक्षक प्रत्यारोपण सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार अपनी सेवाओं का विस्तार कर रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने चलाया शिक्षण संस्थानों महिला व बाल सुरक्षा जागरुकता अभियान



फतुहा। सोमवार को फतुहा पुलिस अनुमंडल के दो थाना क्षेत्र में अलग अलग शिक्षण संस्थानों में पुलिस द्वारा महिला व बाल सुरक्षा जागरुकता अभियान चलाया गया। दोनों जगह यह अभियान फतुहा डीएसपी अवधेश कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। पहला कार्यक्रम सम्मसपुर स्थित मिलेनियम कान्वेंट स्कूल में चलाया गया जंहा पुलिस टीम के द्वारा स्कूली छात्राओं को उनके सुरक्षा को लेकर जागरुक किया गया।साथ ही छात्राओं को उनके माता पिता व भाई बहनों की सुरक्षा को लेकर भी जागरुक किया गया।पुलिस द्वारा यह बताया गया कि आप अपनी समस्या गोपनीय तरीके से भी पुलिस को बता सकते हैं।आपकी समस्या को तत्काल निदान के लिए पुलिस तुरंत कारवाई करेगी।स्कूली छात्राओं को उनकी सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण टिप्स भी बताए गये जो उनके दैनिक जीवन में कोई समस्या या असुरक्षा महसुस होने पर काम कर सकता है।साथ ही छात्राओं को उनके परिवार व रिश्तेदारों को सुरक्षित बनाने का उपाय बताया गया।डीएसपी अवधेश कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा चलाये गये यह अभियान एक मजबुत समाज व भयमुक्त समाज बनाने में अहम कड़ी साबित हो सकता है। इस मौके पर नदी थानाध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम व कई महिला पुलिस अधिकारी के साथ-साथ स्कूल के निदेशक भूषण प्रसाद व संजय कुमार भी मौजूद रहे।

### नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए एमडी कॉलेज में इंडक्शन मीट आयोजित

नौबतपुर।स्थानीय मालतीधारी महाविद्यालय के सभागार में सोमवार को कॉलेज के प्राचार्य डॉ अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में स्नातकोत्तर सत्र 2026झ्र28 एवं स्नातक सत्र 2026झ्र30 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रथम इंडक्शन मीट आयोजित हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य नवागत विद्यार्थियों का महाविद्यालय परिवार में स्वागत करने के साथ उन्हें महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, विभागीय गतिविधियों एवं उपलब्ध सुविधाओं से परिचित कराना था।मौके पर प्राचार्य डॉ अखिलेश ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उनके व्यक्तित्व एवं कौशल के विकास के लिए अनुकूल शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं महाविद्यालय की शैक्षणिक तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।वहीं मुख्य अतिथि कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. दिलीप कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा के महत्व, अनुशासन, नियमित अध्ययन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए अपने ज्ञान एवं कौशल को विकसित करने की सलाह दी।

### दुर्गा पूजा को लेकर रेल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

फतुहा।दुर्गा पूजा को लेकर रेल थाना परिसर में थानाध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में पूजा समितियों को पूजा पंडाल से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा संपन्न कराने पर चर्चा की गई। इस दौरान आरपीएफ अधिकारी तारकेश्वर कुँवर, वार्ड पार्षद अजीत कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद पप्पू चंद्रवंशी, बाबा कल्याण नाथ मंदिर के महंत मनोज कुमार मधुकर, उमानाथ सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने पटना जं. का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री डिम्पी गर्ग द्वारा पटना जं. का निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक द्वारा प्लेटफॉर्म सं. 01 एवं 10 का एक छोर से दूसरी छोर तक निरीक्षण किया गया तथा यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने सकुर्लेटिंग एरिया, फुट ओवर ब्रिज, टिकट काउंटर, एस्कलेटर आदि का निरीक्षण कर यात्री सुविधा, संरक्षा आदि का जायजा लिया। महाप्रबंधक ने पटना जं. पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किये जाने वाले स्टेशन पुनर्विकास कार्य की समीक्षा की तथा उच्च गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य एवं उन्नत यात्री सुविधा की उपलब्धता पर विशेष बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक द्वारा प्लेटफॉर्म सं.-10 पर खड़ी पटना-न्यूजलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस का भी निरीक्षण किया गया तथा यात्रियों से संवाद कर उनसे फीडबैक लिये । निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री विनोद कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे ।

## सेवा सेतु शिविर-सरकार आपके द्वार का आयोजन किया जाएगा

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत 6 से 8 अक्टूबर तक सेवा सेतु शिविर-सरकार आपके द्वार का आयोजन किया जाएगा। जिसकी शुरूआत प्रखंड के नरगद्दा स्थित राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय से होगी। शिविर का उद्देश्य भारत सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाना है। योजनाओं के संभावित लाभार्थियों तथा उनके लंबित लान एवं शिकायतों के संबंध में आवेदन प्राप्त कि जायेंगे। प्राप्त आवेदनों व शिकायतों का पंचायतवार डॉटाबैंक तैयार किया जायेगा तथा आवेदकों को उनकी पावती उपलब्ध कराई जायेगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि सेवा सेतु शिविर में केन्द्र सरकार के प्रमुख योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को दी जायेगी तथा योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त करने एवं पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि सरारी, जमसौत, हथियाकांध, मुबारकपुर-रघुरामपुर पंचायत वासियों के लिए 6 अक्टूबर को नर्मदा स्थित राजकीय कृत उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिविर आयोजित होगी। जबकि 7 एवं 8 अक्टूबर को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में दियारा के पुरानी पानापुर, मानस, कासिमचक, हेतनपुर, पतलापुर, गंगहारा पंचायत के लोगों के लिए शिविर आयोजित होगी।

## बाल सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

दनियावां। कमजोर वर्ग अपराध अन्वेषण विभाग, बिहार के सहयोग से ह्लसुरक्षित बच्चे, संवेदनशील पुलिस, बेहतर भविष्यह्व एवं चाइल्ड हेल्प डेस्क के तत्वावधान में बाल सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व दनियावां थाना की थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने किया, जबकि कार्यक्रम अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं महिला पुलिसकर्मियों ने +2 उच्च विद्यालय, दनियावां तथा ज्ञानस्थली विद्यालय, सिंगरियावां के छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें बाल सुरक्षा, बाल अधिकारों तथा विभिन्न प्रकार के अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों को चाइल्ड हेल्प डेस्क, बाल संरक्षण, आपातकालीन सहायता एवं हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि किसी भी प्रकार की परेशानी, भय, उत्पीड़न अथवा असुरक्षा की स्थिति में वे बिना संकोच अपने माता-पिता, शिक्षक या पुलिस से सहायता ले सकते हैं। इस अवसर पर ज्ञानस्थली विद्यालय के निदेशक रवि रंजन ने पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस टीम का स्वागत किया तथा बिहार सरकार और पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विशेषकर बालिकाओं को सामाजिक एवं व्यक्तिगत स्तर पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं।

## शिक्षक राष्ट्र के चरित्र और भविष्य के निर्माता : डॉ. प्रेम कुमार

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर देश एवं प्रदेश के सभी शिक्षकों, शिक्षिकाओं और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान नहीं करते, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, संस्कार, चरित्र और भविष्य का निर्माण करते हैं। वे अपने मार्गदर्शन से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नैतिकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित कर उन्हें बेहतर नागरिक बनने की दिशा देते हैं। तकनीकी और डिजिटल युग में शिक्षा के स्वरूप में तेजी से बदलाव हो रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल माध्यम ज्ञान के नए अवसर उपलब्ध करा रहे हैं, लेकिन शिक्षक के मानवीय मार्गदर्शन, संवेदना और संस्कार का स्थान कोई तकनीक नहीं ले सकती। डॉ० कुमार ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री हासिल करना नहीं, बल्कि ज्ञान, कौशल, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नैतिक मूल्यों और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। शिक्षकों को सम्मान, बेहतर कार्य-परिस्थितियाँ और निरंतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आवश्यक है। शिक्षित बिहार ही विकसित बिहार और सशक्त भारत की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने सभी शिक्षकों के योगदान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके प्रति सम्मान प्रकट किया और कहा कि आने वाली पीढ़ियों को ज्ञानवान, संस्कारवान और आत्मनिर्भर बनाने में उनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रहेगी।

## पूर्व मध्य रेल में स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत मुख्यालय हाजीपुर में स्वच्छता शपथ एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल में 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किए जा रहे ह्यस्वच्छता पखवाड़ा-2026 के क्रम में मुख्यालय हाजीपुर में स्वच्छता शपथ एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

स्वच्छ रेल-स्वच्छ परिसर-स्वच्छ पर्यावरण के उद्देश्य से महाप्रबंधक श्री डिम्पी गर्ग द्वारा अधिकारियों के साथ मुख्यालय हाजीपुर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने हरित एवं स्वच्छ रेल परिसर के निर्माण तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल दिया। इसके पूर्व अपर महाप्रबंधक श्री अमरेन्द्र कुमार द्वारा मुख्यालय हाजीपुर के प्रांगण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई।



इस अवसर पर स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने, सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया गया। पूर्व मध्य रेल द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के दौरान पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों के विभिन्न स्टेशनों, कार्यालयों, रेलवे कॉलोनियों एवं अन्य रेल परिसरों में स्वच्छता, जन-जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## एनएच-30 पर बांस की घेराबंदी कर दोपहिया वाहनों का आवागमन रोका

- आवागमन बाधित होने से लोगों में आक्रोश हुआ उत्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता



दनियावां। एनएच-30ए दनियावां-फतुहा मार्ग स्थित धोबा पुल पर सोमवार अपराह्न करीब चार बजे बांस की घेराबंदी कर दोपहिया वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई। आवागमन बाधित होने से लोगों में आक्रोश उत्पन्न हो गया।

लोगों के विरोध को देखते हुए कार्य कर रहे श्रमिकों ने बांस की घेराबंदी ऊपर उठाकर दोपहिया वाहनों को आवागमन की अनुमति दी। इधर, आसपास के क्षेत्रों के निवासियों में वैकल्पिक मार्ग या डायवर्जन की व्यवस्था किए बिना आवागमन रोकने को लेकर आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि दुगार्पूजा, दीपावली और छठ जैसे महापर्व के अवसर पर प्रदेश के बाहर रहने वाले लोगों के बड़ी संख्या में क्षेत्र में आने की संभावना है।

ऐसे में ग्रामीणों ने प्रशासन से आवागमन को सुचारु बनाए रखने के लिए पहले से वैकल्पिक मार्ग या डायवर्जन की व्यवस्था करने की अपील की है।

## बिहार में अवैध एम्बुलेंस सिंडिकेट पर सरकार सख्त मनमानी वसूली और अवैध पार्किंग पर लगेगी लगाम

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने और आम नागरिकों को सहज व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने निजी एम्बुलेंस के संचालन में हो रही गंभीर अनियमितताओं पर सख्त रुख अख्तियार किया है। स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने प्रदेश के सभी जिलों के असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को पत्र जारी कर निजी एम्बुलेंस सिंडिकेट और अवैध संचालन पर लगाम लगाने के लिए व्यापक दिशानिर्देश दिए हैं।

अस्पतालों के बाहर अवैध कब्जा और मनमानी वसूलीः विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि राज्य के बड़े अस्पतालों के अंदर और बाहर निजी एम्बुलेंस चालकों का अवैध कब्जा रहता है। मरीज या उनके परिजनों द्वारा अनुरोध करने के बावजूद इन चालकों द्वारा मरीजों को सरकारी अस्पतालों में नहीं पहुंचने दिया जाता है। इसके अलावा, वेंटिलेटर युक्त एम्बुलेंस में प्रशिक्षित तकनीशियन के न होने के बावजूद मरीजों से मनमाना और अतिरिक्त किराया वसूला जा रहा है। कई मामलों में मरीजों के स्पष्ट मना करने के बावजूद उन्हें जानबूझकर कमीशनखोरी के चक्कर में कुछ चुनिंदा निजी अस्पतालों में भर्ती करा दिया जाता है, जो सीधे तौर पर मरीजों की जान से खिलवाड़ है।

परिवहन विभाग से समन्वय और निगरानी की तैयारीः इन तमाम अनियमितताओं और समस्याओं को रोकने तथा निजी एम्बुलेंस के संचालन को सुव्यवस्थित रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाने का निर्देश दिया है।सबसे पहले परिवहन विभाग से समन्वय स्थापित कर जिले में संचालित सभी निजी एम्बुलेंस की सूची तैयार की जाएगी ताकि उनके परिचालन पर कड़ी निगरानी रखी जा सके।

अवैध पार्किंग और दलालों पर कसेगा शिकंजाः सरकारी अस्पतालों के परिसरों, मुख्य द्वारों तथा आसपास की सड़कों पर निजी एम्बुलेंस के अवैध पड़ाव (पार्किंग) पर पूरी तरह रोक लगाई जाएगी। मरीजों पर निजी एम्बुलेंस का उपयोग करने का दबाव बनाने वाले व्यक्तियों या कर्मियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई के साथ-साथ कड़ी कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

मानक किराया निर्धारण और चिकित्सा मानक अनिवार्यः मरीजों से मनमानी किराया वसूले जाने की घटना को नियंत्रित करने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर तथा सक्षम प्राधिकार के अनुमोदन के बाद निजी एम्बुलेंस हेतु दूरी एवं उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर मानक किराया निर्धारित कराया जाएगा। यह भी पूरी तरह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी निजी एम्बुलेंस में नियमानुसार कम से कम 01 आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियन के साथ ऑक्सीजन, जीवनरक्षक उपकरण और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध हों।

नियमित औचक जांच अभियान और प्रशासनिक हलचलः समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर निजी एम्बुलेंस की भौतिक अवस्था, चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, ईएमटी की उपलब्धता व योग्यता तथा चिकित्सा उपकरणों की कार्यशीलता की जांच की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग के इस सख्त आदेश के बाद जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और परिवहन विभाग के बीच समन्वय स्थापित कर संयुक्त कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी गई है। राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना द्वारा सभी जिलों से इस संबंध में की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है, जिसके आधार पर आगे की आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## कृषक संगोष्ठी में प्राकृतिक खेती एवं मृदा स्वास्थ्य पर हुई चर्चा




प्रात : किरण संवाददाता

दनियावां। स्थानीय प्रखंड कार्यालय भवन के सभागार में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय प्राकृतिक खेती एवं मृदा स्वास्थ्य तथा उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर केंद्रित था। कार्यक्रम में प्रखंड आत्मा अध्यक्ष विकेश कुमार, पूर्व आत्मा अध्यक्ष सुनील कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अश्वनी चंद्रवाल, पर्यवेक्षक मुकेश कुमार, पौधा संरक्षण विशेषज्ञ पंकज कुमार एवं प्रखंड तकनीकी प्रबंधक विक्रम कुमार ने किसानों को प्राकृतिक खेती के दौरान बीजामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र आदि के उपयोग के साथ मिट्टी की जांच एवं उर्वरकों के संतुलित उपयोग की जानकारी दी। मुकेश कुमार ने धान की फसल में होने वाले रोग एवं व्याधियों की समस्याओं तथा उनके समाधान के बारे में किसानों को विस्तार से बताया। इस मौके पर प्रखंड के सैकड़ों प्रगतिशील किसान, कृषि समन्वयक एवं किसान सलाहकार उपस्थित रहे। संगोष्ठी के दौरान खरीफ फसलों के बेहतर प्रबंधन पर चर्चा के साथ किसानों की समस्याएं भी सुनी गईं और पदाधिकारियों एवं प्रगतिशील किसानों द्वारा उनके समाधान के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अश्वनी कुमार चंद्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## पाटलिपुत्र-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट एक्सप्रेस का ठहराव

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी संख्या 12142/12141 पाटलिपुत्र-लोकमान्य तिलक-पाटलिपुत्र सुपरफास्ट एक्सप्रेस का दानापुर मंडल के गहमर स्टेशन पर दिनांक 06.10.2026 से 02 मिनट का प्रायोगिक तौर पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। दिनांक 06.10.2026 से गाड़ी संख्या 12142 पाटलिपुत्र-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट एक्सप्रेस 12.44 बजे गहमर स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 12.46 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । दिनांक 07.10.2026 से गाड़ी संख्या 12141 लोकमान्य तिलक-पाटलिपुत्र सुपरफास्ट एक्सप्रेस 01.20 बजे गहमर स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 01.22 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।गाड़ी संख्या 12141 लोकमान्य तिलक-पाटलिपुत्र सुपरफास्ट एक्सप्रेस का गहमर में ठहराव प्रदान किए जाने के फलस्वरूप इसका बक्सर में ठहराव समय में बदलाव किया गया है ।दिनांक 07.10.2026 से गाड़ी संख्या 12141 लोकमान्य तिलक-पाटलिपुत्र सुपरफास्ट एक्सप्रेस बक्सर में संशोधित समयानुसार 01.36/01.38 बजे रुकते हुए आगे प्रस्थान करेगी ।

## चंद्रदेव जी महाराज का 553 वां गुरुपर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत थाना पर स्थित बड़ी संगत में सोमवार को उदासीन संप्रदाय द्वारा श्री चंद्रदेव जी महाराज का 553 वां गुरुपर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूजा-अर्चना, यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही संगत परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। कार्यक्रम की शुरूआत ॐ चंद्राय नमः मंत्रोच्चार के साथ हुई। इससे पूर्व श्री चंद्रदेव जी महाराज की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार कर विधिवत पूजन किया गया। आचार्य वायुनंदन मिश्र के नेतृत्व में आचार्य गोपाल कुमार मिश्र, रामकुमार तिवारी, रोशन उपाध्याय समेत विद्वान ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना और यज्ञ संपन्न कराया। मुख्य यजमान महंथ बबन दास समेत



श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां दीं। महंथ बबन दास ने बताया कि गुरुपर्व उदासीन संप्रदाय का वार्षिक धार्मिक आयोजन है। इसमें बड़ी संख्या में संप्रदाय के श्रद्धालु, महिलाएं और गणमान्य लोग शामिल हुए।

## संगठन की सक्रियता से कलम की ताकत को जोड़ने की हुई पहल

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जाति से हट कर पत्रकारिता, लेखन और सामाजिक सरोकारों से जुड़े लोगों को एक मंच पर संगठित करने की दिशा में संघ कलमजीवी लगातार अपनी गतिविधियों को विस्तार देने की तैयारी में है। इसी क्रम में रविवार को पटना के रामनगरी मोड़ स्थित संघ के कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. प्रभात चंद्रा ने की। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, सदस्यता अभियान, प्रचार-प्रसार और सोशल मीडिया की सक्रियता सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने संघ कलमजीवी



की गतिविधियों को अधिक व्यवस्थित, प्रभावी और जनसरोकार से जोड़ने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। सदस्यों का मानना था कि किसी भी संगठन की मजबूती केवल उसके पदाधिकारियों या सदस्यों की संख्या से नहीं, बल्कि उसकी सक्रियता, आपसी समन्वय और समाज के बीच उसकी उपस्थिति से तय होती है। इसी उद्देश्य से बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के साथ-साथ गतिविधियों को सिलसिलेवार तरीके से संचालित करने पर चर्चा हुई। संगठन की सदस्यता बढ़ाने तथा अधिक से अधिक कलमजीवियों को इससे जोड़ने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में फेसबुक गतिविधियों को भी अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई। सदस्यों ने संगठन के कार्यक्रमों, सामाजिक गतिविधियों और आगामी आयोजनों को सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने के लिए नियमित पोस्ट किए जाने की आवश्यकता बताई। इसके साथ ही पोस्टर और बैनर के माध्यम से प्रचार-प्रसार को भी गति देने पर विचार हुआ। सदस्यों का मानना था कि आज के डिजिटल दौर में सोशल मीडिया जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों पर संगठन की पहचान को मजबूत करना भी है।

# बिहार विधान परिषद चुनाव: जदयू, भाजपा, राजद और कांग्रेस के कई प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

## पटना स्नातक से नीरज कुमार ने भरा नामांकन पत्र, जीत का किया दावा



प्रात: किरण संवाददाता

पटना। बिहार विधान परिषद की आठ शिक्षक और स्नातक निर्वाचन सीटों के चुनाव को लेकर सोमवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जदयू के नीरज कुमार ने नामांकन दाखिल किया। नीरज कुमार ने जीत का दावा किया है। जदयू के कई नेता अपना समर्थन देने वहां पहुंचे। इस मौके पर बिहार के मंत्री राम कृपाल यादव ने जीत की उम्मीद जताते हुए कहा कि नीरज कुमार को जनता का आशीर्वाद मिलेगा। राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने कहा, एनडीए के उम्मीदवार की जीत होगी, कोई कहीं भी जाए। बिहार के मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा, नीरज कुमार के नामांकन में मैं आया हूं। साथ ही नवल किशोर यादव का भी नामांकन हो रहा है। दोनों एनडीए के उम्मीदवार हैं। एक शिक्षक से हैं और एक स्नातक से हैं। पहले भी जीतते रहे हैं और आगे भी जीतते रहेंगे।

नीरज कुमार ने कहा कि जनता और कार्यकर्ता बल हैं। यही पूंजी है। भगवती का आशीर्वाद है, चुनाव हम जीते हैं और जीतेंगे। मुजफ्फरपुर में तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी अभिषेक झा ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर आयोजित आशीर्वाद सभा में एनडीए के कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। समर्थकों ने प्रत्याशी के पक्ष में एकजुटता का प्रदर्शन किया।

## भाजपा के नवल किशोर यादव, घनश्याम राय और सर्वेश कुमार ने दाखिल किया नामांकन



प्रात: किरण संवाददाता

पटना। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. नवल किशोर यादव, दरभंगा में दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी डॉ. घनश्याम राय और सर्वेश कुमार ने भी नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

**एनडीए एकजुट, महागठबंधन खंड-खंड :** संजय सरावगी ने कहा कि यदि एनडीए के सभी साथी एकजुट होकर चुनाव में कमर कस लें तो हमारे दोनों प्रत्याशियों को जीतने से कोई रोक नहीं सकता। बिहार और केंद्र में एनडीए की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया है।

उन्होंने कहा कि विधान परिषद में उनकी प्राथमिकता शिक्षक और स्नातक समाज की मजबूत और प्रभावी आवाज बनना होगी। शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, वेतन और पेंशन संबंधी समस्याओं, वित्तविहीन शिक्षकों के सम्मानजनक भविष्य तथा शिक्षा व्यवस्था में सुधार के मुद्दे प्रमुखता से उठाए जाएंगे।

## पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से राजद प्रत्याशी दिलीप कुमार ने किया नामांकन



प्रात: किरण संवाददाता

पटना। बिहार विधान परिषद के पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से राजद समर्थित उम्मीदवार दिलीप कुमार उर्फ दिलीप पटेल ने सोमवार को पटना आयुक्त कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद दिलीप पटेल ने पटेल सेवा संघ कार्यालय पहुंचकर सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

वहीं पटेल सेवा संघ में आयोजित नामांकन सभा में पटेल परिवार के रंजीत पटेल एवं राजेश रंजन के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए दिलीप पटेल ने कहा कि अगर चुनाव जीते हैं तो अपने निर्वाचन क्षेत्र के हर प्रखंड में स्नातक भवन तथा हर जिला में स्नातक रोजगार केंद्र की स्थापना करेंगे।

उन्होंने कहा युवाओं का विकास उनको सही समय पर रोजगार मिले उनको बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता मिले तथा विश्वविद्यालय में जो 3 साल की डिग्री 4 साल में मिल रही है इसको ससमय करना उनकी प्राथमिकता सूची में होगा। इस मौके पर नामांकन सभा में विधायक रामानंद यादव, कौशल यादव, पिंकी भारती, शक्ति यादव कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि रंजन, राजद जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक दीनानाथ यादव, अनिरुद्ध यादव, श्रवण कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे ।

## कांग्रेस के डॉ मदन मोहन झा, डॉ संजय यादव और डॉ असदुल्ला खान ने किया नामांकन



प्रात: किरण संवाददाता

पटना/दरभंगा। बिहार विधान परिषद चुनाव में बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व विधान परिषद में दल के नेता शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में दरभंगा से डॉ मदन मोहन झा और पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ संजय यादव, स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में पटना से डॉ असदुल्ला खान और दरभंगा से रजनीकांत पाठक ने कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार के रूप में नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा ने दरभंगा आयुक्त कार्यालय में नामांकन दाखिल किया। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से दरभंगा से रजनीकांत पाठक ने नामांकन किया। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से सेवादल के प्रदेश चेयरमैन डॉ संजय यादव ने गांधी मूर्ति गांधी मैदान से आयुक्त कार्यालय में नामांकन किया। वहीं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र पटना से डॉ असदुल्ला खान ने नामांकन किया। कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी मनोज कुमार जायसवाल 6 अक्टूबर को कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार के रूप में नामांकन करेंगे। नामांकन के बाद दोनों कांग्रेस प्रत्याशियों ने कहा कि स्नातक युवाओं के रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर अवसर के लिए आवाज बुलंद की जाएगी।

## कैलाशपति मिश्र के विचार और आदर्श नई पीढ़ी को देते रहेंगे दिशा : सरावगी



प्रात: किरण संवाददाता

पटना । बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र की जयंती को आगामी वर्ष से राजकीय समारोह के रूप में मनाए जाने के निर्णय का भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने स्वागत और प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय बिहार के महान संगठनकर्ता और राष्ट्रसेवक स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को सम्मान देने का यह कदम आने वाली पीढ़ियों को उनके संघर्ष, सेवा और समर्पण से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। संजय सरावगी ने स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र निर्माण, समाज सेवा और संगठन को मजबूत करने के लिए समर्पित कर दिया। उनका सार्वजनिक जीवन त्याग, अनुशासन, सादगी और वैचारिक प्रतिबद्धता का उदाहरण रहा है।

उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी संगठन के विस्तार और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा उनकी जयंती को राजकीय समारोह के रूप में मनाने की घोषणा उनके योगदान को सम्मान देने वाला सराहनीय कदम है। इससे समाज के विभिन्न वर्गों के बीच उनके विचारों और आदर्शों को व्यापक रूप से पहुंचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कैलाशपति मिश्र का जीवन हमेशा राष्ट्रहित, समाजहित और संगठनहित में कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा।

# गेंदा फूल की खेती से किसानों की आय बढ़ाने का लक्ष्य : विजय

- सरकार दे रही 40 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर तक का अनुदान

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। राज्य में गेंदा फूल की खेती को बढ़ावा देने के लिए उद्यान निदेशालय ने गेंदा फूल उत्पादन एवं प्रसंस्करण योजना शुरू की है। योजना के तहत किसानों को क्लस्टर आधारित खेती एवं प्रसंस्करण के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। एक क्लस्टर का क्षेत्रफल 25 हेक्टेयर होगा। इसमें रबी एवं खरीफ मौसम में गेंदा फूल की खेती कराई जाएगी। योजना के लिए आवेदन 15 सितंबर से शुरू हो चुका है और 31 दिसंबर 2026 तक किया जा सकता है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य में फूलों की खेती को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। गेंदा फूल उत्पादन एवं प्रसंस्करण योजना के माध्यम से किसानों को क्लस्टर आधारित खेती के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है।

### 40 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर तक अनुदान

उन्होंने बताया कि योजना के तहत गेंदा फूल की खेती के लिए 80 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की इकाई लागत निर्धारित की गई है। इस पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इस आधार पर किसान को अधिकतम 40 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर तक अनुदान मिल सकेगा। एक किसान न्यूनतम 0.1 हेक्टेयर और अधिकतम दो हेक्टेयर तक योजना का लाभ ले सकते है। योजना का लाभ लेने के लिए किसान को निर्धारित क्लस्टर में ही आवेदन करना होगा। किसान के पास गेंदा फूल की खेती के लिए भूमि उपलब्ध होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गेंदा फूल के परिवहन के लिए मालवाहक वाहन की खरीद पर भी अनुदान का प्रावधान है। वाहन की अधिकतम लागत 3.25 लाख रुपये मानी जाएगी। वास्तविक वाहन मूल्य या 3.25 लाख रुपये, जो भी कम हो, उस पर 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। मालवाहक वाहन का लाभ केवल गेंदा फूल की खेती करने वाले किसानों को मिलेगा।

इससे गेंदा फूल की खेती को संगठित रूप देने के साथ इसके परिवहन और विपणन को भी बढ़ावा मिलेगा। किसानों को योजना का लाभ लेकर फूलों की खेती को आय के अतिरिक्त स्रोत के रूप में अपनाना चाहिए।

## राजस्व न्यायालयों में ऑफलाइन काम नहीं होगा, शिकायत मिली तो होगी कार्रवाई: सचिव

- डीसीएलआर अपने अंचल में आने वाले प्रमुख मामलों का करें गहन अध्ययन

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने स्पष्ट किया है कि विभाग की ऑनलाइन व्यवस्था के बावजूद किसी भी स्तर पर ऑफलाइन कार्य स्वीकार नहीं किया जाएगा। राजस्व मामलों में ऑफलाइन प्रक्रिया अपनाए जाने की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारियों को कानून और नियमों की जानकारी के साथ विभाग की ऑनलाइन सेवाओं, डिजिटल रिकॉर्ड और डेटा संरचना की भी पूरी समझ होनी चाहिए। राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में सोमवार से नवपदस्थापित अपर समाहताओं एवं भूमि सुधार उप समाहताओं के लिए पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभिक सत्र को संबोधित करते हुए सचिव श्री सिंह ने अधिकारियों को राजस्व न्यायालयों के संचालन, आदेश पारित करने की प्रक्रिया, ऑनलाइन सेवाओं और अंचल स्तर पर कार्यों की निगरानी को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीसीएलआर का अधिकांश कार्य विभिन्न मामलों में आदेश पारित करने से संबंधित होता है। इसलिए अधिकारियों को अपने-अपने अंचलों में सबसे अधिक आने वाले मामलों का गहन अध्ययन करना चाहिए। किसी मामले में आदेश पारित करने से पहले यदि किसी बिंदु पर स्पष्टता की आवश्यकता हो तो वरीय अधिकारियों से सलाह लें। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व से संबंधित कानूनों और नियमों में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए नियमित अध्ययन और मेहनत करने की सलाह दी।

## बिहार में बहुजनों पर अत्याचार कतई बर्दाश्त नहीं : अनिल



- बहुजन शोषित समाज संघर्ष समिति का बिहार में विस्तार

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। बहुजन शोषित समाज संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार ने बिहार में संगठन के विस्तार की घोषणा करते हुए कहा कि समिति प्रदेश में बहुजन समाज की आवाज को मजबूती से उठाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि संगठन की प्रदेश एवं राष्ट्रीय कमिटी का गठन किया गया है और अब पूरे बिहार में संगठन का विस्तार पंचायत स्तर तक किया जाएगा।

अनिल कुमार ने कहा कि बहुजनों के साथ होने वाली असमानता, अत्याचार, अधिकारों के हनन, शिक्षा और रोजगार से जुड़े मुद्दों को संगठन प्रमुखता से उठाएगा। उन्होंने कहा कि मतदान के अधिकार से लेकर शिक्षा और रोजगार तक बहुजन समाज के सामने मौजूद समस्याओं को लेकर संगठन अपने पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ लगातार अभियान चलाएगा। अनिल कुमार ने कहा कि संगठन का उद्देश्य बिहार में जुल्म, जातीय भेदभाव और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाना है। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों का परिचय कराते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में पूर्व विधायक रामचंदर सिंह यादव, राष्ट्रीय महासचिव के रूप में कौशलेंद्र कुमार उर्फ छोटे मुखिया और राष्ट्रीय महासचिव के रूप में सुशील सिंह कुशवाहा के नाम का उल्लेख किया। प्रदेश कमिटी में संजय कुमार मंडल को प्रदेश अध्यक्ष तथा साजिद हुसैन को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने की जानकारी दी गई। बहुजन शोषित समाज संघर्ष समिति की नवगठित प्रदेश कमेटी की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार द्वारा की गई। नवगठित कमेटी में संजय कुमार मंडल को प्रदेश अध्यक्ष, जबकि साजिद हुसैन, बालेन्द्र दास और जीव्नेश्वर जिज्ञासु को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रदेश महासचिव के रूप में मंजू चौहान, पवन कुमार, संतोष पाल, धनजी पाल, सुधीर कुमार, कमलेश राव, संतोष यादव, छेदी लाल राम, रंजित राजभर, मिथिलेश कुमार, राजकुमार, अशोक मेहता, अभीलाल राम, राजेंद्र राम, मुकेश कुमार सुमन, विष्णु देव प्रसाद, श्रवण कुमार, सुरेन्द्र राम, दिनेश महेश्वरी, डॉ. मुन्ना कुशवाहा और जय प्रकाश राम को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, दीपक पटेल, रविरंजन कुमार, सलेन्द्र कुमार सुमन, रवि कुशवाहा, शिव बहादुर पटेल, रामू खरवारक्ष, अशोक चंद्रवंशी, पुन्केश कुमार राम और कंचन रवि को प्रदेश सचिव बनाया गया है।

## लोकतंत्र बचाने को लेकर इंडिया अलायंस करेगा चरणबद्ध आंदोलन : तेजस्वी

- पटना में महागठबंधन की बैठक में बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता का ऐलान

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता और राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने सोमवार को चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए इंडिया अलायंस मिलकर आंदोलन करेगा। पटना में विपक्षी दलों के महागठबंधन के घटक दलों की बैठक हुई, जिसमें आगे के आंदोलन और विरोध कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

तेजस्वी यादव ने महागठबंधन की संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया अलायंस की दिल्ली में हुई बैठक में 2 से 8 अक्टूबर तक ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम और प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद गठबंधन के नेताओं का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति से मिलने का प्रयास करेगा। चार-पांच प्रमुख स्थानों पर बड़ी जनसभाएं और रैलियां आयोजित करने की भी योजना है। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि बिहार से ही कथित चुनावी धांधली की शुरूआत हुई। चुनाव के दौरान कथित तौर पर पैसे बांटे गए और लोगों के खातों में राशि भेजी गई, लेकिन चुनाव आयोग ने इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की। इस प्रेस वार्ता में वीआईपी पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक मुकेश सहनी, सीपीआई (एमएल) के धीरेंद्र झा, आईपी पार्टी के अध्यक्ष आईपी गुप्ता, सीपीआई के सेक्रेटरी रामनरेश पांडे, सीपीआई (एम) के विधायक अजय कुमार और कांग्रेस पार्टी से कपिल देव प्रसाद मौजूद रहे।

**7 अक्टूबर हर प्रखंड में आक्रोश मार्च:** तेजस्वी यादव ने बिहार में आंदोलन की घोषणा करते हुए कहा कि 7 अक्टूबर को इंडिया अलायंस के नेता और कार्यकर्ता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ हर प्रखंड में आक्रोश मार्च निकालेंगे। 8 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालयों पर धरना दिया जाएगा। पटना में विधायक, पूर्व विधायक, जनप्रतिनिधि, विधान पार्षद और वरिष्ठ नेता विधानसभा के पास से राजभवन तक मार्च करेंगे और राज्यपाल से मिलने का प्रयास करेंगे। तेजस्वी ने कहा कि इंडिया अलायंस की प्रस्तावित बड़ी रैलियों में से एक रैली पटना में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई सभी विपक्षी दल मिलकर लड़ेंगे।

## बिहार राज्य भवन निर्माण निगम ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये सौंपा 10 करोड़ का चेक




प्रात: किरण संवाददाता

पटना। बिहार में आई बाढ़ के मद्देनजर प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड ने 10 करोड़ रुपए का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में सौंपा। मुख्यमंत्री ने इस सहयोग के लिये बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह राशि राज्य में आपदा एवं कठिन परिस्थितियों के समय जरूरतमंद लोगों की मदद में काम आएगी। इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री लेशी सिंह, भवन निर्माण विभाग के सचिव प्रणव कुमार, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार उपस्थित थे।

## बिहार की आवासीय उपलब्धि को मिली राष्ट्रीय पहचान : मंत्री



प्रात: किरण संवाददाता

पटना। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी पीएमएवाई-यू 2.0 के प्रभावी एवं उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए बिहार को दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त होना राज्य के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान बिहार में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के सफल क्रियान्वयन, आवास निर्माण की तेज गति तथा पात्र लाभार्थियों तक योजना का लाभ प्रभावी रूप से पहुँचाने के राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि विश्व पर्यावास दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से बिहार को दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। नीतीश मिश्रा ने बताया कि पहला–सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला राज्य पुरस्कार: पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की तुलना में सर्वाधिक आवासों की ग्राउंडिंग सुनिश्चित करने के लिए बिहार को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में सम्मानित किया गया। दूसरा–बड़े राज्यों की श्रेणी में विशेष मान्यता पुरस्कार: पीएमएवाई-यू 2.0 के निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध सर्वाधिक प्रतिशत आवास स्वीकृत करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बिहार को विशेष मान्यता पुरस्कार प्रदान किया गया है। मंत्री ने कहा कि ये दोनों राष्ट्रीय पुरस्कार बिहार के शहरी क्षेत्रों में आवास निर्माण की गति और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करते हैं।

# दुर्गा पूजा और दशहरा पर सुरक्षा का अभेद्य चक्र : हुड़दंगियों पर होगी सख्त कार्रवाई

### मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत एवं पुलिस महानिदेशक प्रीता वर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। आगामी दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व के मद्देनजर राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत एवं पुलिस महानिदेशक प्रीता वर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रमंडलीय आयुक्तों, जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षक शामिल थे। यहां मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने निर्देश दिया कि महिला एवं बाल सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को माफ नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने पूरे राज्य में डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने का कड़ा निर्देश दिया है। बैठक के दौरान गृह विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने 11 से 20 अक्टूबर के दौरान राज्य के सभी 40 जिलों (38 प्रशासनिक एवं 2 पुलिस जिलों) के लिए विशेष प्रशासनिक व सुरक्षा दिशा-निर्देश जारी किए गए है। श्री कुमार ने कहा कि यह त्योहारों के सीजन की शुरूआत शांतिपूर्ण होगी, तो आगे के सभी त्योहार भी शांति और सुरक्षा के साथ संपन्न होंगे।

**संवेदनशील स्थानों पर मौजूद रहेगी पुलिस:** पुलिस महानिदेशक ने पुलिस की दृश्यता बढ़ाने पर जोर देते हुए सभी पुलिस अधीक्षकों को उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करने और रणनीतिक व प्रमुख संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शांति समितियों की बैठकों में हर उम्र के लोगों को शामिल किया जाए। उन्होंने सभी स्तरों पर पुलिस कर्मियों की व्यापक ब्रीफिंग सुनिश्चित करने, जिला अग्निशमन अधिकारियों की ओर से बड़े पूजा पंडालों का अनिवार्य फायर ऑडिट कराने तथा सोशल मीडिया की कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिए है। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में रहेगी।

### सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जाए

महानिदेशक (अभियान एवं विशेष शाखा) श्री कुंदन कृष्णन ने मूर्ति विसर्जन और विसर्जन जुलूसों की सुरक्षा को लेकर कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जाए और जिला नियंत्रण कक्षों का समय-समय पर औचक निरीक्षण किया जाए। सभी अधिकारी व जवान अपने ड्यूटी स्थलों पर सजगता से मुस्तैद रहें।

- सोशल मीडिया एवं सख्त कानूनी कार्रवाई: सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से धर्म, जाति या भाषा के आधार पर नफरत या अफवाह फैलाने वालों और धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं के तहत कठोरतम निष्पक्ष कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एनडीए प्रत्याशियों की जीत के लिए पूरी ताकत से जुटें कार्यकर्ता : संजय सरावगी

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा । विधान परिषद चुनाव को लेकर सोमवार को दरभंगा में एनडीए समर्थित प्रत्याशी सर्वेश सिंह एवं डॉ. घनश्याम राय ने नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर आयोजित नामांकन सह आशीर्वाद सभा में बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी समेत एनडीए के घटक दलों के नेता, विधायक, विधान पार्षद एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने दोनों प्रत्याशियों की जीत के लिए एनडीए कार्यकर्ताओं से पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में जुटने का आह्वान किया। संजय सरावगी ने कहा कि एनडीए के सभी साथी एकजुट होकर चुनाव में कमर कस लें तो दोनों प्रत्याशियों को जीतने से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि बिहार और केंद्र में एनडीए की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिला, युवा, किसान, गरीब, श्रमिक सहित समाज के सभी वर्गों के लिए काम किया है। ईडब्ल्यूएस आरक्षण का उल्लेख करते हुए उन्होंने



कहा कि इसके माध्यम से लाखों परिवारों के बच्चों को उच्च शिक्षण संस्थानों एवं मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश का अवसर मिला तथा सरकारी नौकरियों में भी लाभ पहुंचा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सुशासन से समृद्धि की ओर बढ़ने का काम हो रहा है। सरकार प्रत्येक प्रखंड में सरस्वती विद्या निकेतन और मॉडल स्कूल की दिशा में कार्य कर रही है। 700 विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए नीट कोचिंग की व्यवस्था की जा रही है। वहीं जिन प्रखंडों में डिग्री कॉलेज नहीं थे, वहां 211 डिग्री कॉलेज खोलने का निर्णय लिया गया है और पढ़ाई भी शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि वित्त रहित संस्थानों के लिए वेतनमान, पटना में माता सीता विश्वविद्यालय, बेगूसराय में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के नाम पर विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर में शहीद जुब्बा सहनी विश्वविद्यालय एवं शिक्षण प्रशिक्षण विश्वविद्यालय सहित कई शैक्षणिक पहल सरकार की प्राथमिकताओं को दर्शाती हैं। संजय सरावगी ने कहा कि चुनाव में अब बहुत कम समय बचा है। कार्यकर्ता पंचायत, गांव, प्रखंड एवं विधानसभा स्तर पर मतदाताओं तथा शिक्षकों से संपर्क कर एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में प्रथम वरीयता का मत देने की अपील करें। उन्होंने कहा कि एनडीए पूरी तरह एकजुट है, जबकि महागठबंधन खंडित है। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य सह जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, बिहार सरकार के मंत्री मदन सहनी, रामचंद्र प्रसाद, श्रीमती शीला मंडल, दरभंगा सांसद गोपाल जी ठाकुर, राज्यसभा सांसद श्रीमती धर्मशीला गुप्ता, मधुबनी सांसद अशोक यादव, पूर्व मंत्री जीवेश कुमार, पूर्व विधान पार्षद दिलीप चौधरी, विधायक विनोद नारायण झा, सुजीत पासवान, प्रोफ़ेसर विनय चौधरी, डॉ मुरारी मोहन झा, सुजीत सिंह, वीरेन्द्र पासवान, तरूण चौधरी, धनश्याम ठाकुर, हरिभूषण ठाकुर बचौल सहित एनडीए के अन्य विधायकगण एवं विभिन्न दलों के जिला अध्यक्षगण सहित वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से आनंद पुष्कर ने दाखिल किया नामांकन, एनडीए नेताओं ने दिखाई एकजुटता

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित जनता दल (यू) प्रत्याशी ई. आनंद पुष्कर ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के अवसर पर एनडीए के वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों की मौजूदगी में शक्ति प्रदर्शन देखने को मिला। नामांकन से पूर्व शहर के सिटी गार्डन में एक चुनावी सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समर्थक एवं शिक्षक प्रतिनिधि शामिल हुए। सभा के दौरान एनडीए नेताओं ने एकजुटता प्रदर्शित करते हुए ई. आनंद पुष्कर के समर्थन में मतदान की अपील की और उन्हें शिक्षकों की आवाज के रूप में विधान परिषद में भेजने का आह्वान किया। चुनावी सभा की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद सिंह विकल ने की। सभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार ने शिक्षकों के हित में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने तथा शिक्षकों से जुड़े विषयों के समाधान के लिए सरकार लगातार प्रयासरत रही है। उन्होंने शिक्षकों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि भविष्य में भी शिक्षक हित से जुड़े आवश्यक कदम उठाए जाते रहेंगे। उपमुख्यमंत्री ने शिक्षकों से ई. आनंद पुष्कर के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें विधान परिषद में भेजे जाने से शिक्षकों से जुड़े मुद्दों को सदन में प्रभावी ढंग से उठाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं, उनकी अपेक्षाओं और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विषयों को मजबूती से सदन तक पहुंचाने के लिए एक सक्रिय प्रतिनिधि की आवश्यकता है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने भी सभा को संबोधित करते हुए राज्य सरकार द्वारा शिक्षा एवं शिक्षक हित में किए गए कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और शिक्षकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सरकार की ओर से लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी इस दिशा में प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने शिक्षकों से एनडीए प्रत्याशी ई. आनंद पुष्कर को समर्थन देने की अपील की। मंत्री श्रवण कुमार ने ई. आनंद पुष्कर के समर्थन में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एनडीए पूरी एकजुटता के साथ चुनाव मैदान में है और पार्टी के सभी घटक दलों के नेता एवं कार्यकर्ता प्रत्याशी के समर्थन में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। नामांकन सभा को संबोधित करते हुए ई. आनंद पुष्कर ने अपने पिता एवं पूर्व विधान पार्षद स्व. केदारनाथ पाण्डेय को याद करते हुए शिक्षक हित में उनके द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने शिक्षकों की समस्याओं और अधिकारों को सदन में मजबूती से उठाने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का आशीर्वाद एवं समर्थन मिलने पर वे भी उसी प्रतिबद्धता के साथ विधान परिषद में शिक्षकों की आवाज को प्रमुखता से उठाने का प्रयास करेंगे। ई. आनंद पुष्कर ने कहा कि शिक्षक समाज से जुड़ी समस्याओं को केवल चुनाव के समय उठाने के बजाय उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक है।

## संक्षिप्त खबरें

### लहेरियासराय में जोगबनी-द दानापुर इंटरसिटी का ठहराव शुरू

दरभंगा। लहेरियासराय स्टेशन पर रविवार से जोगबनी-द दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव शुरू हो गया। सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता एवं रेलवे अधिकारियों की मौजूदगी में प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर ठहराव की शुरूआत की। सांसद ने कहा कि ट्रेन के ठहराव से लहेरियासराय सहित दरभंगा के दक्षिणी एवं पूर्वी क्षेत्रों के लोगों को पटना, अररिया और सुपौल की यात्रा में सुविधा होगी। इससे समय और संसाधन की बचत होगी। उन्होंने बताया कि लंबे समय से इस ठहराव की मांग की जा रही थी, जिसे रेल मंत्री एवं रेलवे बोर्ड के समक्ष उठाया गया था। राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी। मौके पर भाजपा के कई नेता, कार्यकर्ता एवं रेलवे अधिकारी मौजूद थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी

मनीगाछी(दरभंगा) ।राज्य सरकार के निदेर्शानुसार प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में 6 से 8 अक्टूबर तक सेवा सेतु शिविर-सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बी डी ओ संदीप कुमार पाण्डेय ने बताया कि इसके लिए विभिन्न विभागों से संबंधित सामाजिक सुरक्षा, आयुष्यान भारत, पी एम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना,राशन कार्ड,स्वच्छता,मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना सहित अन्य विभागों के 18 काउंटर बनाए गए हैं। इन काउंटरों पर संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है ।आवेदक अपनी समस्याओं से जुड़े आवेदन इन काउंटरों पर जमा करेंगे।

### आभा कार्ड निर्माण में मधुबनी को राज्य में दूसरा स्थान

मधुबनी जिले में अब तक 26.82 लाख से अधिक आभा आईडी बनीं आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत जिले में डिजिटल स्वास्थ्य पहचान बनाने का अभियान तेज किया गया है। जिले में अब तक 26,82,968 आभा आईडी बनाई जा चुकी हैं। सोमवार को 740 नए आभा कार्ड बनाए गए, जिसके आधार पर जिले ने राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया। जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों को सक्रियता से कार्य करने तथा अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग का निर्देश दिया है। आशा कार्यकताओं द्वारा घर-घर जाकर एम-आशा ऐप के माध्यम से आभा आईडी बनाई जा रही है। स्वास्थ्य शिविरों सहित स्कूल, कॉलेज, आंगनबाड़ी एवं अन्य स्थानों पर भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है ।आभा आईडी को मरीजों के डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड से जोड़ने पर भी जोर दिया जा रहा है, जिससे भविष्य में इलाज के दौरान पुराने पर्चे और जांच रिपोर्ट साथ रखने की परेशानी कम होगी।

## दिन का तापमान 33.4 डिग्री, रात में गिरावट

मुजफ्फरपुर। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र की ओर से 5 अक्टूबर 2026 के मौसम का आंकड़ा जारी किया गया है। इसके अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.8 डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2.2 डिग्री कम है। मौसम केंद्र के अनुसार सुबह सात बजे सापेक्ष आर्द्रता 87 प्रतिशत और दोपहर दो बजे 69 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछले 24 घंटे के दौरान जिले में 0.0 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। इस दौरान वाष्पोत्सर्जन की दर 3.6 मिलीमीटर रही। हवा की औसत गति 5.4 किलोमीटर प्रति घंटा रही और हवा की दिशा पुरवा दर्ज की गई। तापमान में दिन और रात के बीच अंतर से सुबह-शाम हल्की ठंडक का अहसास हो रहा है, जबकि दिन में गर्मी बनी हुई है। मौसम के इस बदलाव का असर आम लोगों के साथ-साथ किसानों की गतिविधियों पर भी पड़ रहा है।

## सर्विस रिवॉल्वर से महिला सिपाही के पति को सिर में लगी गोली, हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रम. बिक्रम थाना में पदस्थापित 112 टीम की महिला कांस्टेबल श्रुति कुमारी के पति राज आर्या की सोमवार की शाम करीब 6:30 बजे सिर में गोली लगने से मौत हो गयी. घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी. घटना की सूचना मिलते ही बिक्रम थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से जख्मी राज आर्या को इलाज के लिए अस्पताल ले गयी, जहां करीब एक घंटे बाद उसकी मौत हो गयी. जानकारी के अनुसार महिला कांस्टेबल श्रुति कुमारी अपने पति राज आर्या के साथ बिक्रम स्थित त्रिभुवन लाइब्रेरी के समीप राम विनय शर्मा के मकान में किराये पर रहती थीं. सोमवार की शाम दोनों कमरे में मौजूद थे. इसी दौरान अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी. आवाज



सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो कमरे के अंदर राज आर्या खून से लथपथ हालत में पड़े मिले. पुलिस ने घटनास्थल से एक सरकारी रिवॉल्वर बरामद किया है. कमरे के अंदर चारों तरफ खून बिखरा हुआ था. घटना के बाद पुलिस ने कमरे को सुरक्षित कर जांच शुरू कर दी है. आसपास के लोगों ने बताया कि पति-पत्नी के बीच किसी मामले को लेकर कुछ दिनों से खटास होने की चर्चा थी. हालांकि गोली कैसे चली और घटना के पीछे वास्तविक कारण क्या है, इसका खुलासा पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा. घटना की सूचना पर डीएसपी पंकज कुमार, अंचल पुलिस निरीक्षक चंद्रिका प्रसाद, एसआई गुड़िया कुमारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच कर छानबीन में जुटे. घटनास्थल पर महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गयी है. पुलिस फॉरेंसिक टीम के आने का इंतजार कर रही है. टीम के पहुंचने के बाद घटनास्थल से साक्ष्य जुटाये जायेंगे. बताया जाता है कि मृतक राज आर्या मूल रूप से भागलपुर जिले के सुल्तानगंज के रहने वाले थे. महिला कांस्टेबल श्रुति कुमारी पिछले करीब एक वर्ष से बिक्रम में पदस्थापित थीं. पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## दरभंगा की पूर्व महापौर मुन्नी देवी का निधन समाज व राजनीतिक जगत में शोक की लहर

- पूर्व मेयर का देहावसान पर राष्ट्रीय सूड़ी महासभा पटना ने जताया शोक

दरभंगा/पटना। दरभंगा नगर निगम की पूर्व महापौर मुन्नी देवी का सोमवार की सुबह अत्यंत दुखद निधन हो गया। वे बीते लंबे समय से गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं और पटना के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। चिकित्सकों के अथक प्रयासों के बावजूद उनके स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो सका और अंततः सोमवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके देहावसान की खबर मिलते ही समूचे दरभंगा सहित प्रदेश के सामाजिक एवं राजनीतिक गलियारों में शोक की गहरी लहर दौड़ गई है। जनसेवा को समर्पित रहा संपूर्ण जीवन मूल रूप से लहेरियासराय के बाकरगंज (अभंडा) की निवासिनी मुन्नी देवी जी ने स्थानीय जननिगम और जनसेवा में बेहद सक्रिय व स्मरणीय भूमिका निभाई। दरभंगा नगर निगम की महापौर का पदभार




संभालने से पूर्व वे वार्ड पार्षद के रूप में भी जनता के सुख-दुख में हमेशा भागीदार रहीं। बाकरगंज सहित पूरे शहर के विकास और जन-कल्याण के लिए किए गए उनके कार्य सदैव याद किए जाएंगे। उनके निधन से क्षेत्र ने एक सहृदय, जनप्रिय और समर्पित नेत्री को खो दिया है। विभिन्न संगठनों एवं गणमान्य लोगों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि मुन्नी देवी के असामयिक निधन पर परिजनों, प्रशंसकों और समर्थकों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनके देहांत पर गहरा दुख प्रकट करते हुए राष्ट्रीय सूड़ी महासभा के संयोजक प्रह्लाद पूर्वे ने इसे समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। संगठन के संरक्षक सुमन कुमार महासेठ, सह-संयोजक अनिल वैद्य, दिगंबर मंडल, आलोक अंजन, सुनील नायक, कोषाध्यक्ष अजय महतो, प्रदेश कार्यालय प्रभारी राजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी अभय आर्या सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भी गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। दरभंगा जिले के बागमती नदी स्थित प्रसिद्ध एकमी घाट पर अंतिम संस्कार कल प्रातः 8:00 बजे संपन्न किया जाएगा। पारिवारिक सदस्यों एवं परिजनों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सभी संबंधित रिश्तेदारों, शुभचिंतकों एवं गणमान्य व्यक्तियों से अनुरोध किया गया है कि वे ससमय पहुँचकर दिवंगत आत्मा को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करें। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार एवं समर्थकों को यह असह्य दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## ज्योतिषरतन डॉ. गौतम ऋषि को मिला इंटरनेशनल लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी ज्योतिष के क्षेत्र में दीर्घकालीन शोध, साधना, ज्ञान-प्रसार एवं सामाजिक योगदान के लिए भोपाल में हुआ सम्मान अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ज्योतिषाचार्य एवं ज्योतिषरतन डॉ. गौतम ऋषि को ज्योतिष के क्षेत्र में दीर्घकालीन शोध, साधना, ज्ञान-प्रसार एवं सामाजिक योगदान के लिए प्रतिष्ठित इंटरनेशनल लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। भोपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महोत्सव एवं देवज्ञ सम्मान समारोह-2026 में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।3 एवं 4 अक्टूबर को रत्नवाला हॉल, मालवीय नगर, भोपाल में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन जीवन रेखा ज्योतिष शोध केन्द्र, भोपाल के तत्वावधान में केन्द्र के अध्यक्ष एवं राज



ज्योतिषी कृपा राम उपाध्याय द्वारा अपने पिता स्वर्गीय पंडित मनीराम उपाध्याय की पुण्य स्मृति में किया गया।समारोह में डॉ. गौतम ऋषि के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्योतिष के प्रचार-प्रसार, शोध, प्रशिक्षण, मार्गदर्शन तथा समाजहित में किए जा रहे कार्यों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। ज्योतिष को भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्वपूर्ण अंग के रूप में आगे बढ़ाने तथा शोध एवं अध्ययन के माध्यम से नई पीढ़ी तक पहुंचाने में उनके योगदान की सराहना की गई ।डॉ. गौतम ऋषि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भी उपस्थित रहे। देश-विदेश से पहुंचे ज्योतिषाचार्यो, आध्यात्मिक विद्वानो एवं विभिन्न विधाओं से जुड़े साधको ने उन्हे सम्मान मिलने पर शुभकामनाएं दी ।समारोह के दौरान ज्योतिष, आध्यात्म, वास्तु, अंकशास्त्र, हस्तरेखा, कर्मकांड, तंत्र-मंत्र-यंत्र, टेरो एवं हीलिंग सहित विभिन्न विधाओं से जुड़े 151 चयनित विद्वानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कथा वाचक शैलेन्द्र कृष्णा, एस्ट्रो गुरु एच.एस. रावत, स्वामी सहजानंद, एस्ट्रो मानवेन्द्र, एस्ट्रो राजेश शर्मा सहित कई विद्वान एवं गणमान्यजन मौजूद रहे ।डॉ. गौतम ऋषि को मिला यह सम्मान उनके वर्षों के ज्योतिषीय शोध, ज्ञान-साधना, समाजसेवा तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्योतिष जगत में दिए गए योगदान के प्रति सम्मान की महत्वपूर्ण अभिव्यक्ति माना गया।

## सीए आदित्य झा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में दाखिल किया नामांकन

दरभंगा। दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सीए आदित्य झा ने सोमवार को प्रमंडलीय आयुक्त के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन से पूर्व उन्होंने अपने पैतृक निवास श्रीपुर गाहर में इष्टदेव का आशीर्वाद लिया और ठाकुरबाड़ी में पूजा-अर्चना की। इसके बाद दरभंगा के मनोकामना मंदिर पहुंचकर हनुमानजी का दर्शन किया। पंडित गिरिधर गोपाल के नेतृत्व में पंडितों ने वैदिक एवं लौकिक मंत्रोच्चार के साथ उनकी विजय की कामना की। बाद में माधवेश्वर परिसर स्थित मां श्यामा मंदिर में सपत्नीक पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया से बातचीत में सीए आदित्य झा ने कहा कि युवा स्नातकों के लिए रोजगार का अवसर उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है। उन्होंने विद्यालयी शिक्षकों के लिए सप्तम वेतनमान के साथ पुरानी पेंशन योजना लागू कराने की दिशा में सार्थक प्रयास करने का भी संकल्प व्यक्त किया। नामांकन के बाद समर्थकों की भीड़ सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए विजय लाल देव ने कहा कि भले ही उनकी पार्टी उनसे नाराज हो जाए, लेकिन वे आदित्य झा का समर्थन करते रहेंगे। गोपाल झा ने कहा कि ह्लजमाना उसी के साथ होता है, जिसके पास जनसमर्थन होता है ह्व हेमंत चौधरी ने चुनाव पूरी शिद्दत से लड़कर जीत हासिल करने का दावा किया। अधिवक्ता मृत्युंजय मृणाल ने कहा कि दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक मतदाता को आदित्य झा बनकर चुनावी संग्राम में उतरना होगा। उज्ज्वल कुमार के संचालन में हुई सभा को शशि सिंह, सौरभ ओझा, चंदन झा, कुंदन झा, रामकिशोर सिंह सहित अन्य समर्थकों ने संबोधित किया।

## सेवा-संवाद-समाधान के तहत डीएम ने सुनी आमजनों की शिकायतें



मधुबनी सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत सोमवार को समाहरणालय में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने आमजनों की समस्याएं सुनीं। विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, अतिक्रमण, रास्ता अवरुद्ध करने सहित अन्य समस्याओं से संबंधित कुल 18 आवेदन दिए ।डीएम ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों की जांच कर नियमानुसार एवं समयबद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है ।कार्यक्रम के तहत अधिकारियों ने भी अपने-अपने कक्ष में लोगों की शिकायतें सुनीं। बताया गया कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर ह्लसहयोग शिविरह्व आयोजित किया जाता है। आमजन घर बैठे आरटीएमएस सहयोग शिविर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## पप्पू कमती हत्याकांड में दो अभियुक्त दोषी करार, 14 अक्टूबर को सजा पर सुनवाई

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा.सिविल कोर्ट दरभंगा के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश उपेंद्र कुमार की अदालत ने मानव हत्या की जूर्म में दो अभियुक्तों को दोषी करार दिया है ।कोर्ट ने सोमवार को सकतपुर थानाकांड सं. 32/22 से बने सत्रवाद सं. 611/22 की सूनवाई पुरी कर 32 वर्षीय पप्पू कमती को छुड़ा मारकर निर्मम हत्या के आरोप में सकतपुर थानाक्षेत्र के उजान गढ़टोल गांव के श्रीकांत कमती उर्फ हरखित का पुत्र दीपक कमती और कुशेश्वर कमती का पुत्र गंगा कमती को भादवि की धारा 302/34 में दोषी करार दिया है ।कोर्ट ने दोषसिद्ध दोनो जूर्मियों का सजा अवधि निर्धारण के बिन्दु पर सूनवाई और निर्णय के लिये 14 अक्टूबर की तिथि निर्धारित किया है ।लोक अभियोजक अमरेंद्र नारायण झा ने बताया कि दोनो अभियुक्तों ने 12 मई 2022को सुबह के 03 बजे उजान गढ़टोल निवासी प्रभु कमती के पुत्र पप्पू कमती को आंगन में घुसकर छुड़ा मारकर हत्या कर दिया था ।जिसकी प्राथमिकी सकतपुर थाना में मृतक के पिता प्रभु ने दर्ज कराया था ।आरोप पत्र पश्चात न्यायालय में दोनो अभियुक्त के खिलाफ 23 दिसंबर 22 को आरोप गठन किया गया ।बिचारण के दौरान अभियोजन पक्ष से न्यायालय में आइओ,डाक्टर समेत कूल दस गवाहों की गवाही कराई गई ।हत्याभियुक्त घटना समय से हीं जेल में है ।अब लोगों की निगाहें न्यायालय से आगामी 14 अक्टूबर को दोनो जूर्मियों को मिलने वाली सजा पर टिक गई है।

## पद्मश्री पं. रामचतुर मल्लिक की 124वीं जयंती पर ध्रुपद परंपरा को किया नमन

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय संगीत एवं नाट्य विभाग, ललित कला संकाय में सोमवार को पद्मश्री पंडित रामचतुर मल्लिक चेयर के अंतर्गत महान ध्रुपद गायक पद्मश्री पंडित रामचतुर मल्लिक की 124वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर शास्त्रीय संगीत की समृद्ध ध्रुपद परंपरा को स्मरण करते हुए महान कलाकार को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष सह संकायाध्यक्ष प्रो. लावण्य कीर्ति सिंह ह्लकाव्याह्व, विभाग के शिक्षकों एवं विशिष्ट अतिथि पं. संगीत मल्लिक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रो. सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए पंडित रामचतुर मल्लिक के संगीत योगदान और ध्रुपद परंपरा में उनके महत्वपूर्ण स्थान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महान कलाकारों की साधना और उनकी संगीत विरासत नई पीढ़ी के कलाकारों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। समारोह में पंडित रामचतुर मल्लिक के प्रपौत्र पं. संगीत मल्लिक ने मनोहारी ध्रुपद गायन प्रस्तुत किया। उन्होंने राग भीमपलासी में नोम-तोम के आलाप के साथ ध्रुपद की प्रस्तुति दी। इसके बाद सूलताल में ह्लशंभू हर हर गंगाधरह्व की प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी गायकी में ध्रुपद की गंभीरता, शास्त्रीयता और पारंपरिक शैली की प्रभावी झलक देखने को मिली। प्रो पुष्कर आनंद के मार्गदर्शन में संगीत विभाग की छात्राओं ने राग भैरव में ध्रुपद गायन प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों ने समारोह को गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम ने ध्रुपद की समृद्ध परंपरा को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। मौके पर सहायक प्रोफेसर डॉ. पुष्कर कुमार झा, डॉ. अभिषेक स्मिथ, रविंद्र कुमार सिंह सहित विभाग के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। समारोह के माध्यम से पंडित रामचतुर मल्लिक की संगीत साधना, विरासत और ध्रुपद परंपरा में उनके अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## तेज रफ्तार तेल टैंकर ने कंस्ट्रक्शन कर्मी को कुचला, मौत

मुजफ्फरपुर। अहियापुर थाना क्षेत्र के बैरिया में रविवार की शाम तेज रफ्तार तेल टैंकर की चपेट में आने से कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान क्षेत्र के लखनपुर निवासी अजीत ठाकुर के रूप में हुई है। वह फिलहाल शहबाजपुर में घर बनाकर रह रहे थे और एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करते थे। बताया गया कि अजीत ठाकुर रविवार की शाम काम खत्म करने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान बैरिया में सड़क पार करने के क्रम में तेज रफ्तार से आ रहे तेल टैंकर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर अहियापुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक अजीत ठाकुर की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर कुछ देर तक अफरातफरी की स्थिति बनी रही। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है और तेल टैंकर की पहचान एवं चालक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

## अप्रैल 2025 से सितंबर 2026 तक 24,258 लोगों की हुई ईसीजी

बक्सर। बक्सर जिले के मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से अब जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडलीय अस्पताल और जिला अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा ई.सी.जी जांच व इलाज की सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध हैं। स्थानीय स्तर पर ही इन सुविधाओं के मिल जाने से अब ग्रामीण इलाके के लोगों को बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ रहा है। 24,258 लोगों की हुई स्क्रीनिंगः जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का मुख्य उद्देश्य हृदय रोगों की समय पर पहचान, आवश्यकतानुसार संदर्भन तथा उपचार की निरंतरता सुनिश्चित करना है। संभावित हृदय रोग से ग्रसित लोगों की वस्तुस्थिति का आंकलन करने में ईसीजी की अहम भूमिका है। जिला में अप्रैल 2025 से सितंबर 2026 तक 24,258 लोगों की ईसीजी जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडलीय अस्पताल और सदर अस्पताल में ईसीजी जांच से लेकर जरूरी दवाएं मुफ्त दी जा रही हैं। अस्पताल प्रबंधन और स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों की मुस्तैदी के कारण हर दिन सैकड़ों मरीज इन केंद्रों पर पहुंचकर सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का सीधा फायदा उठा रहे हैं। बिचौलियों से मुक्ति और पैसों की बचत जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी ने बताया कि पहले हृदय संबंधी जांच या हृदय रोग के इलाज के लिए भी ग्रामीणों को जिला मुख्यालय या निजी क्लीनिकों के चक्कर काटने पड़ते थे, जिससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद होता था। लेकिन अब प्राथमिक और सामुदायिक स्तर पर ही ये सुविधाएं सुलभ होने से मरीजों को काफी सहूलियत हो रही है। अस्पताल आने वाले मरीजों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी मुस्तैदी से सेवा दे रहे हैं, जिससे आम जनता का भरोसा सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर लगातार बढ़ रहा है।

## जिला युवा उत्सव में प्रतिभागिता के लिए आवेदन 20 अक्टूबर तक

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026-27 का आयोजन 24 अक्टूबर को आर.डी.एस. कॉलेज, मुजफ्फरपुर में किया जाएगा। इसमें भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागियों द्वारा आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर निर्धारित की गई है ।यह जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। युवा उत्सव जिले के युवा कलाकारों के सृजन, हुनर और प्रतिभा को पहचान दिलाने का एक महत्वपूर्ण मंच है। कला के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने का सपना देखने वाले युवाओं के लिए यह अपनी प्रतिभा को सामने लाने और अपनी रचनात्मकता को नई उड़ान देने का अवसर है। समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, चित्रकला एवं पेंटिंग,कविता लेखन, एवं वक्तृता प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की आयु 17 अगस्त 2026 को 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

## तमन्ना एंड ब्रदर्स प्रतिष्ठान का हुआ शुभारंभ, एक छत के नीचे मिलेंगी भवन निर्माण की सामग्री

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। जयन्तीपुर-सुपौल रोड स्थित तमन्ना एंड ब्रदर्स का शुभारंभ समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। प्रतिष्ठान के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को घर निर्माण से संबंधित विभिन्न प्रकार की सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। प्रतिष्ठान में सिम्पोलो टाइल्स, ग्रेनाइट, विद्युत सामग्री, हार्डवेयर, फर्नीचर, पुट्टी, पेंट, गेट, प्लंबिंग एवं बाथरूम सामग्री सहित भवन निर्माण से जुड़ी कई आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध कराई गई हैं। प्रतिष्ठान सिम्पोलो टाइल्स का अधिकृत विक्रेता भी है। संचालकों ने बताया कि ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए घर निर्माण में उपयोग होने वाली अधिकतर आवश्यक सामग्री एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। इससे ग्राहकों को अलग-अलग स्थानों पर जाने की परेशानी से राहत मिलेगी। शुभारंभ के अवसर पर स्थानीय लोगों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने प्रतिष्ठान पहुंचकर संचालकों को शुभकामनाएं दीं और प्रतिष्ठान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, मंगलवार, 06 अक्टूबर, 2026



# उपभोक्ताओं को मिशन मोड में पीएनजी की सुविधा उपलब्ध कराएं: जिलाधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी कुमार गौरव की अध्यक्षता में आज समाहरणालय में जिला शहरी गैस अनुश्रवण एवं सहयोग समिति की बैठक का आयोजन हुआ। इसमें नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, राजस्व, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, जिला परिवहन पदाधिकारी, मुख्य प्रबंधक, शहरी गैस वितरण परियोजना, आईओसीएल, सीजीडी इकाई, मुजफ्फरपुर, वन प्रमंडल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, परियोजना निदेशक एनएचएआई एवं अन्य भी उपस्थित थे। जिलाधिकारी द्वारा पदाधिकारियों को मुजफ्फरपुर जिला में सिटि गैस डिस्ट्रिब्यूशन नेटवर्क के विकास में लक्ष्य के अनुरूप अपेक्षित तेजी लाने का निदेश दिया गया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बैठक में पाइपलाइन के माध्यम से पीएनजी गैस आपूर्ति की अद्यतन स्थिति एवं अन्य संबंधित बिंदुओं पर एजेण्डावार प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मुजफ्फरपुर जिला में सीजीडी इकाई के रूप में आईओसीएल को प्राधिकृत किया गया है। मुख्य प्रबंधक, शहरी गैस वितरण परियोजना, आईओसीएल, सीजीडी इकाई, मुजफ्फरपुर द्वारा कांट्रेक्टर-मैनपावर की उपलब्धता, कनेक्शन में अद्यतन प्रगति इत्यादि के संबंध में पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। जिलाधिकारी के संज्ञान में लाया गया कि डोमेस्टिक पाइप्ड नेचुरल गैस के निर्धारित लक्ष्य 43,259 के विरूद्ध 37,853 आवेदन पीएनजी कनेक्शन के लिए प्राप्त हुआ है। 34,641 आवेदन कनेक्शन के लिए तैयार है। 20,102 कनेक्शन चार्ज्ड एवं क्रियाशील है। जिलाधिकारी ने पीएनजी आच्छादन-कनेक्शन में धीमी प्रगति पर खेद व्यक्त करते हुए मुख्य प्रबंधक को मिशन मोड में काम करते हुए कनेक्शन में तेजी लाने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा आईओसीएल को डिस्ट्रिक्ट रेगुलेटिंग स्टेशन के लिए भूमि उपलब्ध कराने सहित सभी प्रशासनिक सहायता प्रदान की गई है। लोग भी पाईपलाइन नेटवर्क के माध्यम से घर तक प्राकृतिक गैस प्राप्त करने के लिए काफी इच्छुक हैं। यह ईंधन का अत्यंत सुविधाजनक, इको-फ्रेंडली, निरंतर और सुरक्षित स्रोत है। आईओसीएल लक्ष्य के अनुरूप इसमें अपेक्षित प्रगति लाए। ज़िलाधिकारी ने अधिकारियों को निदेश दिया कि उपभोक्ताओं को पीएनजी की सुविधा त्वरित गति से उपलब्ध कराएं ताकि अधिक-से-अधिक उपभोक्ता इससे आच्छादित हों। उन्होंने निदेश देते हुए कहा कि मुजफ्फरपुर नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत 55 हजार से अधिक घरों में पाईपलाईन से गैस आपूर्ति अगले तीन महीना में सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को एलपीजी-पीएनजी गैस सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं लीकेज रोकने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देशों एवं मानकों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न विभागों के क्षेत्रीय अधिकारियों के माध्यम से नियमित रूप से अभियान चलाने का निदेश दिया। साथ ही प्रशासनिक स्तर पर इस बारे में तैयारी की जांच करने के लिए निर्धारित प्रावधानों के अनुसार मॉकड्रिल का भी आयोजन करने का निदेश दिया गया।

# केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय में डिजिटल कृषि पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला प्रारंभ

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के विद्यापति सभागार में विकसित भारत @2047 के लिए डिजिटल कृषि का रणनीतिक रोडमैप विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आज शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य पारंपरिक भारतीय खेती को अत्याधुनिक तकनीक से जोड़कर भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। यह कार्यशाला कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, आईआईटी रोपड़, और अन्नम.एआई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। उद्घाटन समारोह में पूर्णिया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विवेकानंद सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी. एस. पांडेय ने की। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने कहा कि अब कृषि में डिजिटल क्रांति का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में योगदान के साथ ही उन्होंने डिजिटल एग्रीकल्चर को लेकर कार्य शुरू कर दिया था जो अब अपना आकार ले रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कृषि का स्मार्ट, टिकाऊ और तकनीक-संचालित होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा, कि आज के समय में डिजिटल कृषि कोई विकल्प नहीं, बल्कि जरूरत बन चुकी है। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का मूल लक्ष्य एक ऐसा रोडमैप तैयार करना है जिससे एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ड्रोन, जीआईएस और बिग डेटा जैसी तकनीकों को प्रयोगशाला से निकालकर सीधे किसानों के खेतों तक पहुंचाया जा सके। डॉ. पांडेय ने बताया कि इस पहल से छोटे और सीमांत किसानों की खेती की लागत घटेगी और वे सीधे डिजिटल बाजार से जुड़कर अपनी आय बढ़ा सकेंगे। कुलपति ने कहा कि डिजिटल एग्रीकल्चर के साथ हमे यह ध्यान रखना चाहिए कि ग्रामीण इलाके छूटे नहीं और किसी तरह की डिजिटल डिवाइड न हो सके। मुख्य अतिथि प्रो. विवेकानंद सिंह ने ग्रामीण भारत के आर्थिक उत्थान के लिए कृषि में डिजिटल नवाचार को समय की मांग बताया। उन्होंने पूर्वी भारत में डिजिटल कृषि को बढ़ावा देने के लिए डॉ. पांडेय के गतिशील नेतृत्व की जमकर सराहना की। प्रो. सिंह ने कहा कि आरपीसीएयू शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में जो बेहतरीन कार्य कर रहा है, वह सामान्य विश्वविद्यालयों के लिए एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि यहां आकर उन्होंने कई अच्छी कार्यप्रणालियां सीखा है और उसे वे अपने विश्वविद्यालय में भी लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि पूसा विश्वविद्यालय न सिर्फ बिहार में बल्कि देश भर के विश्वविद्यालयों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनकर उभरा है। कार्यक्रम के दौरान अभियंत्रण महाविद्यालय के डीन डॉ आर सुबैया ने कहा कि कृषि विज्ञान और डिजिटल माध्यमों को साथ मिलकर जमीनी समस्याओं का समाधान खोजना होगा। वहीं, अनुसंधान निदेशक डॉ ए के सिंह ने डेटा-आधारित खेती और सटीक कृषि को जलवायु-अनुकूल भविष्य की जरूरत बताया।

# लोक साहित्य के लिए सम्मानित हुईं डॉ मीनाक्षी मीनल

प्रात: किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। सरला श्रीवास सोशल कल्चरल रिसर्च फाउंडेशन की बैठक आज मालीघाट, मुजफ्फरपुर में संस्थान की संरक्षक एवं वरिष्ठ कठपुतली कलाकार कांता देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि अखिल भारतीय साहित्य परिषद न्यास के तत्वावधान में आयोजित प्री लोकमंथन-2026 ,हम भारत के लोग का आयोजन चम्पारण की पावन धरती पर होटल रैमसन प्लाजा, बरियारपुर, मोतिहारी में किया गया। यह आयोजन पूर्ण रूप से लोक साहित्य पर केंद्रित था।कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र में बौद्धिक विमर्श के अंतर्गत लोक साहित्य पर गहन चर्चा हुई, वहीं द्वितीय सत्र लोक काव्य एवं लोकगीत पर केंद्रित रहा।लोक संस्कृति के रंग से सराबोर दोनों सत्रों की अध्यक्षता प्रो. अरुण कुमार ने की, जबकि मंच संचालन डॉ. विकास कुमार ने किया। इस अवसर पर लोकगायिका अनीता कुमारी द्वारा पारम्परिक देवी गीत, सामा-चकेवा, बारहमासा एवं भिखारी ठाकुर के गीतों की सजीव प्रस्तुति दी गई। वहीं संस्थान के निदेशक एवं कठपुतली कलाकार सुनील कुमार द्वारा गंगा गीत, झूमर, पमरिया गीत, खिलौना गीत, कठपुतली गीत के साथ-साथ चर्चित ह्यलीचिया लालेह्व की विशेष प्रस्तुति दी गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।ह्ल मुख्य रूप से प्रो० अरुण कुमार, डॉ० दिवाकर राय , सुशील कुमार (पर्यावरणविद्), वाल्मीकि कुमार प्रखर (साहित्यकार), डॉ० गोविंद प्रसाद वर्मा (सहायक प्राध्यापक, हिंदी, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी, गुलरेज शहजाद (कवि एवं शायर), डॉ० विनय कुमार सिंह (साहित्यकार) एवं श्री देवनारायण प्रसाद ने लोक साहित्य पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार, विनय कुमार बिन्नू, विवेक सिंह, राजगुरु, धनंजय उदय, रूपेश कुमार, शिवम कुमार सिंह, गौतम कुमार, सोनी कुमारी सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अखिल भारतीय साहित्य परिषद की केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य (लोक साहित्य) एवं संयोजक डॉ० मीनाक्षी मीनल को उनके लोक साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए कठपुतली कलाकार सुनील कुमार द्वारा ह्यलीचिया लालेह्व पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया।

# शिक्षकों के अधिकारों की लड़ाई सड़क से सदन तक जारी रहेगी: प्रो. संजय कुमार सिंह

मुजफ्फरपुर। तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी प्रो. संजय कुमार सिंह ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन के दौरान मुजफ्फरपुर, शिवहर, हाजीपुर एवं वैशाली जिले से बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। इनमें अंगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षक, संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक, अतिथि प्राध्यापक तथा स्कूल संवर्ग के शिक्षक शामिल थे।नामांकन के बाद शुभकामना होटल में आयोजित शिक्षक संवाद कार्यक्रम में प्रो. संजय कुमार सिंह ने विभिन्न संवर्गों के शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के अधिकार और सम्मान की लड़ाई को सड़क से सदन तक मजबूती से उठाना उनका संकल्प है। शिक्षकों की समस्याओं और मांगों को सदन में लगातार उठाया गया है और सरकार ने भी कई मुद्दों पर पहल शुरू की है।उन्होंने कहा कि संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों के वेतनमान एवं अनुदान से जुड़े मुद्दों को मजबूती से सदन में उठाया जाएगा। शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान के लिए सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से आवाज उठाने का प्रयास जारी रहेगा।प्रो. सिंह ने कहा कि शिक्षकों के विभिन्न संवर्गों की समस्याएं अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन उनके अधिकार, सम्मान और बेहतर सेवा व्यवस्था के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि आगे भी वे उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाते रहेंगे।उन्होंने कहा कि शिक्षकों के सहयोग से आगे बढ़कर शिक्षकों के अधिकारों की लड़ाई को और तेज किया जाएगा तथा सड़क से सदन तक उनकी आवाज को मजबूती से पहुंचाया जाएगा।नामांकन कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों से आए बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# बीज निदेशालय ढोली में किसानों ने जानी आधुनिक बीज प्रसंस्करण तकनीक

प्रात: किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। बिहार कृषि प्रबंधन एवं प्रसार प्रशिक्षण संस्थान, पटना के सौजन्य से डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर के प्रसार शिक्षा निदेशालय के तत्वावधान में बीज निदेशालय, ढोली में किसानों के लिए भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शिवहर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, वैशाली, पूर्वी चंपारण और बेगूसराय जिले से पहुंचे 24 किसानों तथा छह सहायक प्रौद्योगिकी प्रबंधक,प्रखंड प्रौद्योगिकी प्रबंधक समेत कुल 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। भ्रमण के दौरान किसानों को बीज प्रसंस्करण की विभिन्न तकनीकी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों ने बीज प्रसंस्करण संयंत्र में बीज की सफाई, ग्रेडिंग, उपचार, पैकेजिंग और सुरक्षित भंडारण की प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। बीज निदेशक डॉ. धीरेन्द्र कुमार राय ने किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित बीज के महत्व तथा बीज की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी।इस अवसर पर डॉ. राजेश कुमार, डॉ. विनय कुमार चौधरी, डॉ. हेम चन्द्र चौधरी एवं डॉ. सुमित कुमार सिंह ने भी किसानों को वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों, उन्नत बीज उत्पादन और बीज की गुणवत्ता बनाए रखने से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।किसानों ने बीज प्रसंस्करण संयंत्र की कार्यप्रणाली में विशेष रुचि दिखाई और विभिन्न तकनीकी प्रक्रियाओं को समझा। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक बीज प्रसंस्करण तकनीकों से परिचित कराने, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित बीज के उपयोग के प्रति जागरूक करने तथा वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना रहा। किसानों ने भ्रमण के दौरान मिली तकनीकी जानकारी को अपने क्षेत्रों में अपनाने और अन्य किसानों तक पहुंचाने की बात कही।

# फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। फर्जी आधार कार्ड बनाने और जाली दस्तावेजों के आधार पर विदेशी नागरिक का पासपोर्ट बनवाने के मामले में नगर थाना पुलिस ने गिरोह के मुख्य अभियुक्त एजाज कमर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार वह आधार संबंधी कार्यों का वेंडर है और आधार अपडेट कराने के नाम पर अवैध गतिविधियों में संलिप्त गिरोह को इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और ऑपरेटर उपलब्ध कराता था। पुलिस के मुताबिक, 30 सितंबर को नगर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र में दस्तावेजों में अवैध रूप से छेड़छाड़ कर फर्जी आधार कार्ड तैयार करने तथा अन्य जाली दस्तावेज बनाने का काम किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर साहिल कुमार, निवासी काजी मोहम्मदपुर, मुजफ्फरपुर और शिव कुमार पंडित, निवासी दरियापुर, सारण को गिरफ्तार किया था। इनके पास से अवैध इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य जाली दस्तावेज बरामद किए गए थे। इस संबंध में नगर थाना कांड संख्या 547/2026 दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष जांच टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक नगर के अनुश्रवण और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नगर-01 के नेतृत्व में गठित टीम में नगर थाना पुलिस को शामिल किया गया। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और उनकी निशानदेही पर पुलिस ने मामले की आगे जांच की। पूछताछ में पता चला कि आरोपी वर्ष 2020 से कन्हाई कम्युनिकेशन नामक दुकान में काम कर रहे थे और आधार कार्ड बनाने तथा ऑनलाइन पासपोर्ट आवेदन से जुड़ी अवैध गतिविधियों में संलिप्त थे। जांच के दौरान पुलिस को गिरोह में शामिल मुख्य आरोपी एजाज कमर की भूमिका का पता चला। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में एजाज कमर ने बताया कि वह आधार संबंधी कार्यों का वेंडर है और आधार अपडेट कराने का ठेका लेता है। उसके माध्यम से आधार से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और ऑपरेटर उपलब्ध कराए जाते थे। आरोप है कि ऑपरेटरों से प्रत्येक माह 30 हजार रुपये की राशि अवैध रूप से ली जाती थी।

# विमल कुमार परिमल की पुस्तक मानस के प्रसंग और पात्र का हुआ लोकार्पण

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। आमगोला स्थित शुभानंदी परिसर के प्रतिभा सभागार में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अवकाशप्राप्त राजभाषा अधिकारी विमल कुमार परिमल की पुस्तक मानस के प्रसंग और पात्र का लोकार्पण-उत्सव विनोद कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विषय प्रवर्तन में पुस्तक पर विस्तार से बोलते हुए डॉ संजय पंकज ने कहा कि विमल जी की यह कृति मानस चिंतन के व्यापक और शाश्वत सार तत्व को समकालीन संदर्भों में निरूपित करती है। भारतीय संस्कृति मानवीय मूल्यों की आचार संहिता है। रामचरितमानस के सारे पात्र जीवन जीने की कला बताते हैं। लेखक ने मानस के प्रेरक प्रसंगों को गंभीरतापूर्वक उजागर करते हुए चरित्र निर्माण के अनुरूप प्रतिपादित किया है। संग्रह के आलेख परिवार, समाज और मनुष्य जीवन के लिए उद्बोधक हैं। विमल परिमल ने संन्यस्त भाव से गृहस्थ आश्रम को अभिनंदित किया है। मानस हृदय को उदार, मन को विराट और आत्मा को पवित्र बनाता है। मुख्यवक्ता डॉ पूनम सिन्हा ने कहा कि विमल परिमल ने बारीकी से मानस के प्रसंगों का विश्लेषण किया है। यह पुस्तक जीवन जीने का सूत्र बताती है। सादगी और विनम्रतापूर्वक लेखक ने मानस विषयक प्रसंग को आत्मसात करके समाज व्यापक किया है। डॉ त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि मानस विषयक प्रसंग को लेखक ने विवेकपूर्ण विमर्श बना दिया है। उदयनारायण सिंह ने मानस की महिमा का समाजीकरण करने के लिए विमल जी को साधुवाद दिया और कहा कि पुस्तक प्रेरक, अनुकरणीय और ज्ञानात्मक है। डॉ रणवीर राजन ने कहा कि मानस चिंतन में विमल जी ने संवेदनात्मक दृष्टिकोण से काम लिया है। अध्यक्षीय उद्गार में विनोद कुमार सिन्हा ने कहा कि विकास भारती संस्था और सुगंध पत्रिका विमल कुमार परिमल की रचनात्मक सामाजिक देन तथा उपलब्धि रही है। मानस इनके सर्वाधिक प्रिय ग्रंथ हैं। प्रस्तुत पुस्तक में विमल जी ने मानस के मोतियों को चुन चुन कर सहेजा है। सरल और सहज भाषा इनकी विशेषता है। एच एल गुप्ता ने कहा कि बैंक की व्यस्तता के बीच रहकर विमल कुमार परिमल ने अपने जीवंत रचनाकार को गतिशील रखा यह बड़ी बात है। श्रीमन्नारायण ने कहा कि यह पुस्तक पठनीय और संदेशपरक है। डॉ अनु शांडिल्य ने पुस्तक की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और कहा कि वर्तमान परिवेश में इसकी प्रासंगिकता है। डॉ आशा कुमारी ने कहा कि मानस से सच्चे मानवीय जीवन को जीने की प्रेरणा मिलती है। आभार में पुस्तक के लेखक विमल कुमार परिमल ने कहा कि मेरे रचनात्मक विकास में परिवार, समाज और परिवेश का योगदान है। रामचरितमानस मेरा आदर्श है। मेरे जीवन-संघर्ष में मार्ग निर्देशित करने का काम रामचरितमानस ने ही किया है। समारोह में ब्रजभूषण शर्मा, राकेश कुमार सिंह, प्रेमभूषण अनिल मिश्रा, विभु कुमारी, चैतन्य चेतन, प्रमोद आजाद,अमरेंद्र कुमार ने भी विचार व्यक्त करते हुए सार्थक सृजन के लिए विमल परिमल को बधाई दी। पुस्तक के प्रकाशक प्रतिभा प्रकाशन के अजीत कुमार ने आभार प्रकट किया। डॉ केशव किशोर कनक ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आज के संवेदनहीन होते समय और टूटते संबंध को मानस चिंतन ही सुव्यवस्थित और संतुलित कर सकता है।

# एनडीए प्रत्याशी अभिषेक झा ने दाखिल किया नामांकन

मुजफ्फरपुर। तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी अभिषेक झा ने सोमवार को अपना पर्चा दाखिल किया। कार्यक्रम इस अवसर पर में उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी और जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा उपस्थित रहे । उन्होंने एनडीए प्रत्याशियों की जीत के लिए कार्यकताओं से पूरी ताकत के साथ जुटने की अपील की। मोकामा विधायक अनंत सिंह के कथित बागी रुख को लेकर पूछे गए सवाल पर उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी ने कहा कि पार्टी पूरे मामले को देख रही है। यह प्रकरण पार्टी के संज्ञान में है और इस पर नजर बनी हुई है। विजय चौधरी ने कहा कि स्नातक-शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव आम चुनाव से अलग है। यह बुद्धिजीवियों का चुनाव है। संविधान निमार्ताओं ने इसकी कल्पना इसलिए की थी, ताकि पढ़े-लिखे प्रतिनिधि बिहार के हितों को बेहतर ढंग से समझ सकें। उन्होंने अभिषेक झा और शिक्षक प्रत्याशी प्रो. नरेंद्र सिंह को इस जिम्मेदारी के लिए उपयुक्त बताया। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि 10 लाख नौकरी के वादे के मुकाबले 12 लाख नौकरियां दी गईं, जबकि 10 लाख रोजगार के लक्ष्य के विरुद्ध 40 लाख युवाओं को रोजगार मिला है। अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य है। उन्होंने दावा किया कि राज्य की सभी आठ स्नातक-शिक्षक सीटों पर एनडीए प्रत्याशी जीत दर्ज करेंगे। वहीं, संजय झा ने राजद पर शिक्षा के मुद्दे को लेकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राजद के लोगों का शिक्षा से कोई मतलब नहीं रहा है। उन्होंने नीतीश सरकार की शिक्षक बहाली, साइकिल योजना और शिक्षा बजट में वृद्धि का उल्लेख करते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। संजय झा ने फरक्का संधि का मुद्दा उठाते हुए कहा कि 12 दिसंबर 2026 को संधि समाप्त हो रही है। बिहार के पानी का हिस्सा तय किए बिना इसका नवीनीकरण नहीं होना चाहिए। उन्होंने अभिषेक झा और प्रो. नरेंद्र सिंह को जिताने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार ने की, जबकि संचालन बिहार मदरसा बोर्ड के सदस्य प्रो. शब्बीर अहमद ने किया।

# कांटा हाईस्कूल परिसर में खंभे से लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के बेनीबाद थाना क्षेत्र के काँटा गांव स्थित राजकीयकृत श्री अमीरी उच्च मध्य विद्यालय परिसर में रविवार की रात करीब 10 बजे एक युवक का शव वॉलीबॉल के खंभे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान कांटा गांव निवासी धनंजय साह (33), पिता सकिंदर साह के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक की मौत को हत्या बताते हुए आशंका जताई है कि उसकी हत्या करने के बाद शव को वॉलीबॉल के खंभे से लटका दिया गया।

घटना की सूचना मिलने पर कटरा इंस्पेक्टर मुकेश कुमार भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लेते हुए जांच की। सोमवार को बेनीबाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की। बेनीबाद थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। युवक की मौत आत्महत्या है या हत्या, इसका स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस परिजनों के बयान, घटनास्थल की परिस्थितियों और अन्य संभावित बिंदुओं की जांच कर रही है। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।

# गायघाट की कई पंचायतों में बाढ़ के पानी में डूबी धान की फसल

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट में बागमती नदी के बढ़े जलस्तर और बाढ़ के पानी ने प्रखंड की कई पंचायतों में धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। खेतों में लहलहाती धान की फसल कई दिनों से पानी में डूबी रहने के कारण बबार्दी के कगार पर पहुंच गई है। फसल को लेकर किसानों ने जो उम्मीदें संजोई थीं, वह अब बाढ़ के पानी में डूबती नजर आ रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में खेत जलमग्न हैं। कई जगह धान की फसल पूरी तरह पानी में समा गई है, जबकि कुछ खेतों में पौधे सड़ने लगे हैं। किसानों का कहना है कि धान की फसल तैयार होने के समय बाढ़ आने से लागत निकलना भी मुश्किल हो गया है। बीज, खाद, जुताई, मजदूरी समेत खेती में लगाया गया हजारों रुपये अब डूबता नजर आ रहा है। किसानों ने बताया कि लगातार जलजमाव रहने से खेतों में लगी धान की फसल को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। यदि जल्द पानी नहीं निकला तो बची हुई फसल भी पूरी तरह नष्ट हो सकती है। इससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा होने की आशंका है। किसानों ने प्रशासन से बाढ़ प्रभावित खेतों का सर्वे कराकर फसल क्षति का आकलन कराने और उचित मुआवजा देने की मांग की है। किसानों का कहना है कि सरकारी स्तर पर समय रहते राहत और क्षतिपूर्ति नहीं मिली तो बाढ़ की मार झेल रहे अन्नदाताओं की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी।

# किराना-खिलौना होलसेल दुकान में भीषण आग

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के हथौड़ी थाना क्षेत्र के सहिला रामपुर गांव में रविवार देर रात करीब 12 बजे एक किराना व कुरकुरे-नमकीन तथा खिलौनों की होलसेल दुकान में भीषण आग लग गई। आग की लपटों ने देखते ही देखते पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। रात के सन्नाटे में उठीं भयानक लपटों को देखकर मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही हथौड़ी थानाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को सूचना दी।

फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां एक-एक कर मौके पर पहुंचीं। फायर ब्रिगेड की टीम और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। पीड़ित दुकानदार पंकज कुमार ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि दुकान में रखा होलसेल किराना, कुरकुरे और खिलौने पूरी तरह नष्ट हो गए हैं।

उन्होंने इस अगलगी में करीब 18 लाख रुपये के सामान के नुकसान का दावा किया है। हथौड़ी थानाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट सामने आया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

# बाल संरक्षण इकाई एवं बाल कल्याण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। केन्द्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण के सीनियर प्रोफेशनल अभिसारिका राय के निर्देशन एवं राज्य दत्तकग्रहण संसाधन अभिकरण के कविता कुमारी, कार्यक्रम प्रबंधक एवम विवेक रंजन सिंह, कार्यक्रम अधिकारी के समन्वय से जिला बाल संरक्षण इकाई, मुजफ्फवरपुर द्वारा दत्तकग्रहण कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन एवं हितधारकों के सशक्तिकरण हेतु मुजफ्फरपुर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, वैशाली, सीतामढ़ी एवं शिवहर के जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति एवं बाल देखरेख संस्थानों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन जिला सभागार में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उक्त जिलों में दत्तकग्रहण कार्यक्रम के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई एवं मिशन वात्सल्य पोर्टल के तकनीकी पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान संबंधित जिलों के हितधारकों को विधिक दत्तकग्रहण के बारे में जिला के अस्पतालों, आँगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों में जन जागरुकता एवं प्रचार-प्रसार करने हेतु निदेशित किया गया। मंच संचालन राकेश कुमार, बाल संरक्षण पदाधिकारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी , संबंधित जिलों के सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बाल संरक्षण पदाधिकारी, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, अधीक्षक, बाल गृह,बालिका गृह, समन्वयक, विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान उपस्थित रहे।

# जुए के अड्डे पर पुलिस की छापेमारी, 13 गिरफ्तार,1.72 लाख नकद और 12 स्मार्टफोन बरामद

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। मिठनपुरा थाना क्षेत्र के चकबासु मोहल्ले में पुलिस ने जुए के एक अड्डे पर छापेमारी कर 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 1 लाख 72 हजार रुपये नकद, 12 स्मार्टफोन, ताश के पत्ते समेत जुआ खेलने में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्री बरामद की है। कार्रवाई एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर की गई।पुलिस के अनुसार, मिठनपुरा थानेदार अजय कुमार को चकबासु मोहल्ले में जुआ खेले जाने की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायत के बाद पुलिस ने इलाके में निगरानी बढ़ाई। सूचना की पुष्टि होने पर पुलिस टीम ने जुए के अड्डे की घेराबंदी कर अचानक छापेमारी की।

पुलिस के पहुंचते ही मौके पर अफरातफरी मच गई। भागने का प्रयास कर रहे लोगों को भी पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 1.72 लाख रुपये नकद और 12 स्मार्टफोन जब्त किए। इसके अलावा ताश के पत्ते और जुए से संबंधित अन्य सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस बरामद मोबाइल और नकदी से जुड़े पहलुओं की भी जांच कर रही है। गिरफ्तार सभी 13 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही पुलिस उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि जुए के अड्डे के संचालन में अन्य लोगों की भी कोई भूमिका थी या नहीं। अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में जुआ या अन्य संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# आर्म्स एक्ट व नशे में हंगामा मामले में दो गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बेनीबाद थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एक आरोपित को आर्म्स एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया गया, जबकि दूसरे की गिरफ्तारी नशे की हालत में हंगामा करने के आरोप में हुई। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपितों को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। बेनीबाद थाना प्रभारी धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस की लगातार कार्रवाई से क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों में शामिल लोगों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# चाकू से हमले में दो युवक घायल,आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी

मुजफ्फरपुर। सकरा थाना क्षेत्र के मछैई गांव में रविवार की देर रात चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना रात करीब 11:30 बजे से 12 बजे के बीच की बताई जा रही है। हमले में दो युवक घायल हुए हैं। घायलों की पहचान देवांग राज और मुन्ना के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, गांव के पोखर के पास देवांग राज, मुन्ना और सचिन आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान गांव का ही बम्बम, पिता अर्जुन महतो, बाइक से वहां पहुंचा। आरोप है कि उसने अचानक देवांग राज पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से देवांग राज की गर्दन पर गंभीर चोट आई। इस दौरान मुन्ना भी घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज कराया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद सकरा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, आरोपी बम्बम की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

# विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
पटना, मंगलवार, 06 अक्टूबर, 2026

सम्पादकीय

## सत्याग्रह से बिखरी आवाजों को एक सूत्र में पिरोने की कोशिश

लोकतंत्र केवल चुनाव, संसद और सरकारों तक सीमित नहीं है। लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति उस आवाज में भी निहित होती है, जो अपने अधिकार, न्याय और सम्मान के लिए व्यवस्था के सामने सवाल खड़ा करती है। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में महात्मा गांधी का सत्याग्रह इसी सवाल को अहिंसक संघर्ष और नैतिक आग्रह की शक्ति में बदलने का एक महत्वपूर्ण उदाहरण रहा है। ऐसे समय में जब देश के अलग-अलग हिस्सों में विभिन्न मुद्दों को लेकर आंदोलन और विरोध सामने आते रहते हैं, कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा ह्रसत्याग्रहह्र नामक डिजिटल मंच की शुरूआत को इसी संदर्भ में देखा जा सकता है। यह मंच ऐसे समय में आया है जब सत्ता पक्ष के खिलाफ धीरे-धीरे विपक्ष एकजुट हो रहा है। हालांकि अभी समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी खुलकर राहुल के साथ नहीं दिखाई दे रहे हैं क्योंकि यूपी -पंजाब में आने वाले समय में चुनाव है। जन मानस के विरोध को भांपते हुए राहुल गांधी ने तीन अक्टूबर को इस डिजिटल मंच की शुरूआत की है। इसके माध्यम से देश के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे मुद्दा आधारित आंदोलनों और संघर्षों को एक साझा डिजिटल मंच पर लाने की कोशिश की गई है। मंच पर लोग अपने आंदोलन और मुद्दे की जानकारी साझा कर सकते हैं तथा इंटरैक्टिव मैप के माध्यम से देश के दूसरे हिस्सों में समान प्रकृति के संघर्षों की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। राहुल गांधी ने अपने संदेश में कहा कि देशभर में लोग अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं और कई बार उनकी आवाज अकेली रह जाती है। उन्होंने किसानों, छात्रों, किसानों, आदिवासियों, दलितों और महिलाओं सहित विभिन्न समूहों के संघर्षों का उल्लेख करते हुए लोगों से अपनी समस्याओं और आंदोलनों को इस मंच पर साझा करने का आह्वान किया। उनका कहना है कि जब अलग-अलग संघर्षों की जानकारी एक जगह उपलब्ध होगी, तो एक मुद्दे से जुड़े लोग दूसरे स्थानों पर चल रहे समान संघर्षों से जुड़ सकेंगे। यहां सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या डिजिटल मंच वास्तव में बिखरी हुई आवाजों को प्रभावी सामाजिक शक्ति में बदल सकता है? इसका उत्तर केवल राजनीतिक अपील में नहीं, बल्कि इस बात में छिपा होगा कि मंच कितनी व्यापकता से लोगों तक पहुंचता है और आम नागरिकों की शिकायतों एवं आंदोलनों को किस प्रकार व्यवस्थित किया जाता है। भारत जैसे विशाल और विविध देश में जमीन, वनाधिकार, शिक्षा, परीक्षाओं, रोजगार, महिलाओं के अधिकार, सामाजिक न्याय, दलित एवं ओबीसी अधिकार जैसे अनेक विषयों पर अलग-अलग स्तर पर आंदोलन होते रहे हैं। कई बार स्थानीय स्तर का कोई संघर्ष राष्ट्रीय विमर्श तक नहीं पहुंच पाता। मीडिया की सीमित पहुंच, संसाधनों की कमी और आंदोलनकारी समूहों के बीच समन्वय का अभाव इसके कारण हो सकते हैं। ह्रसत्याग्रहह्र मंच की घोषित भूमिका ऐसे संघर्षों को दृश्यता और आपसी संपर्क उपलब्ध कराने की है। लेकिन किसी भी डिजिटल मंच की सफलता केवल उसके नाम या उद्देश्य से तय नहीं होती। उसकी विश्वसनीयता इस बात से निर्धारित होगी कि उस पर आने वाली सूचनाओं की पुष्टि कैसे होती है, विभिन्न पक्षों को अपना दृष्टिकोण रखने का अवसर कितना मिलता है और शिकायतों को राजनीतिक प्रचार से अलग रखते हुए किस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है। यदि किसी आंदोलन की जानकारी को बिना पर्याप्त सत्यापन के व्यापक रूप से प्रसारित किया जाता है, तो इससे तथ्य और दावे के बीच अंतर धुंधला होने का खतरा भी रहेगा। इसलिए पारदर्शिता और तथ्य-जांच इस पहल की महत्वपूर्ण कसौटियां होंगी। राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष के रूप में संसद के साथ-साथ सड़क और अन्य माध्यमों से लोगों की आवाज उठाने की बात कही है। यह स्वाभाविक रूप से राजनीतिक भूमिका का हिस्सा भी है। विपक्ष का दायित्व सरकार से सवाल पूछना और जनता से जुड़े मुद्दों को संसद में उठाना है। दूसरी ओर, आंदोलनों के साथ जुड़ना विपक्षी राजनीति का एक महत्वपूर्ण तरीका हो सकता है। लेकिन यहां भी यह अंतर बनाए रखना जरूरी होगा कि कौन-सा मुद्दा वास्तविक जनशिकायत है, कौन सा राजनीतिक मतभेद है और कौन सा आरोप अभी प्रमाणित नहीं हुआ है। ह्रसत्याग्रहह्र नाम अपने आप में महात्मा गांधी की विरासत से जुड़ा हुआ है। गांधी के लिए सत्याग्रह केवल विरोध का माध्यम नहीं था, बल्कि सत्य, अहिंसा, आत्मअनुशासन और नैतिक आग्रह से जुड़ी संघर्ष पद्धति थी। आज के डिजिटल दौर में किसी आंदोलन को सोशल मीडिया और ऑनलाइन मंच के माध्यम से व्यापक बनाना आसान है, लेकिन गांधी के सत्याग्रह की मूल भावना को बनाए रखना कहीं अधिक कठिन है।

## माँ-बाप के जीवन में सम्मान और सहारा नहीं, तो मृत्यु के बाद के कर्मकांड अधूरे हैं

डॉ. प्रियंका सौरभ

भारतीय संस्कृति में माता-पिता को देवतुल्य माना गया है। हमारे संस्कारों में माँ के चरणों में ममता, त्याग और करुणा का संसार दिखाई देता है, तो पिता के जीवन में परिश्रम, जिम्मेदारी और सुरक्षा की छाया। माँ-बाप अपने बच्चों के भविष्य के लिए अपनी इच्छाओं को पीछे छोड़ देते हैं। वे अपनी जरूरतें कम कर बच्चों की जरूरतें पूरी करते हैं। उनकी खुशियाँ बच्चों की मुस्कान में बसती हैं और उनका जीवन परिवार को सँवारने में बीत जाता है। लेकिन विडंबना यह है कि जिस उम्र में उन्हें सबसे अधिक प्रेम, सम्मान और सहारे की आवश्यकता होती है, उसी समय कई बुजुर्ग अपने ही घर में उपेक्षा के शिकार हो जाते हैं। हमारे समाज में श्राद्ध, तर्पण और पितृपक्ष के दौरान पूर्वजों को याद करने की परंपरा है। लोग श्रद्धापूर्वक भोजन कराते हैं, दान देते हैं और धार्मिक कर्मकांड करते हैं। यह परंपरा हमारी सांस्कृतिक स्मृति और पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। लेकिन एक सवाल हमें अपने भीतर जरूर पूछना चाहिए—क्या उस श्रद्धा का अर्थ केवल मृत्यु के बाद के कर्मकांड तक सीमित है? यदि माँ-बाप जीवित हैं और उन्हें दो वक्त की रोटी, सम्मान के दो शब्द तथा अपनापन देने में हम पीछे हट जाते हैं, तो मृत्यु के बाद किया गया भव्य भोज हमारी संवेदनहीनता को कैसे ढक सकता है? आज परिवारों में आर्थिक समृद्धि बढ़ी है, लेकिन कई जगह भावनात्मक समृद्धि कम होती दिखाई देती है। आधुनिक जीवन की भागदौड़, नौकरी, व्यवसाय और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के बीच माता-पिता के लिए समय निकालना कठिन समझा जाने लगा है। कई बुजुर्गों को घर में रहते हुए भी अकेलापन महसूस होता है। जिन पिता ने पसीना बहाकर घर बनाया, वही पिता बुढ़ापे में बेटे के व्यस्त जीवन में बाधा समझे जाने लगते हैं। जिन माताओं ने अपनी भूख दबाकर बच्चों को खिलाया, वही माँ कभी-कभी अपने ही घर में उपेक्षित हो जाती है। सबसे पीड़ादायक स्थिति तब होती है जब जीवित माँ-बाप को ताने मिलते हैं, उनकी आवश्यकताओं को बोझ समझा जाता है और उनकी भावनाओं को महत्व नहीं दिया जाता। मृत्यु के बाद उनकी तस्वीर पर फूल चढ़ाने के लिए लंबी कतार लग जाती है। जीते जी जिनसे बातचीत करने का समय नहीं था, उनके लिए मृत्यु के बाद बड़े-बड़े आयोजन किए जाते हैं। यह विरोधाभास केवल पारिवारिक समस्या नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक संवेदना पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न है। पिता का जीवन अक्सर परिवार के लिए संघर्ष की कहानी होता है। सीमित साधनों में उन्होंने बच्चों की शिक्षा, विवाह, घर और भविष्य की चिंता की। अपने सपनों को स्थगित कर बच्चों के सपनों को पूरा किया। माँ ने भी अपने जीवन का बड़ा हिस्सा परिवार की जरूरतों में लगा दिया। बीमारी में रात-रात भर जागना, बच्चों की छोटी-सी खुशी पर खिल उठना और कठिन समय में ढाल बनकर खड़ा होना—माता-पिता के प्रेम का कोई आर्थिक मूल्य नहीं हो सकता। इसलिए बुढ़ापे में उनका सबसे बड़ा अधिकार संपत्ति नहीं, बल्कि सम्मान और अपनापन है। वृद्धाश्रमों की बढ़ती जरूरत भी हमें सोचने के लिए मजबूर करती है। हर वृद्धाश्रम बुरी व्यवस्था का प्रतीक नहीं है। कई बार परिस्थितियाँ ऐसी होती हैं कि बुजुर्गों को विशेष देखभाल की आवश्यकता पड़ती है। लेकिन जब वृद्धाश्रम इसलिए चुनना पड़े कि अपने ही बच्चों के पास माता-पिता के लिए समय, धैर्य या सम्मान नहीं है, तब समस्या गंभीर हो जाती है। जिस घर को माता-पिता ने अपने खून-पसीने से बसाया, उसी घर से उनका भावनात्मक विस्थापन हमारे पारिवारिक मूल्यों की परीक्षा है। श्राद्ध का वास्तविक अर्थ केवल अन्न और दान में नहीं, बल्कि श्रद्धा में है। और श्रद्धा केवल मृतकों के लिए नहीं, जीवित माता-पिता के लिए भी होनी चाहिए। कौवे को भोजन कराना, ब्राह्मण को दान देना और धार्मिक अनुष्ठान करना अपनी जगह महत्वपूर्ण हो सकता है, लेकिन यदि घर में बैठी माँ भूखी है, पिता दवा के लिए किसी का इंतजार कर रहे हैं और बच्चे उनसे बात करने तक को तैयार नहीं, तो हमें अपने धर्म और कर्म के अर्थ पर पुनर्विचार करना चाहिए।

## मिथिला की लोक संस्कृति रसन चौकी के जीवंत संवाहकः संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित महेंद्र राम की संघर्षगाथा

**अकादमी पुरस्कार प्रख्यात कलाकार संगीत नृत्य नाटक लोक और जनजातीय कला कठपुतली और संबंध थिएटर कला रूपों में व्यक्त प्रदर्शन के संपूर्ण दायरे के लिए दिया जाता है, महेंद्र राम ने संघर्ष करते हुए अपने संस्थान के माध्यम से देश के विभिन्न भागों यथा- नई दिल्ली( एनएसडी) , त्रिपुरा,पटना,भागलपुर, सिलीगुड़ी नई जलपाईगुड़ी उज्जैन मध्य प्रदेश में प्रस्तुति दी है! आज के समय में जब संगीत के नए-नए वाद्य यंत्रों ने अपनी जगत जगह बना ली है वही महेंद्र राम ने विलुप्त होती रसन चौकी संस्कृति परंपरा जैसे धरोहर को घोर आर्थिक अभाव के बीच बचाए रखा है रसन चौकी संस्कृति मुख्य रूप से बिहार के मिथिला की एक अनूठी लोक संस्कृति धरोहर है जिसे भारत का पहला फोको बैड / आर्केस्ट्रा भी कहा जाता है।**




सुशील कुमार
(लेखक)

बिहार के प्राचीन शहर मधुबनी के बारे में यह लोकोक्ति प्रसिद्ध है जो अपने अद्वितीय सांस्कृतिक विरासत विश्व प्रसिद्ध क्षेत्र कला और लोक संगीत के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है । मधुबनी और दरभंगा मिथिला संस्कृति की दिध्रुव माना जाता है जहां के मिट्टी के कण-कण में कला,लोक परंपरा और लोक संगीत बसती है, मधुबनी की सांस्कृतिक ढांचा बहुत ही समृद्ध और सदियों पुराना है मधुबनी की चित्रकला, मधुबनी पेंटिंग, लोक संगीत एक कला नही बल्कि उनकी आत्मा है लोक संगीत के क्षेत्र में कई प्रसिद्ध लोग गायक हुए जैसे मैथिली ठाकुर अर्चना दास, माधवराव, लल्लू मधुबनिया हर्षित कौर जिसने मैथिली लोकगीतों को आम जनमानस पर अपनी प्रसिद्ध बनाई । उन्हें में से वंचित समाज से आने वाले मधुबनी के भट सिमर खातो खरीका टोल निवासी लोक कलाकार महेंद्र राम, जिन्होंने विलुप्त होती पारंपरिक वाद्य यंत्र शैली रसन चौकी को जीवंत रखने के लिए भारत के राष्ट्रपति द्वारा वर्ष 2024 का संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया । उन्होंने घोर आर्थिक अभाव के बावजूद दशकों से विलुप्त होती रसन चौकी संस्कृति को आम जनमानस के बीच प्रभाव बनाए रखा । उन्होंने लोक संस्कृति रसन चौकी की बारीकी अपने पिता स्वर्गीय मोहन राम के साथ रहकर आत्मसात किया! संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 1952 से लगातार प्रदान किया जा रहे हैं, यह सम्मान न केवल उत्कृष्ट और उपलब्धि के उच्चतम मानक का प्रतीक है, बल्कि उन कलाकारों के निरंतर व्यक्तिगत कार्यों और योगदान का भी मान्यता देता है! अकादमी पुरस्कार में ताम पत्र और अंग वस्त्र के अतिरिक्त 1 लाख की राशि दी जाती है! अकादमी पुरस्कार प्रख्यात कलाकार संगीत नृत्य नाटक लोक और जनजातीय कला कठपुतली और संबंध थिएटर कला रूपों में व्यक्त प्रदर्शन के संपूर्ण दायरे के लिए दिया जाता है,महेंद्र राम ने संघर्ष करते हुए अपने संस्थान के माध्यम से देश के विभिन्न भागों यथा- नई दिल्ली( एनएसडी) , त्रिपुरा,पटना,भागलपुर, सिलीगुड़ी नई जलपाईगुड़ी उज्जैन मध्य प्रदेश में प्रस्तुति दी है! आज के समय में जब संगीत के नए-नए वाद्य यंत्रों ने अपनी जगत जगह बना ली है वही महेंद्र राम ने विलुप्त होती रसन चौकी संस्कृति परंपरा जैसे धरोहर को घोर आर्थिक अभाव के बीच बचाए रखा है रसन चौकी संस्कृति मुख्य रूप से बिहार के मिथिला की एक अनूठी लोक संस्कृति धरोहर है जिसे भारत का पहला फोको बैड / आर्केस्ट्रा भी कहा जाता है,जिसे स्थानीय भाषा में पँचवजना कहा जाता है पँचवजना का मतलब( वाद्य यंत्रों का समूह) रसन चौकी मुख्य रूप से पांच पारंपरिक लोक वाद्य यंत्रों का एक समूह है जिन्हें एक ही सुर ताल में बजाया जाता है इसमें जैसे- पिपही-- शहनाई की तरफ फूंक कर बजाया जाने वाला वाद्य यंत्र ।, ढोले-- मुख्य रूप से थाप देने वाला वाद्य यंत्र, । तबली-- एक छोटा सा ढोलक जिसे छड़ी से बजाया जाता है । खुरदक-- थाप आधारित यंत्र! कारा-- यह एक प्रकार का वाद्य यंत्र, जिसके जगह कई बार झाल या मंजीरे का प्रयोग किया जाता है । रसन चौकी कलाकार पूरी तरह से शास्त्रीय और लोकधुनो के विशेषज्ञ होते हैं, इस पर मिथिला के पारंपरिक लोकगीत जैसे सोहर, विद्यापति गीत,समदाउन नचारी और तिरहुता बजाए जाते हैं,इसके अलावा जट- जाटिन और सलेश जैसे लोक गाथाओं की धुनें भी इस पर बिखरे जाती है । धार्मिक एवं धार्मिक एवं पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस वा वाद्यसमूह पंचवचना की पहली बार सीता एवं राम के विवाह उत्सव में बजाया गया था, जो पीढ़ी दर पीढ़ी जीवंत है! मांगलिक कार्यों शादी विवाह मुंडन उपनयन, जानेऊ और दुर्गा पूजा जैसे शुभ कार्यों पर रसन चौकी बजाया जाता है! धार्मिक मान्यता है कि इस वाद्य यंत्र के निकलने वाली धुन से पूरा माहौल आध्यात्मिक और पवित्र हो जाता है । महेंद्र राम ने बताया कि मेरी प्रबल इच्छा है कि इस रसन चौकी संस्कृति परंपरा कला और विद्या को बचाए रखने की जिम्मेदारी अब आने वाली पीढ़ी की है इसलिए अपने बच्चों को भी विभिन्न कार्यक्रम एवं उत्सवों के प्रस्तुति में साथ लेकर जाते हैं,ताकि रसन चौकी संस्कृति की बारीकी से बाकीब हो सके, उन्होंने बताया कि उनके परिवार का भरण पोषण उपनयन संस्कार,शादी विवाह सरकारी कार्यक्रम और मांगलिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से प्राप्त आय से होता है जो कि आज के आधुनिक परिवेश में अपर्याप्त है । महेंद्र राम का टूटी फूटी झोपड़ी देखकर भी आर्थिक हालात का पता सहज लगाया जा सकता है वैसे में सवाल उठना लाजिमी है कि जिस व्यक्ति ने रसन चौकी संस्कृति को जीवंत बनाय रखा और राष्ट्रीय पहचान दिया, वह परिवार आज भी प्रधानमंत्री आवास योजना से भी वंचित है।

## नए महीने का सूरज, नई सत्ता की चाल और सिपहसालारों की बदलती निष्ठा

**कुर्सी पर बैठा व्यक्ति चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, व्यवस्था को गति देने के लिए उसके आसपास बैठे सिपहसालारों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है और यहीं से शुरू होती है हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे दिलचस्प कहानी ह्लसत्ता बदलती है तो निष्ठा की परिभाषा भी बदल जाती हैह्व। बिहार की राजनीति ने लंबे समय से सत्ता परिवर्तन, गठबंधन परिवर्तन और राजनीतिक समीकरणों के अनेक रंग देखे हैं। अप्रैल 2026 में एक बड़ा बदलाव हुआ। 15 अप्रैल को सम्राट चौधरी ने बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। बस, इसके बाद राजनीति के साथ-साथ सरकारी गलियारों में भी एक स्वाभाविक सवाल पैदा हुआ, अब व्यवस्था किस अंदाज में चलेगी?**





जितेन्द्र कुमार सिन्हा
(लेखक)

कहते हैं कि नया महीना नई उम्मीदें लेकर आता है। कैलेंडर का एक पन्ना पलटता है और आदमी सोचता है कि शायद अब कुछ बदलेगा। वेतन की तारीख वही रहती है, बिजली का बिल वही रहता है, पेट्रोल की कीमत देखकर वही पुराना माथा घूमता है और सरकारी दफ्तर में फाइल की चाल भी लगभग वही रहती है। लेकिन सरकारें चाहें तो महीने के पहले दिन ही इतना कुछ बदल सकती है कि आदमी को अपने ही राज्य में नया नागरिक होने का अहसास होने लगे। सरकार का निर्णय आखिर सरकार का निर्णय होता है। कब क्या बदलना है, कितना बदलना है, किसे बदलना है और किसे यथावत रखना है, इसका गणित आम आदमी की समझ से बाहर ही रहता है। वह तो केवल परिणाम देखता है। सत्ता के गलियारों में इसका अपना विज्ञान है और राजनीति में इसकी अपनी कला। राजनीतिक इच्छा शक्ति हो तो वर्षों पुरानी व्यवस्था भी रातोंरात बदल सकती है और इच्छा शक्ति न हो तो नई व्यवस्था भी पुरानी आदतों के साथ चलती रहती है। लेकिन सत्ता की मशीनरी को चलाने के लिए केवल कुर्सी पर्याप्त नहीं होती। कुर्सी पर बैठा व्यक्ति चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, व्यवस्था को गति देने के लिए उसके आसपास बैठे सिपहसालारों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है और यहीं से शुरू होती है हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे दिलचस्प कहानी ह्लसत्ता बदलती है तो निष्ठा की परिभाषा भी बदल जाती हैह्व। बिहार की राजनीति ने लंबे समय से सत्ता परिवर्तन, गठबंधन परिवर्तन और राजनीतिक समीकरणों के अनेक रंग देखे हैं। अप्रैल 2026 में एक बड़ा बदलाव हुआ। 15 अप्रैल को सम्राट चौधरी ने बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। बस, इसके बाद राजनीति के साथ-साथ सरकारी गलियारों में भी एक स्वाभाविक सवाल पैदा हुआ, अब व्यवस्था किस अंदाज में चलेगी? यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि सरकार केवल मुख्यमंत्री और मंत्रियों से नहीं चलती है। सरकार सचिवालय की फाइलों, विभागीय अधिकारियों, सलाहकारों, कर्मचारियों और उन तमाम अदृश्य पहियों से चलती है, जिन्हें जनता चुनावी मंच पर कभी नहीं देखती। मुख्यमंत्री बदलता है तो सबसे पहले कुर्सी बदलती है। उसके बाद कमरे की सजावट बदलती है। फिर बैठने का क्रम बदलता है। उसके बाद मुलाकात का समय बदलता है। फिर धीरे-धीरे यह पता चलता है कि कौन पहले दरवाजे तक जाता था और अब किस दरवाजे से लौट रहा है। राजनीति में इसे परिवर्तन कहते हैं और व्यंग्यकार इसे कहते हैं ह्लहवा का रुख समझनाह्व। राजनीति में विचारधारा की चर्चा खूब होती है। सिद्धांतों की चर्चा होती है। जनसेवा की चर्चा होती है। विकास की चर्चा होती है। लेकिन सत्ता के गलियारों में एक और शब्द चुपचाप चलता रहता है ह्लनिष्ठाह्व। निष्ठा बड़ी अद्भुत चीज है। यह कभी व्यक्ति के प्रति होती है, कभी पद के प्रति, कभी पार्टी के प्रति, कभी विचार के प्रति और कभी-कभी परिस्थितियों के प्रति भी। समस्या तब पैदा होती है जब निष्ठा का केंद्र बदल जाता है। कुर्सी पर बैठे व्यक्ति को देखकर यदि कोई व्यक्ति कहे कि ह्लहम तो हमेशा से आपके साथ थेह्व, तो कुर्सी पर बैठा व्यक्ति मुस्कुराता जरूर है, लेकिन मन ही मन शायद यह जरूर सोचता है कि ह्लहमसे पहले वाली कुर्सी पर बैठे व्यक्ति के साथ भी क्या आप हमेशा से ऐसे ही थे?ह्व यही लोकतंत्र का सबसे मनोरंजक प्रश्न है। क्योंकि सत्ता के गलियारों में पुरानी तस्वीरें बहुत कुछ बताती है। कौन किसके साथ खड़ा था, कौन किसके साथ बैठा था, किसकी गाड़ी में कौन बैठता था और किसके कमरे में किसका आना-जाना था, यह सब सत्ता बदलते ही अचानक इतिहास बन जाता है। बिहार ने करीब दो दशक तक नीतीश कुमार के नेतृत्व का लंबा दौर देखा है। आधिकारिक रिकॉर्ड में उनके मुख्यमंत्री पद का कार्यकाल 24 नवंबर 2005 से दर्ज है, हालांकि बीच में राजनीतिक घटनाक्रम और पद परिवर्तन भी हुए। अप्रैल 2026 में उनके मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद सम्राट चौधरी ने पद संभाला। इतने लंबे राजनीतिक दौर को केवल वर्षों की संख्या से नहीं समझा जा सकता है। यह एक पूरी राजनीतिक पीढ़ी का अनुभव है। इस दौरान अधिकारी बदले, मंत्री बदले, विभाग बदले, गठबंधन बदले, राजनीतिक समीकरण बदले और समय के साथ गंगा में पानी भी घटा-बढ़ा। लेकिन कुछ चीजें ऐसी होती हैं जो बदलती हुई भी नहीं बदलती। मसलन ह्लव्यवस्था से तालमेलह्व। जो अधिकारी एक सरकार की प्राथमिकताओं को समझने में माहिर होता है, वह दूसरी सरकार की प्राथमिकताओं को भी समझने में देर नहीं लगाता। जो राजनीतिक कार्यकर्ता वर्षों तक सत्ता की भाषा समझता आया है, वह नई सत्ता की भाषा भी जल्दी सीख लेता है। यही प्रशासनिक निरंतरता भी है और राजनीतिक व्यावहारिकता भी। व्यंग्यकार बस इतना पूछता है कि इतनी जल्दी नई भाषा कैसे आ जाती है? सत्ता के लंबे गलियारों में कुछ नाम दीपक की लौ की तरह दिखाई देते हैं। कोई अंजनी, कोई चंचल, कोई अमीर, कोई अनुपम, कोई रवि, कोई चंद्रशेखर, कोई सुधीर, कोई किशोरह्व इन नामों को केवल व्यक्तियों की सूची समझना भूल होगी। यह तो उस व्यवस्था का प्रतीक हैं जिसमें अलग-अलग समय पर अलग-अलग लोग अपनी भूमिका निभाते रहे हैं। कुछ दीपक टिमटिमाते हैं। कुछ तेज जलते हैं। कुछ हवा का रुख देखकर अपनी लौ संभाल लेते हैं और कुछ ऐसे भी होते हैं जो पूरी रात अखंड दीप की तरह जलते दिखाई देते हैं। लेकिन सत्ता की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि अखंड दीप भी अंततः दीप ही होता है। तेल समाप्त हुआ तो लौ समाप्त। कल तक जो दीपक सत्ता के गलियारे को रोशन कर रहा था, आज उसके स्थान पर नया दीपक रखा जा सकता है। नई सरकार आती है तो वह केवल नई योजनाएं नहीं लाती। वह यह भी देखती है कि पुराने दीपकों में से कौन कितनी रोशनी दे सकता है और कौन अपनी लौ लेकर इतिहास के अंधेरे कमरे में चला जाए। सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के बाद बिहार सरकार की आधिकारिक सूचनाओं में नई सरकार की गतिविधियां लगातार दर्ज होती रही हैं। 16 अप्रैल को उन्होंने उपमुख्यमंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री सचिवालय की कार्यप्रणाली पर चर्चा की थी। यानि नई कुर्सी पर बैठते ही सबसे पहला काम यही था कि पुरानी मशीनरी को समझा जाए। यह जरूरी भी है। क्योंकि मुख्यमंत्री चाहे नया हो, लेकिन सचिवालय नया नहीं होता। फाइलें पुरानी होती है, नियम पुराने होते हैं, कानून पुराने होते हैं, विभागों की संरचना पुरानी होती है और जनता की समस्याएं तो उससे भी पुरानी होती है। नई सरकार को इन्हीं पुराने औजारों से नई तस्वीर बनानी होती है। यहीं असली परीक्षा शुरू होती है। कुर्सी बदलना राजनीतिक प्रक्रिया है। कुर्सी की संस्कृति बदलना प्रशासनिक चुनौती। किसी मुख्यमंत्री के आते ही नामपट्ट बदल सकता है। तस्वीर बदल सकती है। बैठक की व्यवस्था बदल सकती है। संबोधन बदल सकता है। लेकिन क्या फाइल की गति बदलती है? क्या आम आदमी को कार्यालय के चक्कर कम लगाने पड़ते हैं? क्या निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज होती है? क्या भ्रष्टाचार की शिकायतों पर कार्रवाई की गति बढ़ती है? क्या अधिकारी जवाबदेह महसूस करते हैं? क्या जनता को लगता है कि सरकार उसके दरवाजे तक पहुंची है? यही वे सवाल हैं जिनका जवाब समय देता है। क्योंकि सत्ता के शुरूआती दिनों में हर सरकार तेज दिखाई देती है। असली परीक्षा तब होती है जब शुरूआती उत्साह समाप्त हो जाता है और रोजमर्रा का प्रशासन शुरू होता है। राजा बदलता है तो दरबारियों की परीक्षा होती है, यह कहावत पुरानी है। लोकतंत्र में राजा नहीं होता, सरकार होती है, दरबारी नहीं होते, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक तंत्र होता है। लेकिन व्यंग्य को अपना रास्ता चाहिए, इसलिए हम इन्हें सिपहसालार ही कहेंगे। सिपहसालार की असली परीक्षा तब होती है जब उसे नई सरकार की प्राथमिकताओं के अनुसार काम करना पड़ता है। कल तक जिस फाइल को ह्लबहुत महत्वपूर्णह्व बताया जा रहा था, आज वही फाइल अलमारी में नीचे क्यों चली गई? कल जिस योजना को ह्लऐतिहासिकह्व कहा जा रहा था, आज उसके बारे में कोई बात क्यों नहीं कर रहा? कल जिस अधिकारी की कार्यशैली की प्रशंसा हो रही थी, आज उसके कमरे का रास्ता लंबा क्यों हो गया? यही तो सत्ता का खेल है और इसमें सबसे चतुर वह नहीं जो किसी एक व्यक्ति के प्रति निष्ठावान दिखाई दे, बल्कि वह है जो संविधान, कानून और संस्थागत जिम्मेदारी के प्रति अपनी निष्ठा कायम रखे। क्योंकि व्यक्ति बदलते हैं, सरकारें बदलती हैं, लेकिन राज्य चलता रहता है। राजनीतिक व्यंग्य में इसे चाहे ह्लसम्राट युगह्व कहें या नई सरकार का दौर, तथ्य इतना है कि अप्रैल 2026 से बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हैं। बिहार सरकार की आधिकारिक वेबसाइट भी 1 अक्टूबर 2026 को उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में दर्ज करती है। इसलिए 1 अक्टूबर को नए महीने के साथ एक अलग राजनीतिक प्रतीक जरूर दिखाई देता है। अब प्रश्न यह नहीं है कि कुर्सी पर कौन बैठा है। प्रश्न यह है कि कुर्सी पर बैठने के बाद वह कुर्सी को किस तरह चलाता है। कुर्सी किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति नहीं होती। वह जनता की ओर से मिली जिम्मेदारी होती है। इसलिए ह्लसम्राट राजह्व का असली अर्थ भी व्यक्ति-पूजा नहीं, बल्कि नई प्रशासनिक कार्यशैली की परीक्षा होना चाहिए। नाम बदलने से शासन नहीं बदलता है। शासन तब बदलता है जब निर्णय लेने की गति बदलती है, जवाबदेही बदलती है और जनता को मिलने वाली सेवा बदलती है। सही व्यंग्यात्मक संकेत है कि कुर्सी बदली तो पांव भी बदलने जरूरी होते हैं। वरना पुरानी कुर्सी के हिसाब से बने पांव नई कुर्सी को कब असंतुलित कर दे, पता नहीं चलता है। लेकिन एक और बात भी जरूरी है। पांव बदलने के साथ दिशा भी बदलनी चाहिए। यदि कुर्सी नई है, पांव नए हैं, गाड़ी नई है, ड्राइवर नया है, लेकिन रास्ता वही पुराना है और मंजिल भी वही है, तो यात्रा में नया क्या हुआ? नई सरकार का मतलब केवल नए चेहरे नहीं होना चाहिए। नई सरकार का मतलब होना चाहिए, नई प्राथमिकताएं, नई कार्यसंस्कृति, नई जवाबदेही और पुराने प्रशासनिक ढर्रे पर नई नजर। यही वह बिंदु है जहां राजनीतिक परिवर्तन प्रशासनिक परिवर्तन में बदलता है। केंद्र सरकार समय-समय पर ऐसे निर्णय लेती है जिनका प्रभाव देशभर के नागरिकों की जेब, कारोबार, तकनीक और दैनिक जीवन पर पड़ता है। नए महीने के साथ केंद्र के कई नियम और प्रावधान लागू होते हैं। आम आदमी के लिए इनका अर्थ अक्सर यही होता है कि किसी फॉर्म में एक कॉलम बढ़ गया, किसी भुगतान पर नया नियम आ गया, किसी सेवा का तरीका बदल गया या किसी सुविधा की शर्त बदल गई। लेकिन बिहार का बदलाव थोड़ा अलग है। यहां प्रश्न सीधे प्रशासन से जुड़ता है। पटना के सचिवालय से निकला आदेश गांव के प्रखंड कार्यालय तक जाता है। वहां से पंचायत तक पहुंचता है और अंततः उसी आम आदमी के दरवाजे तक आता है जिसने सरकार को चुना है। इसलिए बिहार सरकार में परिवर्तन का वास्तविक अर्थ तभी दिखाई देगा जब सत्ता की नई ऊर्जा प्रशासन के अंतिम छोर तक पहुंचेगी।

## मेरी कलम के उद्गारः माँ भारती का लाल...

**महादेव की भक्ति थी उसमें, माँ सरस्वती की शक्ति थी उसमें, गोरों की दासता से मिले मुक्ति, तन-मन में दृढ़ राष्ट्र भक्ति थी उसमें नन्हे नाम बचपन का उसका, अपनी माँ का वो बहादुर लाल था, नतमस्तक हुई उफनती दरिया, देखकर थम गया काल था, तैरकर चीरी छाती जल-धारा की, गंगा पार स्कूल पहुँचा वो नन्हा लाल था। समर भूमि में थर्रा उठे दुश्मन, निष्फल उसका हर चाल था, लाहौर में गाड़ेंगे तिरंगा, लाल बहादुर का ये अडिग ख़्याल था।**





राकेश कुशवाहा ऋषि
(लेखक)

सूरज जैसा तेज था उसमें, चाँद सी थी शीतलता। पवन जैसा वेग था उसमें, अग्नि सी थी निडरता। वतन वालों क्या बताऊँ, कैसे सुनाऊँ तुमको, उसकी अमर कहानियाँ, हर पल बाधाओं से लड़कर, और दुखों को सहकर तपा हो जीवन जिसका काशी का गौरव, हिन्द का वो लाल था, छोटी सी थी कद-काठी उसकी, पर हिम्मत उसमें बेमिसाल था। महादेव की भक्ति थी उसमें, माँ सरस्वती की शक्ति थी उसमें, गोरों की दासता से मिले मुक्ति, तन-मन में दृढ़ राष्ट्र भक्ति थी उसमें नन्हे नाम बचपन का उसका, अपनी माँ का वो बहादुर लाल था, नतमस्तक हुई उफनती दरिया, देखकर थम गया काल था, तैरकर चीरी छाती जल-धारा की, गंगा पार स्कूल पहुँचा वो नन्हा लाल था। समर भूमि में थर्रा उठे दुश्मन, निष्फल उसका हर चाल था, लाहौर में गाड़ेंगे तिरंगा, लाल बहादुर का ये अडिग ख़्याल था। जय जवान जय किसान का, वो करता गुणगान था, सरल स्वभाव सादगी भरा जीवन, तनिक भी न उसमें अभिमान था। वतन की खातिर, अमन की खातिर, कुर्बान हो गया लाल था, दो अक्टूबर जन्म-दिवस उसका, माँ भारती का वो बहादुर लाल था, माँ भारती का वो बहादुर लाल था....

## संक्षिप्त खबरें

### कलयुगी पुत्रों ने की मां की पीटाई

दरियापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के मुजौना गांव में एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है। अपनी बूढ़ी मां की पिटाई कर रहे पुत्रों ने बीच बचाव करने गए चौकीदार पर ही चाकू से हमला कर दिया इसके बाद चौकीदार की वर्दी फाड़ दी साथ ही धमकी दी कि तुम्हें नौकरी से बर्खास्त करा दूंगा घायल चौकीदार रतन कुमार सिंह को इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया इस संबंध में चौकीदार ने तीन लोगों को आरोपित करते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है दर्ज प्राथमिकी में उसने कहा है कि दो पुत्र मिल कर किसी वजह से अपनी बूढ़ी मां के साथ मारपीट कर रहे थे वे ही मां बेटे का झगड़ा छुड़ाने पहुंच गए इसके बाद दोनों पुत्रों ने अपनी मां को छोड़ कर उन पर ही चाकू से हमला कर दिया चाकू उसके हाथ में लग गई जिससे वह घायल हो गया चौकीदार ने आरोप लगाया है कि उसकी लाठी डंडे से पिटाई भी की गई इसके बाद आरोपितों ने उसकी वर्दी फाड़ दी फिर धमकी भी दी कि तुम्हें नौकरी से बर्खास्त करवा दूंगा। पुलिस छानबीन में जुट गई है।

### इसुआपुर में 20 लीटर देशी शराब बरामद

इसुआपुर। स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर थाना क्षेत्र के नवादा गांव स्थित एक बगीचे से 20 लीटर देशी शराब बरामद किया है। हालांकि पुलिस की कार्रवाई की भनक लगते ही शराब कारोबारी मौके से फरार हो गया। एसआई हीरा कुमार पासवान ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि नवादा गांव निवासी शशि भूषण सिंह का पुत्र विनय सिंह अपने घर के समीप बगीचा में देशी शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना का सत्यापन करने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही विनय सिंह वहां से भाग निकला। तलाशी के दौरान 20 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। पुलिस फरार कारोबारी की गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई कर रही है।

### इसुआपुर सीएचसी में नहीं मिल रहा एंटी रेबीज वैक्सीन, मरीज परेशान

इसुआपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इसुआपुर में पिछले बीस दिनों से एंटी रेबीज वैक्सीन नहीं मिल रहा है। जिससे कुत्ता, बंदर, बिल्ली समेत अन्य जानवरों के काटने के बाद इलाज के लिए पहुंच रहे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन दर्जनों मरीज वैक्सीन लगवाने की उम्मीद में सीएचसी पहुंच रहे हैं। लेकिन वैक्सीन उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। वैक्सीन की लगातार कमी से मरीजों और उनके स्वजनों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि जानवरों के काटने के बाद समय पर एंटी रेबीज वैक्सीन लेना जरूरी होता है। ऐसे में सरकारी अस्पताल में वैक्सीन नहीं मिलने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। कई मरीज निजी अस्पतालों से महंगे दाम पर वैक्सीन खरीदने को मजबूर हैं। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। इस बाबत सीएचसी इसुआपुर के स्वास्थ्य प्रबंधक नवाब अख्तर जिलानी ने बताया कि रेबीज वैक्सीन की आपूर्ति केवल इसुआपुर सीएचसी में ही नहीं, बल्कि पूरे जिले में फिलहाल बाधित है। जिला स्तर पर वैक्सीन उपलब्ध होते ही सीएचसी इसुआपुर को भी वैक्सीन की आपूर्ति हो जाएगी।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संक्रमण से बचाव हेतु चूना एवं ब्लीचिंग पाउडर का लगातार छिड़काव

छपरा सदर। सारण जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संक्रमण की रोकथाम एवं स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की मेडिकल टीम द्वारा लगातार आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकता के अनुसार चूना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर स्वच्छता सुनिश्चित करने तथा संक्रमण के संभावित खतरे को कम करने का कार्य किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित इलाकों एवं आश्रय स्थलों में स्वास्थ्य और स्वच्छता व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है। पानी उतरने वाले क्षेत्रों तथा लोगों के आवागमन एवं रहने वाले स्थानों पर भी आवश्यकतानुसार चूना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव सहित अन्य जरूरी स्वच्छता एवं निरोधात्मक उपाय किए जा रहे हैं, ताकि बाढ़जन्य संक्रमण से लोगों को सुरक्षित रखा जा सके।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवक को रौंदा एक की मौत, एक गंभीर

सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र के डोरीगंज चौक के समीप बीते रात एक भारी वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों को रौंदा जिसमें एक युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर घायल हो गया 112 की गाड़ी पहुंची और इलाज हेतु सदर अस्पताल भेज दिया गया है मृतक युवक की पहचान सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र के सिंगही गांव निवासी मुसाफिर राय पुत्र सुशील राय बताए गए हैं मृतक युवक का दो बेटी और एक छोटा लड़का है मौके की खबर सुन परिजन का रो रो बुरा हाल हो चुका है।

# डीएम ने आपदा राहत कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। सोमवार को जिला पदाधिकारी सारण वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आपदा राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अपर समाहर्ता, सभी बाढ़ प्रभावित प्रखंडों के अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, उन प्रखंडों के सभी प्रभारी पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी प्रत्यक्ष एवं हाइब्रिड माध्यम से जुड़े। जिला पदाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को राहत वितरण में पारदर्शिता, समुचित दस्तावेजीकरण तथा प्रभावित परिवारों तक आवश्यक सुविधाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

राहत वितरण एवं दस्तावेजीकरणः जिला पदाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर अनुश्रवण/मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित कराने तथा समिति से अनुमोदन प्राप्त कर लाभुकों की सत्यापित सूची तैयार करने का निर्देश दिया। सूखा राशन, तिरपाल, पॉलीथिन शीट सहित अन्य राहत सामग्री के वितरण का समुचित अभिलेख एवं प्रॉपर डॉक्यूमेंटेशन सुनिश्चित करने को कहा गया। लाभुकों का आधार एवं बैंक खाता संबंधी विवरण भी सूची में दर्ज करने तथा आवश्यकतानुसार कैंप लगाकर एंट्री कराने का निर्देश दिया गया। सभी बाढ़ प्रभावित प्रखंडों में प्रभारी पदाधिकारी एवं दस्तावेजीकरण/लेखन संबंधी पदाधिकारी को टैग कर राहत कार्यों से संबंधित अभिलेखों को व्यवस्थित रूप से संधारित करने को कहा गया।

सामुदायिक रसोई की नियमित मॉनिटरिंगः प्रभावित क्षेत्रों में संचालित सामुदायिक रसोई की पंजी का नियमित एवं व्यवस्थित संधारण करने का निर्देश दिया गया। मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पंजी एवं संचालन का सत्यापन तथा अनुश्रवण समिति से आवश्यक अनुमोदन सुनिश्चित कराने को कहा गया। प्रभावित स्थलों पर उपलब्ध स्थान एवं आवश्यकता का आकलन करते हुए वहीं सामुदायिक रसोई संचालित करने तथा बाढ़ प्रभावित परिवारों को समय पर भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

पेयजल, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य व्यवस्था पर विशेष जोरः जिला पदाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। सभी चापाकलों में हैलोजन टैबलेट डालने, नल-जल योजनाओं के कनेक्शन को फंक्शनल रखने तथा प्रभावित परिवारों के लिए सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी प्रभावित क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर के पर्याप्त छिड़काव एवं स्वच्छता संबंधी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन को प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं संक्रमण नियंत्रण के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

जलस्तर एवं रेस्क्यू व्यवस्था की लगातार निगरानीः बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जलस्तर की लगातार निगरानी करने तथा आवश्यकता के अनुरूप एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की नावों के परिचालन एवं रेस्क्यू कार्य की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जहां सड़क संपर्कता बाधित हुई है, वहां ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंताओं को आवश्यक कार्रवाई करते हुए संपर्कता बहाल करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राहत एवं बचाव कार्यों में आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक गतिविधि का समुचित रिकॉर्ड, सत्यापन एवं दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करें, ताकि बाढ़ प्रभावित परिवारों तक राहत एवं आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता प्रभावी एवं पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित हो सके।

## शिशु को दिया गया गोद



छपरा कार्यालय। जिला पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव द्वारा विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान सारण में आवासित शिशु को अपने कार्यालय कक्ष में स्पेन के एकल माता को नियमानुसार एवं विधिवत रूप से अंतिम दत्तक ग्रहण आदेश प्रदान कर शिशु को गोद दिया गया। यह पूरी प्रक्रिया महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय दत्तक ग्रहण संस्थान प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित पोर्टल मिशन वात्सल्य missionvatsalya.wcd.giv.in के माध्यम से एवं किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम 2015 एवं दत्तक ग्रहण विनियम 2022 के तहत संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि हर बच्चों को परिवार का प्यार और सुरक्षित भविष्य मिलना चाहिए। दत्तक ग्रहण समाज का सबसे पुनीत कार्य है। गोद लिए गए शिशुओं को अपने जैविक बच्चों की तरह प्यार, शिक्षा और संस्कार दें।

## जिलाधिकारी के आदेशानुसार सोमवार को 41 लोगों की समस्या को सुना गया तथा कार्रवाई को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिया गया निदेश

छपरा सदर। सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को जिलाधिकारी आमलोगों से मुलाकात कर उनकी समस्या को सुन रहे हैं। जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को आयोजित किया जा रहा है।

सोमवार को जनता दरबार में उपस्थित सभी 41 लोगों की समस्या को जिलाधिकारी के द्वारा सुना गया तथा कार्रवाई को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये।जनता दरबार में अधिकांश मामले राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के थे। इसके अतिरिक्त मद्यनिषेध उत्पाद एवं निबंधन, सामाजिक सुरक्षा,शिक्षा सहित पीजीआर ओ एवं डीडीसी से संबंधित मामले थे , जिनका एक एक करके निष्पादन किया जा रहा है। सभी आवेदनों के संदर्भ में भी समस्या के निराकरण के लिये कार्रवाई का निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया गया।

# बाढ़ पीड़ितों का हाल जानने पहुंचे भाकपा माले के पूर्व विधायक, राहत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता



अमनौर अमनौर और मकेर प्रखंड के विभिन्न बाढ़ प्रभावित गांवों में भाकपा माले के पूर्व विधायक सत्यदेव राम एवं अमरजीत कुशवाहा ने दौरा कर बाढ़ पीड़ितों का हाल जाना। इस दौरान नेताओं ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। नेताओं ने बताया कि बाढ़ के कारण बड़ी संख्या में लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई परिवारों तक अभी तक समुचित सुविधा नहीं पहुंच सकी है।बाढ़ पीड़ितों का जन जीवन नरकीय बना हुआ है।इनका आरोप है कि पंचायत स्तर के प्रतिनिधियों के जिम्मे व्यवस्था को छोड़ दिया गया है, जिससे लोगों तक आवश्यक चीजें नहीं पहुंच पा रही हैं।ये लोग जाति अपना बोटर देख मदद कर रहे है।बाढ़ पीड़ित भगवान भरोसे समय बिताने को मजबूर हैं। उन्होंने प्रशासन से बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच तत्काल राहत सामग्री, भोजन, पेयजल, दवा एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।दौरे के दौरान नेताओं ने मकेर, फुलवरिया, चकिया, अंजली, जमालपुर, चंदीला, सुल्तानगंज एवं जगदीशपुर नरसिंह भान पुर सहित विभिन्न प्रभावित गांवों का जायजा लिया और बाढ़ पीड़ितों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर राज्य कमेटी सदस्य सत्यदेव राम एवं अमरजीत कुशवाहा के साथ जिला कमेटी सदस्य सभा राय, विजेंद्र मिश्र, जीवनंदन राय, अनुज दास, हंसनाथ राम, कौशिक कुणाल एवं वीरेंद्र राय सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।इन्होंने कहा सरकार बाढ़ के मरमती कार्य मे घोटाला किए है।यहां के सांसद जल संसाधन संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष भी है।इसके बावजूद इस क्षेत्र में बाढ़ की समस्या होने दुर्भाग्य है। इनलोगो के कुकर्मो की सजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। भाकपा माले नेताओं ने कहा कि बाढ़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्रशासन को युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव कार्य चलाना चाहिए, ताकि प्रभावित परिवारों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।.

# बेरुई में समाजसेवी चंद्रमा सिंह चौहान की 17वीं पुण्यतिथि मनी

प्रात : किरण संवाददाता



बनियापुर। प्रखंड के बेरुई गांव में समाजसेवी स्व. चंद्रमा सिंह चौहान की 17वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उनके तैल चित्र पर परिवार के सदस्यों एवं ग्रामीणों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। समाजसेवी मृदुभाषी चंद्रमा बाबू हमेशा गरीबों और वंचितों की सेवा के लिए समर्पित रहे। उनकी सेवा भावना को याद करते हुए प्रत्येक वर्ष पुण्यतिथि पर ग्रामीणों के बीच साड़ी, कंबल एवं वस्त्र का वितरण किया जाता है। इस वर्ष भी कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंदों के बीच सामग्री वितरित की गई। पुण्यतिथि के अवसर पर मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया, जिसमें चार सौ से अधिक लोगों को निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श एवं दवा उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में पुत्र ध्रुव सिंह चौहान, रामकुमार सिंह चौहान, दिलीप सिंह चौहान, अभिमन्यु सिंह चौहान , लक्ष्मण सिंह, बलिराम सिंह, रघुवंशी सिंह,समेत परिवार के सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि चंद्रमा बाबू सेना में रहकर देश की सेवा करने के बाद भी समाजसेवा से जुड़े रहे। ग्रामीणों की सेवा के प्रति उनका समर्पण आज भी लोगों के लिए प्रेरणा है। उनकी पत्नी सफेदा कुँवर, पुत्र एवं भतीजे भी उनके पदचिह्नों पर चलते हुए समाजसेवा को अपना कर्तव्य मानते हैं। यही कारण है कि हर वर्ष उनकी पुण्यतिथि गांव के लोगों के बीच मनाने की परंपरा आज भी कायम है।

# तिहरे हत्याकांड की पूरी कहानीः मिट्टी गिराने के कॉन्ट्रैक्ट को लेकर छह महीने से चल रहा था विवाद

- दो पक्षों में दो बार हुईं चाकूबाजी में तीन की गई जान
- छह लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

प्रात : किरण संवाददाता

एकमा। स्थानीय थाना क्षेत्र के परसागढ़ में शनिवार की रात आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुई चाकूबाजी में तीन युवकों की मौत हो गयी. वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज पटना में चल रहा है. वारदात के बाद परसागढ़ और जिरात इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है. पुलिस ने दोनों गांवों में कैंप कर दिया है. घटना के बाद पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है.स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच करीब छह माह पहले मिट्टी भरने को लेकर विवाद हुआ था. बताया जाता है कि मृतक रवीश कुमार यादव मिट्टी भरने का कॉन्ट्रैक्ट लिया करता था. इसी काम को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था. हालांकि, तब स्थानीय लोगों की पहल पर मामला शांत करा दिया गया था. इसके बाद दोनों पक्षों के बीच फिर से विवाद होने की बात सामने आयी है. बताया जाता है कि शनिवार की रात किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई. इसके बाद मामला बढ़ गया और दोनों पक्षों के कुछ लोग परसागढ़ और केसरी के बीच एकत्रित हो गये. इसी दौरान दोनों ओर से चाकूबाजी शुरू हो गयी. घटना में चार युवक घायल हो गये.इलाज के दौरान निजी नर्सिंग होम में फिर भिड़े दोनों पक्ष,और दूसरी बार चाकूबाजी की घटना हुई. इससे घायलों की स्थिति और गंभीर हो गयी. घटना के बाद सभी घायलों को अलग-अलग जगहों पर इलाज के लिए ले जाया गया.घटना में छपरा के भगवान बाजार थाना क्षेत्र के रतनपुरा निवासी अंकुर पटेल की मौत एकमा में ही हो गयी. वह अपनी मां के घर परसागढ़ आया हुआ था और परसागढ़ निवासी अपने नाना पारस पटेल के घर रहता था. वहीं दो अन्य घायलों की मौत छपरा में इलाज के दौरान हो गयी. घटना में परसागढ़ बाजार निवासी विनोद पटेल का 18 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार भी गंभीर रूप से घायल हुआ है. उसका इलाज पटना में चल रहा है. परिजनों और स्थानीय लोगों के बीच घटना को लेकर चिंता बनी हुई है.एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है. हिरासत में लिये गये लोगों में अमित पटेल उर्फ बिलाई, टुनटुन पटेल, लक्ष्मण पटेल, प्रिंस पटेल, रवि पटेल और नितेश कुमार साह के नाम बताये गये हैं. सभी के परसागढ़ पूर्व टोला निवासी होने की जानकारी दी गयी है. मामले में पुलिस अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है.

# खुशनुमा जीवन के लिए परिस्थितियां नहीं बल्कि सोच को बदलना जरूरी : ईवी गिरीश

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। खुश रहना बाहरी परिस्थितियों पर निर्भर नहीं करता है, बल्कि व्यक्ति की सोच, दृष्टिकोण और परिस्थितियों को स्वीकार करने की क्षमता पर निर्भर करता है। हालांकि हर किसी के जीवन में उतार- चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ उनका सामना किया जाए तो कठिन परिस्थितियों में भी जीवन को खुशनुमा बनाया जा सकता है। उक्त बातें प्रख्यात अंतर्राष्ट्रीय काउंसलर ईवी गिरीश भाई जी (मुंबई) ने रविवार को छपरा में आयोजित त्रिदिवसीय राजयोग शिविर के दूसरे दिन शहर के भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में कही। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य भौतिक सुविधाओं के पीछे लगातार भाग रहा है, लेकिन मानसिक शांति और संतुष्टि से दूर होता जा रहा है।

सकारात्मक सोच और आत्मचिंतन को बताया सफलता की कुंजीः ईवी गिरीश ने कहा कि खुशनुमा जीवन की शुरूआत स्वयं से होती है। हर व्यक्ति यदि दूसरों को बदलने के बजाय अपनी सोच और प्रतिक्रिया को बदलने का प्रयास करे, तो कई समस्याएं स्वतः आसान हो जाती हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने, स्वयं के भीतर झांकने और अपनी भावनाओं को समझने की सलाह देते हुए कहा कि नकारात्मक विचार व्यक्ति की ऊर्जा और कार्यक्षमता को प्रभावित करते हैं। इसके विपरीत सकारात्मक विचार आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और व्यक्ति को बेहतर निर्णय लेने में मदद करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दूसरों से तुलना करने के बजाय अपनी क्षमताओं को पहचानना और हर परिस्थिति से कुछ सीखना चाहिए।

जीवन में संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरीः ईवी गिरीश भाई- राजयोग के महत्व पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि नियमित आत्मचिंतन और ध्यान मन को स्थिर करने में सहायक है। जब मन शांत होता है तो व्यक्ति परिस्थितियों को बेहतर तरीके से समझ पाता है और कठिन समय में भी संतुलित निर्णय ले सकता है। व्यक्ति के पास संसाधन बढ़ रहे हैं, लेकिन तनाव, चिंता और असंतोष भी बढ़ता जा रहा है। ऐसे में जीवन में संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर जिला कला एवं संस्कृति सह खेल पदाधिकारी डॉ विभा भारती, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय छपरा की मुख्य संचालिका ब्रह्मकुमारी अनामिका दीदी, बीके अरविंद भाई, पत्रकार सह सामाजिक कार्यकर्ता धर्मेंद्र रस्तोगी, बीके भाई और बहनों सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद दो तस्कर गिरफ्तार

बिहार में पुर्ण शराब को सफल बनाने हेतु पुलिस पदाधिकारी निरंतर छापेमारी और विभिन्न चौक चौराहों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में डोरीगंज थानाध्यक्ष राज शेखर ने मिली गुप्ता सुचना पर दल बल के साथ आरा छपरा वीर कुंवर सिंह सेतु के पश्चिमी छोर दरियावगंज गांव के समीप एक ओपो होवाईट रंग की कार से डिलेवरी देने जाने ही वाले थे कि इसकी भनक डोरीगंज पुलिस ने छापेमारी कर एक में बने तहखाने में छुपाकर रखे लगभग 130 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया साथ ही मौके से दो तस्कर को गिरफ्तार शराब से भरी कार को थाने लाया और गिरफ्तार तस्कर पुछ ताछ के दौरान गिरफ्तार तस्कर हरियाणा के गुड़गांव जिला के निवासी पिता देवेंद्र सिंह का पुत्र विकास कुमार दुसरा रोहतक जिले निवासी वेद प्रकाश पुत्र संजीव कुमार बताया गया है। गिरफ्तार दोनों तस्कर पर बिहार सारण जिले के डोरीगंज थाने में बिहार उत्पाद अधिनियम 20218 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार दोनों तस्करों को छपरा कारा मंडल जेल भेज आगे की कार्रवाई कार्रवाई की जा रही है इस छापेमारी टीम में शामिल डोरीगंज थानाध्यक्ष राज शेखर के साथ थाने के पुलिस पदाधिकारी शामिल हैं।

# ट्रक की टक्कर से दो डिलीवरी बॉय घायल, कॉटन बांधकर पटना रेफर



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लाल बाजार के समीप सोमवार को ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवक छपरा में शैडोफैक्स कंपनी में डिलीवरी बॉय के रूप में काम करते हैं। घायल युवकों की पहचान डोरीगंज थाना क्षेत्र के मोहदीपुर गांव निवासी रंजीत चौरसिया के 24 वर्षीय पुत्र अविनाश कुमार तथा बदलपुर निवासी अमर सिंह के 28 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार सिंह के रूप में हुई है।

घटना के बाद आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। यहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक सुब्रत कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया की दोनों युवकों को चोटें आई है ।

कॉटन बांधकर कर दिया रेफरः सदर अस्पताल में घायलों को प्राथमिक उपचार के दौरान चोट वाले स्थान पर कॉटन बांधा गया और इसके बाद पटना रेफर कर दिया गया। इस व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सदर अस्पताल की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। मरीजों के उपचार के लिए करोड़ों रुपये की लागत से आधुनिक उपकरण और सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावे किए जाते हैं, लेकिन गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद ही रेफर किए जाने की स्थिति सामने आ रही है।

संसाधनों के बावजूद मरीजों को परेशानीः सदर अस्पताल में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगातार संसाधन बढ़ाए जा रहे हैं। इसके बावजूद सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों के उपचार में यदि सामान्य प्राथमिक उपचार के बाद रेफर की स्थिति बन रही है तो यह अस्पताल की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़ा करता है।वही अस्पताल में आधुनिक संसाधनों का लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है और न ही सडक दुर्घटना में मरीजों को रेफर पर ही लगाम लग पा रहा है

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुबह से सक्रिय मेडिकल एवं स्वच्छता टीमें, स्वास्थ्य सेवाओं के साथ स्वच्छता पर भी विशेष जोर

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। सारण जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन की ओर से राहत एवं बचाव कार्यों के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं को भी लगातार सक्रिय रखा गया है। सुबह से ही मेडिकल टीमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच एवं आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध करा रही हैं। इसी क्रम में आज सुबह मकेर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से एक प्रसव पीड़िता को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तत्काल सदर अस्पताल छपरा रेफर कर अस्पताल भेजा गया। स्वास्थ्य विभाग की टीमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखते हुए जरूरतमंद लोगों को आवश्यक उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध करा रही हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संक्रमण की आशंका को देखते हुए साफ-सफाई एवं स्वच्छता का कार्य भी लगातार कराया जा रहा है। प्रभावित गांवों एवं राहत स्थलों में स्वच्छता, कचरा निष्पादन तथा अन्य आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को सक्रिय रखा गया है। प्रशासन की प्राथमिकता है कि बाढ़ की इस कठिन परिस्थिति में प्रभावित लोगों को समय पर आवश्यक सेवाएं एवं सहायता उपलब्ध होती रहे।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए जिला प्रशासन की तत्परता

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला पदाधिकारी, सारण श्री वैभव श्रीवास्तव द्वारा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। बाढ़ के कारण प्रभावित अथवा डूबे हुए चापाकलों की स्थिति का आकलन कर उन्हें दुरुस्त करने तथा आवश्यकतानुसार चापाकलों में हैलोजन टैबलेट डालकर पानी को शुद्ध रखने का निर्देश दिया गया है।

इसके साथ ही बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त अथवा बाधित हर घर नल का जल योजना के कनेक्शनों को शीघ्र दुरुस्त करने तथा जहां तत्काल पाइपलाइन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराना संभव नहीं है, वहां टैंकर के माध्यम से पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है। संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई भी की जा रही है, ताकि बाढ़ की स्थिति में लोगों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के लिए सूखे चारे के साथ चिकित्सा सुविधा की लगातार व्यवस्था

छपरा सदर। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुधन की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन, सारण द्वारा पशुओं के लिए सूखे चारे की लगातार व्यवस्था कर प्रभावित इलाकों तक पहुंचाई एवं वितरित की जा रही है। पिकअप वाहनों के माध्यम से आवश्यकतानुसार सूखा चारा पहुंचाकर पशुपालकों को उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि बाढ़ की स्थिति में पशुओं के लिए चारे की कमी न हो। इसके साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बीमार एवं जरूरतमंद पशुओं के उपचार के लिए मेडिकल एवं पशु चिकित्सा टीम द्वारा लगातार चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पशुओं की स्वास्थ्य स्थिति की निगरानी करते हुए आवश्यक उपचार एवं दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्यों के साथ-साथ पशुधन की सुरक्षा, चारा एवं चिकित्सा व्यवस्था को भी प्राथमिकता देते हुए लगातार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

## नहर मार्ग लूटकांड का पुलिस ने किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

पानापुर (सारण) पानापुर तरैया नहर मार्ग पर करीब एक माह पहले हथियार के बल पर हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूटा गया मोबाइल फोन तथा वारदात में इस्तेमाल की गयी बाइक भी बरामद की गयी है।पुलिस के अनुसार, नहर मार्ग पर हुई लूट की घटना के बाद मामले की जांच शुरू की गयी थी। तकनीकी अनुसंधान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।जांच के दौरान पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गयी बाइक को भी जब्त कर लिया। साथ ही लूट के दौरान छीना गया मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर घटना में शामिल अन्य लोगों तथा लूट की पूरी साजिश के संबंध में जानकारी जुटा रही है।पुलिस की इस कार्रवाई से नहर मार्ग पर हुई लूट की घटना का पदार्फाश हुआ है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# विधि-व्यवस्था एवं शांति संधारण को लेकर डीएम व एसपी ने दिए आवश्यक निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। दुर्गा पूजा पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था एवं शांति संधारण सुनिश्चित करने को लेकर सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता जिला दंडाधिकारी-सह-जिलाधिकारी भोजपुर मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने की। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को दुर्गा पूजा के मद्देनजर नगर क्षेत्रों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रमुख चौक-चौराहों एवं पूजा स्थलों के आसपास पेयजल की व्यवस्था, आवश्यकतानुसार एम्बुलेंस टीम की प्रतिनियुक्ति, बिजली के जर्जर एवं लटकते तारों की समय पर मरम्मत तथा अस्पतालों में मेडिकल टीम की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसहभागिता एवं सामुदायिक सहयोग से दुर्गा पूजा पर्व को सौहार्दपूर्ण, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराया जाए। शांति समिति के सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न बिंदुओं एवं समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने तथा आपसी समन्वय से विधि-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय रहे और किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां पहले से पूरी रखी जाएं। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सहायक समाहर्ता, सिविल सर्जन, नगर आयुक्त, आरा नगर निगम, विशेष कार्य पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी आरा सदर, पीरो एवं जगदीशपुर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आरा, पीरो एवं जगदीशपुर सहित शांति समिति के सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जनता की समस्याओं का शीघ्र करें समाधान : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। ईज ऑफ लिविंग के तहत आयोजित जिला जनता दरबार में जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा ने 42 से अधिक आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। जनता दरबार में मुख्य रूप से राजस्व एवं भूमि सुधार, प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा सामाजिक सुरक्षा कोषांग से संबंधित मामले सामने आए। जिला पदाधिकारी ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को मामलों की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीएम ने प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन के साथ-साथ लंबित मामलों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम लोगों की समस्याओं पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को लोगों की शिकायतों के समाधान के लिए गंभीरता से कार्य करने तथा आवेदनों के निष्पादन में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं करने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### जगदीशपुर बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

जगदीशपुर। जगदीशपुर बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को अधिवक्ता मुख्य भवन के सभागार में आयोजित किया गया। समारोह में चुनाव प्रभारी मुकुल विकास श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण करने वालों में अनिल कुमार चौबे ने अध्यक्ष, शिवजी सिंह महासचिव तथा मार्कंडेय सिंह उपाध्याय, हर्षवर्धन सिंह कोषाध्यक्ष के रूप में शपथ ली। इसके अलावा वरिष्ठ सदस्य धर्मेंद्र यादव सहित अन्य नवनिर्वाचित सदस्यों ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। समारोह के दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, बार एसोसिएशन की गरिमा एवं एकता बनाए रखने तथा अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। शपथ ग्रहण समारोह में अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अधिवक्ताओं ने शुभकामनाएं दीं और उनके कार्यकाल के सफल रहने की कामना की। इस अवसर पर वृंदा यादव, देवव्रत ओझा, चंद्र भुषण सहाय, दशरथ साल, विनय कुमार ओझा, पंकज द्विवेदी विजय राम, धर्मेश सिंह जाहीद हुसैन मौजूद थे इस आशय की जानकारी संघ के अधिवक्ता सह प्रवक्ता विनोद वर्मा ने एक प्रेस नोट जारी कर दिया।

### सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ रील बनाना युवक को पड़ा महंगा

बिहिया। सोशल मीडिया पर अवैध हथियार लहराकर रील बनाना तीन लोगों को भारी पड़ गया। बिहिया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक बालिक और दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बालिक की पहचान प्रकाश सिन्हा के रूप में हुई है, जिसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। दोनों नाबालिगों को बाल सुधार गृह भेजने की प्रक्रिया शुरू की गई है। प्रकाश सिन्हा की निशानदेही पर पुलिस ने बिहिया स्टेशन परिसर से एक अवैध पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी ने बताया कि 3 सितंबर को इंस्टाग्राम पर अवैध हथियार लहराते हुए वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस ने तकनीकी जांच और गुप्त सूचना के आधार पर आरोपियों को बिहिया नगर के मेला रोड से पकड़ा। पकड़े गए नाबालिगों में से एक बिहिया नगर का और दूसरा बहोरनपुर थाना क्षेत्र का निवासी है। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि पकड़े गए दोनों नाबालिग काफी समय से अवैध शराब के कारोबार में भी संलिप्त थे।

### 46 वर्षीय किसान संतोष सिंह की करंट की चपेट में आने से हुई मौत

भोजपुर के बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव में रविवार को एक दर्दनाक हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। खेत में धान की फसल की सिंचाई करने पहुंचे 46 वर्षीय किसान संतोष सिंह की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, संतोष सिंह हाजीपुर स्थित अपने खेत में बोरिंग चलाकर धान की सिंचाई करने गए थे। इसी दौरान बारिश के बीच बिजली के खंभे और जर्जर तार से करंट उतरने की आशंका में वह उसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद वह मौके पर ही गिर पड़े। बताया जा रहा है कि सड़क से गुजर रहे एक व्यक्ति की नजर उन पर पड़ी। उसने शोर मचाकर आसपास के लोगों और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन आनन-फानन में मौके पर पहुंचे और संतोष सिंह को इलाज के लिए मनी छपरा अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घर में चीख-पुकार मच गई। संतोष सिंह अपने पीछे पत्नी कुसुम देवी, दो बेटों और तीन बेटियों समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# +2 उच्च विद्यालय कोरन डिहरी सेवा संकल्प अभियान के तहत भाषण कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। सेवा संकल्प अभियान के तहत +2 उच्च विद्यालय कोरन डिहरी में भाषण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका अंकिता राय और संचालन जगनारायण सिंह ने किये। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में चंदन कुमार चांद द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसके बाद प्रधानाध्यापिका श्रीमती अंकिता राय जी द्वारा अतिथियों को पुष्प, अंगवस्त्र और पौधा देकर स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गान के साथ माननीय प्रधानमंत्री जी की सार्वजनिक सेवा संकल्प पर आधारित भाषण प्रस्तुत किया गया। चंदन कुमार चांद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी की सार्वजनिक सेवा काल और श्रमदान से ऊर्जा के साथ प्रेरणा मिलती है। जिनकी हमें अनुकरण करना चाहिए। स्वच्छता श्रमदान और जल संरक्षण के साथ नशामुक्ति पर भी जागरूक किया गया। भाषण कार्यक्रम में श्रेष्ठ प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागी सन्नी कुमार, सबिता कुमारी, अजीत कुमारी, स्नेहा कुमारी, शिवानी कुमारी को पुरस्कृत किया गया और पर्यावरण की दृष्टिकोण से विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में सुजीत कुमार, चितरंजन कुमार, शिक्षक बीबोध कुमार, अंकिता कुमारी, संजीव कुमार, मोहम्मद सादिक हुसैन इत्यादि सम्मिलित रहें।

# सेवा ही संकल्प अभियान में विद्यार्थियों ने दिया विकसित भारत का संदेश

प्रात : किरण संवाददाता



बड़हरा (भोजपुर)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चल रहे सेवा ही संकल्प अभियान के तहत बड़हरा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में सोमवार को भाषण प्रतियोगिता, पौधारोपण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने सेवा भावना, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, नागरिक जिम्मेदारी और विकसित भारत की परिकल्पना पर अपने विचार रखे। विभिन्न विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में उत्साह और सामाजिक सरोकार का संदेश देखने को मिला। माचा स्वामी प्लस टू विद्यालय, एकौना-कुइयां में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री के सेवा कार्यों और विकसित भारत की संकल्पना पर विचार व्यक्त किए। देश के विकास, सेवा भावना, शिक्षा और नागरिक जिम्मेदारियों जैसे विषयों पर विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखी। मुख्य अतिथि भाजपा नेता रमायण सिंह का प्रधानाचार्य राजेश कुमार तिवारी ने फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। रमायण सिंह ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने तथा विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का अवसर देती हैं। इससे उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़हरा सह उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़हरा बालक में भी सेवा संकल्प अभियान के तहत विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। उन्हें सुरक्षित रहने और आवश्यक सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शिक्षिका हेमलता, शिक्षकगण, बड़हरा थाना की पदाधिकारी पूजा कुमारी, समाजसेवी पलधारी सिंह, छोटू खान सहित ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू राम शहर, बड़हरा में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने प्रधानमंत्री के सेवा कार्यों और विकसित भारत की परिकल्पना पर भाषण दिए। मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता एवं 20 सूत्री अध्यक्ष शुभम पांडे का विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। छात्राओं मुस्कान कुमारी, प्रिंसी कुमारी, रीना कुमारी और अमृता कुमारी ने भाषण के माध्यम से सेवा ही संकल्प अभियान तथा विकसित भारत की संकल्पना पर प्रकाश डाला। टीएस प्लस टू हाई स्कूल, मटुकपुर में सेवा संकल्प अभियान के तहत पौधारोपण एवं भाषण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मनोरंजन तिवारी ने प्रधानाध्यापक सतीश चंद्र पाठक की मौजूदगी में विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

# अंतर महाविद्यालय कबड्डी में महाराजा कॉलेज, एसबी कॉलेज व डीके कॉलेज की शानदार जीत

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के तत्वावधान में अंतर-महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता 2026-27 (पुरुष वर्ग) का आयोजन 5 एवं 6 अक्टूबर को किया जा रहा है। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के 12 महाविद्यालयों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन विश्वविद्यालय के डीन ओ.पी. राय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन, टीम भावना, खेल भावना और समर्पण के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अरविंद कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, अनिल राय, मो. सैफ, कन्हैया सिंह, मुकेश कुमार सिंह एवं पुष्कर कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी शारीरिक दक्षता, तकनीकी कौशल और टीम भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान खेले गए मुकाबलों में शेर शाह कॉलेज, सासाराम ने एसवीपी कॉलेज, भभुआ को 31-30 से पराजित किया। महाराजा कॉलेज ने राधा शांति कॉलेज को 19-04 से हराया। जेएलएन कॉलेज, डेहरी-ऑन-सोन ने आरएसडी कॉलेज, भगवानपुर को 40-25 से शिकस्त दी। वहीं एमवी कॉलेज, बक्सर ने अल-हफीज कॉलेज, आरा को 29-08 से हराया। एक अन्य मुकाबले में महाराजा कॉलेज ने एसटीडी कॉलेज, शाहपुर को 34-06 से पराजित किया। डीके कॉलेज, डुमरांव ने शेर शाह कॉलेज, सासाराम को 42-12 के बड़े अंतर से हराया। एसबी कॉलेज, आरा ने जेएलएन कॉलेज, डेहरी-ऑन-सोन को 29-20 से पराजित कर अगले मुकाबले की ओर कदम बढ़ाया। प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के खेल विभाग के श्री यशवंत कुमार सिंह के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है।

# जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की अहमियत से रूबरू हुए छात्र-छात्राएं

भोजपुर। बड़हरा प्रखंड के टीएस प्लस टू हाईस्कूल, मटुकपुर में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के महत्व और पंजीकरण प्रक्रिया को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं उपस्थित लोगों को प्रमाण पत्रों की कानूनी उपयोगिता, पंजीकरण की प्रक्रिया और सरकारी योजनाओं में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र महज एक कागजी दस्तावेज नहीं, बल्कि व्यक्ति की पहचान और उम्र का महत्वपूर्ण कानूनी प्रमाण है। इसे न्यायालय में भी उम्र से संबंधित मामलों में प्रमाणिक दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। इसी तरह मृत्यु प्रमाण पत्र भी विभिन्न कानूनी और सरकारी कार्यों के लिए अनिवार्य दस्तावेज है। कार्यक्रम में अधिकारियों ने बताया कि बच्चे के जन्म के तुरंत बाद उसका पंजीकरण कराकर प्रमाण पत्र बनवा लेना चाहिए। जन्म के 21 दिनों के भीतर पंजीकरण कराने पर प्रक्रिया सरल रहती है। इसके लिए निर्धारित प्रपत्र के साथ माता-पिता के आधार कार्ड सहित आवश्यक दस्तावेज जमा करने होते हैं। वहीं, जन्म के 21 दिनों से एक वर्ष के भीतर पंजीकरण के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन किया जा सकता है। एक वर्ष से अधिक पुराने मामलों में नियमानुसार अतिरिक्त प्रक्रिया पूरी करने और सक्षम पदाधिकारी के आदेश की आवश्यकता होती है। अधिकारियों ने लोगों को आगाह किया कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र केवल अधिकृत सरकारी कार्यालयों और नामित पदाधिकारियों के माध्यम से ही बनवाएं। प्रमाण पत्र में पंजीकरण से संबंधित विवरण के साथ क्यूआर कोड भी अंकित रहता है, जिसके माध्यम से उसकी सत्यता की जांच की जा सकती है। उन्होंने अनधिकृत व्यक्तियों के माध्यम से प्रमाण पत्र बनवाने और किसी भी तरह की धोखाधड़ी से बचने की अपील की। कार्यक्रम में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अभय कुमार पुरी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विकास कुमार पाण्डेय एवं सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी रजनीश कुमार ने छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को जागरूक करते हुए कहा कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के साथ-साथ विभिन्न आवश्यक कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अधिकारियों ने सभी लोगों से समय पर पंजीकरण कराने, प्रमाण पत्र को सुरक्षित रखने और इसकी महत्ता के प्रति दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की।

# दुर्गापुजा में सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद नियमों की अनदेखी पर होगी कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता

कोईलवर। दुगार्पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को कोईलवर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर एसडीपीओ-2 रणजीत कुमार सिंह ने की। बैठक में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पूजा समितियों के पदाधिकारियों के साथ सुरक्षा, यातायात, पंडाल निर्माण, महिला सुरक्षा और प्रतिमा विसर्जन को लेकर विस्तार से चर्चा की। एसडीपीओ रणजीत कुमार सिंह ने पूजा समितियों को निर्देश देते हुए कहा कि पंडाल बनाने के दौरान सड़क का अतिक्रमण नहीं किया जाए। सड़क को इस तरह बाधित नहीं किया जाए कि आपात स्थिति में पुलिस, अग्निशमन या अन्य आवश्यक वाहनों को मौके तक पहुंचने में परेशानी हो। बिजली के तार के आसपास या उसके नीचे प्रतिमा स्थापित नहीं करने का भी निर्देश दिया गया। पंडाल में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग गेट जरूरी एसडीपीओ ने कहा कि पंडाल निर्माण में लोहे का इस्तेमाल नहीं किया जाए। पंडाल बांस से बनाया जाए तथा उसमें प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग गेट की व्यवस्था हो। पंडाल के आसपास लंबे क्षेत्र को पूरी तरह घेरकर रखने से बचने को कहा गया, ताकि किसी आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को बाहर निकलने में परेशानी नहीं हो। उन्होंने पंडाल में सिंथेटिक कपड़े के बजाय सूती कपड़े का इस्तेमाल करने की सलाह दी। इसका उद्देश्य आग लगने की स्थिति में आग के तेजी से फैलने की आशंका को कम करना है। महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष नजरपूजा के दौरान मेला एवं माता के दर्शन के लिए आने वाली महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पूजा समितियों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। प्रत्येक पूजा समिति से 20 जिम्मेदार वॉलेंटियरों के नाम प्रशासन को उपलब्ध कराने को कहा गया। बिना लाइसेंस प्रतिमा स्थापित नहीं करने की हिदायतबैठक में स्पष्ट किया गया कि बिना लाइसेंस प्रतिमा स्थापित नहीं की जाएगी। देवी जागरण के नाम पर किसी भी प्रकार की अश्लीलता या आपत्तिजनक कार्यक्रम नहीं करने का निर्देश दिया गया। पूजा समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव का व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का सुझाव दिया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को तत्काल सूचना दी जा सके। विसर्जन में शांति भंग करने वालों पर रहेगी नजरएसडीपीओ ने कहा कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान भी पूरी तरह शांति एवं सौहार्द बनाए रखना होगा। जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की शांति भंग करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस द्वारा शरारती एवं असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। बैठक में पचैना, कोईलवर, धनडीहा, दौलतपुर, कुल्हड़िया एवं आजाद कला मंदिर कोईलवर सहित विभिन्न पूजा समितियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। मौके पर बीडीओ बीर बहादुर पाठक, नगर कार्यपालक पदाधिकारी शाहाब याहिया, राजस्व अधिकारी राजभूषण सिंह सहित बड़ी संख्या में पूजा समितियों के सदस्य मौजूद रहे।

# आगंतुकों के लिए बने शेड में पुलिसकर्मियों की बाइक हो रही पार्क, फरियादी परेशान

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। कोइलवर थाना परिसर में आगंतुकों और फरियादियों के बैठने के लिए बनाए गए शेड में पुलिस अधिकारियों और जवानों की बाइक खड़ी किए जाने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अपनी शिकायत और फरियाद लेकर थाना पहुंचने वाले लोगों को बैठने के लिए जगह नहीं मिलती है। ऐसे में फरियादी थाना परिसर में इधर-उधर घूमते नजर आते हैं। मालूम हो कि कोइलवर थाना परिसर में तत्कालीन थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र के कार्यकाल में आगंतुकों के बैठने की सुविधा के लिए शेड का निर्माण कराया गया था। इसका उद्देश्य थाना पहुंचने वाले फरियादियों को धूप और बारिश से राहत देते हुए बैठने की सुविधा उपलब्ध कराना था लेकिन वर्तमान में उक्त शेड में पुलिस अधिकारियों और जवानों की बाइक खड़ी की जा रही है। थाना पहुंचने वाले आम लोगों का कहना है कि जब शेड में बाइक खड़ी करने को लेकर संतरी ड्यूटी में तैनात जवान से जानकारी ली जाती है तो बताया जाता है कि यह जगह थाना के स्टाफ की गाड़ियां रखने के लिए है। इससे फरियादियों को बैठने के लिए जगह नहीं मिल पाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि थाना परिसर में आम लोगों के लिए बनाई गई सुविधा का इस्तेमाल उसी उद्देश्य के लिए होना चाहिए। फरियादियों ने पुलिस के वरीय अधिकारियों से मामले में संज्ञान लेते हुए आगंतुकों के लिए बनाए गए शेड को बाइक पार्किंग से मुक्त कराने और वहां बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। वही जब इस संबंध में सदर एसडीपीओ-रंजीत कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने इस संबंध में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

# वीकेएसयू में स्पॉट एडमिशन 6 से शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के स्नातक सत्र 2026-30 में रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए स्पॉट एडमिशन राउंड आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार स्पॉट एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन 6 से 8 अक्टूबर 2026 तक किए जा सकेंगे। 9 अक्टूबर को मेरिट सूची एवं पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी होगी, जबकि चयनित विद्यार्थियों का नामांकन 10 से 12 अक्टूबर तक होगा। स्पॉट एडमिशन केवल विभिन्न महाविद्यालयों में उपलब्ध रिक्त सीटों के विरुद्ध किया जाएगा। पूर्व के नामांकन चरणों में जिन विद्यार्थियों का किसी भी कॉलेज में नामांकन नहीं हो सका है, वे अपने पूर्व पंजीकृत लॉगिन आईडी से आवेदन कर सकेंगे। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि जिन अभ्यर्थियों का पहले ही नामांकन हो चुका है, वे स्पॉट एडमिशन के लिए पात्र नहीं होंगे। अभ्यर्थियों को आवेदन के दौरान अधिकतम तीन महाविद्यालयों एवं पांच विषयों का विकल्प देने की सुविधा होगी। आवेदन समर्थ पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थियों को पहले महाविद्यालयवार एवं विषयवार उपलब्ध रिक्त सीटों की जानकारी देखनी होगी। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि स्नातक सत्र 2026-30 में रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए स्पॉट एडमिशन अंतिम अवसर होगा। नामांकन की प्रक्रिया निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी करनी होगी।

# हेतमपुर में 10 + 2 विद्यालय को गांव में ही रखने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

जगदीशपुर। विद्यालय बताओं संघर्ष समिति हेतमपुर के तत्वाधान में ब्रह्मबाबा स्थान हेतमपुर के परिसर में उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय 10+2 हेतमपुर के स्थानांतरण जैसे गंभीर सवाल को लेकर हेतमपुर के ग्रामीण जनता की बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता उमाकांत मिश्रा ने किया बैठक में सात सुत्री प्रस्ताव लाया गया जिसमें सभी लोगों ने एक स्वर में प्रस्ताव को पास किया बैठक में कहा गया कि विद्यालय की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार हेतमपुर में विद्यालय के संचालन वो अन्य आधार भुत संरचना के लिए प्रयाप्त जमीन नहीं है इस लिए शिक्षा विभाग इस विद्यालय को कहीं अन्य जगह ले जाने के सुचना पर ग्रामीणों में आक्रोश है वर्षों बाद हेतमपुर गांव में शिक्षा क्रांति की दीप जली है इसे यू ही बुझने नहीं दिया जाएगा समिति ने फैसला किया है कि इस ज्वलंत मुद्दे पर विधालय को बचाने के लिए मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री को पत्र ईमेल के द्वारा भेजा जाएगा और स्थानीय विधायक सह केबिनेट मंत्री श्री भगवान सिंह कुशवाहा जी से पहल करने के लिए ज्ञापन पत्र दिए जाने के साथ साथ इस संबंध में जिला प्रशासन और अनुमंडल पदाधिकारी जगदीशपुर को भी लिखीत ज्ञापन 5 अक्टूबर को सौंपा जाएगा। इस अवसर पर समाजीक कार्यकर्ता सह अधिवक्ता विनोद वर्मा ने बताया कि जगदीशपुर अंचल के हेतमपुर गांव पिछड़ा क्षेत्र है घनी आबादी वाला गांव होने पर भी सदीयों तक इस गांव में एक हाई स्कूल नहीं था जिससे यह गांव शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा रहा यहां के खास कर के बच्चीयां शिक्षा से दूर रही 2013 में हाई स्कूल में मध्य विद्यालय को अपग्रेड कर हाई स्कूल स्थापित हुआ अब जबकि विगत वर्षों बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शिक्षा सुधार और हर पंचायत के बड़े गांव में मध्य विद्यालय को अपग्रेड कर हाई स्कूल और 10+2 बनाने के फैसले से ही हेतमपुर गांव में 10+2 विद्यालय बना जिससे हेतमपुर गांव के आस पास के बच्चे बच्चीयों मैट्रिक और इंटर करना आसान हो गया है उन्होंने शिक्षा विभाग और विधालय प्रबंधन समिति को अपने फैसले पर विचार करने की जरूरत है अगर ऐसा नहीं होता है तो विद्यालय बताओं संघर्ष समिति बाध्य होकर बच्चों के साथ विद्यालय बचाने के लिए सड़क उतरेगी किसी भी किमत पर विद्यालय को हेतमपुर से जाने नहीं दिया जाएगा इसके लिए जो भी करना पड़ेगा समिति करेगी चाहे किसी नेता या अधिकारी का दरवाजा ही क्यों न खटखटाना पड़े समिति वो सब करेगी परंतु विद्यालय को हेतमपुर से नहीं जाने दिया जाएगा और गांव के बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने की इजाजत किसी को नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्थानीय विधायक सह केबिनेट मंत्री श्री भगवान सिंह कुशवाहा पर ग्रामीणों ने भरोसा जताया कि उनके रहते ऐसा कभी नहीं होगा। श्री वर्मा ने कहा कि शहरों में सीमित जगहों पर 10+2 विद्यालय कैसे चल रहा है जब शहरी क्षेत्रों में चल सकता है तो ग्रामीण क्षेत्रों में क्यों नहीं। बैठक में नगेंद्र कुमार मिश्र अधिवक्ता, पंचायत समिति प्रतिनिधि राज कुमार यादव, दिनबंधु पांडे, शालिक कुशवाहा, श्री नारायण मिश्र, राकेश पाठक, धर्म राज सिंह, हरेंद्र यादव, सुखारी साह, महेंद्र चौधरी, मनजी पासवान, वृदा यादव, राम जन्म मोर्य, संजय सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण बैठक में मौजूद थे।

# बभनगांवा में फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार, 30 दिन में सरेंडर नहीं तो होगी कुर्की-जब्ती



प्रात : किरण संवाददाता

बड़हरा/भोजपुर। कृष्णगढ़ थाना पुलिस ने पुराने मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार की कार्रवाई की है। पुलिस ने रविवार को बभनगांवा गांव निवासी गोविंद मिश्रा, पिता स्व. शंभू मिश्रा के घर पर इश्तेहार चिपकाया। इस दौरान डुगडुगी बजाकर ग्रामीणों को भी इसकी जानकारी दी गई। जानकारी के अनुसार, आरोपी गोविंद मिश्रा लंबे समय से संबंधित मामले में फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई बार संभावित ठिकानों पर छापेमारी की, लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं लगा। इसके बाद पुलिस ने न्यायालय से इश्तेहार जारी करने का अनुरोध किया था। भोजपुर न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। कृष्णगढ़ थानाध्यक्ष रौशन कुमार के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने आरोपी के घर पर विधिवत इश्तेहार चिपकाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुसार आरोपी को इश्तेहार चिपकाए जाने के बाद 30 दिनों के भीतर न्यायालय में आत्मसमर्पण करना होगा। निर्धारित अवधि में सरेंडर नहीं करने पर न्यायालय के आदेश के आलोक में आरोपी की चल-अचल संपत्ति की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

# 13 विश्वविद्यालयों के लिए 1,186 करोड़ स्वीकृत, वीकेएसयू को 85.88 करोड़

आरा। राज्य के 13 पारंपरिक विश्वविद्यालयों के लिए सरकार ने 1,186 करोड़ नौ लाख 90 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से विश्वविद्यालयों एवं उसके अंगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षक-कर्मियों को सितंबर से नवंबर तक तीन माह के वेतन-पेंशन का भुगतान किया जाएगा। साथ ही अतिथि शिक्षकों के मानदेय तथा राज्य के 211 डिग्री कॉलेजों के प्राध्यापकों के मानदेय का भी भुगतान किया जाना है। राशि स्वीकृति के बाद वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा से जुड़े शिक्षक-कर्मियों को भी वेतन-पेंशन भुगतान की उम्मीद बढ़ गई है। उच्च शिक्षा विभाग के उप सचिव शिशिर कुमार मिश्रा ने महालेखाकार (हकदारी एवं लेखा) को पत्र भेजकर 13 विश्वविद्यालयों के लिए स्वीकृत राशि की जानकारी दी है। विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के लिए 85.88 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इससे विश्वविद्यालय मुख्यालय के साथ-साथ इससे जुड़े अंगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों के वेतन-पेंशन भुगतान का रास्ता साफ होगा। स्वीकृत राशि में सबसे अधिक बीएन मंडल विश्वविद्यालय के लिए 109.495 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। वहीं तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के लिए 83.72 करोड़, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के लिए 173.23 करोड़, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के लिए 40.665 करोड़, मौलाना मजहरुल हक अरबी-फारसी विश्वविद्यालय के लिए 77.649 करोड़, मगध विश्वविद्यालय के लिए 3.03 करोड़, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के लिए 166.675 करोड़ तथा बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के लिए 173.365 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा जयप्रकाश विश्वविद्यालय के लिए 33.135 करोड़, पटना विश्वविद्यालय के लिए 108.035 करोड़, पूर्णिया विश्वविद्यालय के लिए 42.92 करोड़ तथा अन्य मदों के साथ संबंधित विश्वविद्यालयों के लिए राशि निर्धारित की गई है। इधर, राज्य के 211 नए डिग्री कॉलेजों के प्राध्यापकों के मानदेय का भी भुगतान स्वीकृत राशि से किया जाना है। इन कॉलेजों में कार्यरत प्राध्यापकों को अगस्त से अक्टूबर तक तीन माह के मानदेय का भुगतान किया जाएगा। साथ ही अतिथि शिक्षकों के मानदेय को भी इसमें शामिल किया गया है। वीकेएसयू के शिक्षक-कर्मियों के लिए तीन माह की वेतन-पेंशन राशि स्वीकृत होने से लंबे समय से भुगतान का इंतजार कर रहे कर्मचारियों को राहत मिलने की उम्मीद है। विश्वविद्यालय स्तर पर राशि प्राप्त होने के बाद भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

# पितृपक्ष मेला 2026 के 10वें दिन डीएम ने विष्णुपद क्षेत्र का किया निरीक्षण

● श्रद्धालुओं की सुविधा, भीड़ नियंत्रण, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



गया। पितृपक्ष मेला 2026 के अवसर पर आज मेला के 10वें दिन जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर ने विष्णुपद मंदिर एवं आसपास के मेला क्षेत्र का भ्रमण कर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया है। उन्होंने विभिन्न पिंडवेदी स्थलों, घाटों, मंदिर परिसर, कंट्रोल रूम, मेडिकल कैंप सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण करते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम दर्शन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है। जिला पदाधिकारी ने विष्णुपद मंदिर के बाहरी परिसर, गर्भगृह, मंदिर परिसर के निकास द्वार, घाट क्षेत्र, श्मशान घाट क्षेत्र, गया कूप वेदी स्थल, संवास सदन स्थित कंट्रोल रूम एवं मेडिकल कैंप सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण किया है। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से भीड़ की स्थिति, श्रद्धालुओं के आवागमन, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली है। वृद्ध महिला श्रद्धालु को डीएम ने स्वयं दिया सहारा निरीक्षण के दौरान विष्णुपद मंदिर के निकास द्वार के समीप मध्य प्रदेश से आई एक वृद्ध महिला श्रद्धालु भीड़ के कारण असहज महसूस कर रही थीं। जिला पदाधिकारी ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए स्वयं उनके पास पहुंचकर उन्हें अपने हाथों से सहारा दिया तथा सुरक्षित रूप से मंदिर परिसर से बाहर बैठाया है। उन्होंने वृद्ध महिला को पानी पिलाया तथा उनका हाल-चाल जाना है। जिला पदाधिकारी ने तत्काल मौके पर तैनात मेडिकल टीम को वृद्ध महिला की स्वास्थ्य जांच करने तथा आवश्यकतानुसार ग्लूकोज एवं दवाइयां उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। वृद्ध महिला श्रद्धालु ने राज्य सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि पितृपक्ष मेला में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा हर क्षेत्र में काफी उत्तम व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को सहारा देकर सुरक्षित दर्शन कराने का निर्देश जिला पदाधिकारी ने विष्णुपद मंदिर के गर्भगृह में लगे लाइव सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से भीड़ की स्थिति का जायजा लिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गर्भगृह एवं निकास द्वार पर भीड़ का निरंतर अनुश्रवण करते हुए श्रद्धालुओं को व्यवस्थित एवं सुरक्षित तरीके से दर्शन कराया जाए। उन्होंने विशेष रूप से बुजुर्ग, महिला एवं असहाय श्रद्धालुओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को भीड़ के बीच धक्का-मुक्की से बचाते हुए आवश्यकता पड़ने पर हाथ पकड़कर अथवा सहारा देकर सुरक्षित रूप से निकास द्वार तक पहुंचाया जाए। किसी भी श्रद्धालु को फिसलन अथवा अन्य कारणों से परेशानी न हो, इसके लिए कर्मियों को पूरी तत्परता एवं श्रद्धा भाव से सेवा करने का निर्देश दिया गया है। पिंडवेदी एवं घाटों की सफाई व्यवस्था और बेहतर करने का निर्देश निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने मेला क्षेत्र के सभी पिंडवेदी स्थलों पर साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा की है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पिंडवेदी स्थलों की नियमित एवं प्रभावी सफाई सुनिश्चित करें। जहां कहीं भी गंदगी अथवा कचरा दिखाई दे, वहां तत्काल सफाई कराई जाए। उन्होंने घाट एवं नदी क्षेत्र में भी निरंतर सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। पिंडदान के दौरान नदी में प्रवाहित होने वाली पूजन सामग्री को लगातार जाल,छनाई व्यवस्था के माध्यम से बाहर निकालने तथा नदी को स्वच्छ रखने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था के साथ-साथ घाट एवं नदी की स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा जाए। कंट्रोल रूम से व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी जिला पदाधिकारी ने संवास सदन स्थित कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया है। उन्होंने वहां से मेला क्षेत्र की गतिविधियों, भीड़ की स्थिति एवं विभिन्न स्थलों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से व्यवस्थाओं का जायजा लिया ह। उन्होंने कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली सूचनाओं एवं शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित, सुगम एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ पूरी तत्परता से कार्य करें। श्मशान घाट क्षेत्र में अनावश्यक वाहनों के पड़ाव पर रोक निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने श्मशान घाट के समीप स्थित वीआईपी पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया ह। उन्होंने निर्देश दिया कि इस क्षेत्र में अनावश्यक वाहनों का पड़ाव नहीं कराया जाए। श्रद्धालुओं की भीड़ एवं पैदल आवागमन को ध्यान में रखते हुए वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही भेजा जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित रखें तथा ऐसे किसी भी वाहन को मेला क्षेत्र अथवा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अनावश्यक रूप से रुकने की अनुमति नहीं दी जाए, जिससे श्रद्धालुओं के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो। जिला पदाधिकारी ने कहा कि पितृपक्ष मेला में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गया जी पहुंच रहे हैं। ऐसे में प्रशासन का दायित्व है कि सभी श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा, सुरक्षित वातावरण, सुगम दर्शन एवं स्वच्छ मेला क्षेत्र उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी संवेदनशीलता, समर्पण एवं सेवा भाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है।

# डीएम एसपी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस एवं पुलिस अधीक्षक नवजोत सिमी ने संयुक्त रूप से जिले में स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (एवट) एवं संबंधित निर्वाचन सामग्री के सुरक्षित भंडारण तथा वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम एवं एसपी ने वेयरहाउस में लगे सुरक्षा प्रबंधों, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा अन्य सुरक्षा मानकों का बारीकी से निरीक्षण किया। संबंधित पदाधिकारियों से ईवीएम के रख-रखाव एवं सुरक्षा से संबंधित जानकारी ली तथा आवश्यक अभिलेखों का अवलोकन किया। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि ईवीएम एवं निर्वाचन सामग्री का रख-रखाव निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुरक्षित एवं व्यवस्थित हो, सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य उपकरणों की नियमित जांच की जाए। पुलिस अधीक्षक ने भी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा प्रोटोकॉल के अनुसार निगरानी सुनिश्चित करने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त, भूमि सुधार उप समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 9वें राष्ट्रीय पोषण माहः डीएम ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अरवल। 9वें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत समाज में जागरूकता फैलाने के लिए जिला पदाधिकारी श्रीमती अमृषा बैंस ने समाहरणालय परिसर से ई-रिक्शा जागरूकता रथ एवं नुक्कड़ नाटक दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान के तहत पॉक्सो अधिनियम-2012, बाल विवाह, यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और लैंगिक भेदभाव जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ लोगों को जागरूक किया जाएगा। ई-रिक्शा वाहनों पर लाउडस्पीकर और बैनर लगाकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पॉक्सो अधिनियम और महिला अधिकारों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। वहीं नुक्कड़ नाटक मंडलियों के माध्यम से बाल विवाह, घरेलू हिंसा और यौन उत्पीड़न जैसी समस्याओं पर कलात्मक और आसान भाषा में लोगों को जागरूक किया जाएगा। अभियान के तहत बालिकाओं और महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, गुड टच-बैड टच और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों - चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और महिला हेल्पलाइन 181 के बारे में भी शिक्षित किया जा रहा है। राष्ट्रीय पोषण माह से जोड़कर बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य और पोषण को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इस मौके पर डीएम ने कहा कि बेटियों का पोषण, संरक्षण और सम्मान ही सशक्त समाज की नींव है। पॉक्सो जैसे कानूनों की जानकारी हर परिवार तक पहुंचना आवश्यक है ताकि बच्चों के विरुद्ध अपराधों को रोका जा सके। यह जागरूकता रथ और नाटक मंडली आने वाले दिनों में जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों, आंगनवाड़ी केंद्रों, विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर लोगों को जागरूक करेगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी क्ळऊ माला कुमारी, जिला मिशन समन्वयक मिशन शक्ति धीरेन्द्र कुमार, जिला समन्वयक राष्ट्रीय पोषण मिशन सूरज कुमार एवं कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पितृपक्ष सेवाः रोटरी क्लब ऑफ गया युवा ने लगभग 1,700 श्रद्धालुओं को वितरित किया भोजन व पेयजल

गया। रोटरी क्लब ऑफ गया युवा की ओर से पितृपक्ष सेवा पहल के तहत गया रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं एवं तीर्थयात्रियों के बीच भोजन और पेय पदार्थों का वितरण किया गया है। इस सेवा कार्यक्रम से लगभग 1,700 लोग लाभान्वित हुए हैं। गया में पिंडदान के लिए आए श्रद्धालुओं को खिचड़ी, इमरती, पेयजल, बिस्कुट और जूस उपलब्ध कराए गए। श्रद्धालुओं की यात्रा के दौरान उनकी भोजन एवं पेयजल संबंधी जरूरतों में सहयोग करना इस पहल का उद्देश्य था।सेवा और करुणा की भावना से आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से रोटरी क्लब ऑफ गया युवा ने पितृपक्ष के पावन अवसर पर तीर्थयात्रियों की सहायता में योगदान दिया है।

### देवघाट पर आयोजित लेजर शो अगले आदेश तक स्थगित

गया। संध्या देवघाट पर आयोजित लेजर शो के दौरान देवघाट एवं गया जी डैम के फुट ओवर ब्रिज पर अप्रत्याशित भीड़ एवं अत्यधिक दबाव की स्थिति उत्पन्न हुई है। जल संसाधन विभाग, गया द्वारा भी गया जी डैम के फुट ओवर ब्रिज पर भीड़ के अत्यधिक दबाव को लेकर अलर्ट किया गया है। इस स्थिति को देखते हुए जनसुरक्षा के दृष्टिकोण से देवघाट पर आयोजित लेजर शो को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।नगर निगम, गयाजी

### विश्वविद्यालय द्वारा रिसर्च स्कॉलर्स के लिए गांधी फिल्म स्क्रीनिंग सह कार्यशाला आयोजित

बोधगया। स्नातकोत्तर इतिहास विभाग,मगध विश्वविद्यालय द्वारा इतिहास विभाग में रिसर्च स्कॉलर्स (शोधार्थियों) के लिए एक विशेष एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार 05 अक्टूबर को किया गया है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य रिचर्ड एटनबरो द्वारा निर्देशित कालजयी फिल्म ह्यगांधीह्व की स्क्रीनिंग के माध्यम से शोधार्थियों को गांधीवादी दर्शन, उनके आंदोलनों और आधुनिक समाज में उनकी प्रासंगिकता से रूबरू कराना था। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मुकेश कुमार ने यह बताया कि शोधार्थियों में गांधीवादी मूल्यों के प्रति समझ विकसित करने; ऐतिहासिक सिनेमा को एक शोध स्रोत के रूप में विश्लेषित करने की दृष्टि प्रदान करने तथा समकालीन वैश्विक चुनौतियों के समाधान में गांधीवादी विचारों की प्रासंगिकता पर अकादमिक विमर्श करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्रोफेसर मुकेश कुमार ने बताया कि अल्बर्ट आइंस्टीन ने महात्मा गांधी के संबंध में कहा था कि आने वाली पीढ़ियाँ शायद ही इस बात पर विश्वास कर पाएँगी कि हाड़-मांस के शरीर में ऐसा कोई व्यक्ति कभी इस धरती पर चला था। उन्होंने कहा कि गांधीजी ने यह साबित कर दिया कि बिना हिंसा का सहारा लिए भी अन्याय और बुराई के खिलाफ सफलता हासिल की जा सकती है। विभाग के प्रोफेसर पीयूष कमल सिन्हा ने गांधीजी के ब्रिटिश साम्राज्य के प्रति उनके द्वारा चलाए गये अहिंसक प्रतिरोध की चर्चा की है। प्रोफेसर नृपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने उनके छुआछूत उन्मूलन के विचारों पर प्रकाश डाला है। फिल्म में मोहनदास करमचंद गांधी के दक्षिण अफ्रीका के संघर्ष से लेकर भारत की आजादी और उनके जीवन के अंतिम दिनों तक के सफर को बेहद जीवंत रूप में दिखाया गया है। सभी रिसर्च स्कॉलर्स ने फिल्म को बेहद ध्यानपूर्वक देखा और महत्वपूर्ण बिंदुओं को नोट किया है।

# संस्कृति, संस्कार और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प के साथ हुआ प्रांतीय संस्कृति महोत्सव 2026 का भव्य समापन

औरंगाबाद भारतीय संस्कृति, संस्कृत भाषा, संस्कार एवं राष्ट्रभावना को विद्यार्थियों के जीवन से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय संस्कृति महोत्सवझ2026 का भव्य समापन सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, औरंगाबाद में हुआ। 04 एवं 05 अक्टूबर तक चले इस महोत्सव में विभिन्न शैक्षणिक, बौद्धिक, कलात्मक एवं सांस्कृतिक विधाओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दो दिनों तक चले महोत्सव में पत्र वाचन, आशु भाषण, मूर्ति कला, संस्कृत प्रश्न मंच, अंग्रेजी प्रश्न मंच, संस्कृति ज्ञान प्रश्न मंच एवं लोक नृत्य सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी ज्ञान क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल, कला प्रतिभा तथा भारतीय संस्कृति के प्रति अपनी समझ और प्रतिबद्धता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। समापन समारोह में प्रदेश सचिव श्रीमान प्रदीप कुमार कुशवाहा , स्थानीय समिति के सह सचिव श्री अवधेश , समिति सदस्य श्री रमन , बालिका विद्यालय के सचिव श्री रंजय अग्रहरि , विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान नीरज कुमार कौशिक एवं विद्यालय सचिव श्रीमान बजरंगी प्रसाद सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता, शिक्षक ,गणमान्य अतिथि , एवं सहभागी भैया बहन उपस्थित रहे।समापन समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए भारतीय संस्कृति, संस्कार, अनुशासन, चरित्र निर्माण, राष्ट्रभावना एवं निरंतर परिश्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को पहचानने, ज्ञान के साथ संस्कारों को जीवन में उतारने तथा भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में केवल प्रतियोगिता की भावना ही विकसित नहीं करते, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल, सहयोग, अनुशासन एवं सांस्कृतिक चेतना का भी विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन में प्राप्त ज्ञान और संस्कारों का उपयोग समाज एवं राष्ट्र के हित में करने का संदेश दिया। प्रदेश सचिव श्रीमान प्रदीप कुमार कुशवाहा ने अपने उद्बोधन में भारतीय संस्कृति की व्यापकता और उसके जीवनोपयोगी स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृति केवल कार्यक्रमों और परंपराओं तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारे विचार, व्यवहार, आचरण और जीवनशैली में दिखाई देती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने जीवन में संस्कारों को अपनाने तथा राष्ट्रहित में अपनी प्रतिभा का उपयोग करने का आह्वान किया।

# अंतर्राष्ट्रीय संस्कृत संगोष्ठी में डॉ . संगीता आर्या ने रिसोर्स पर्सन के रूप में दिया उत्कृष्ट व्याख्यान

प्रात : किरण संवाददाता



गया जी। बैंकॉक (थाईलैंड)। शिल्पकोर्न विश्वविद्यालय, बैंकॉक के परिसर में भारत सरकार द्वारा संचालित संस्कृत अध्ययन केंद्र एवं ग्लोबल संस्कृत फोरम, भारत के संयुक्त तत्वावधान में 28 से 30 सितंबर 2026 तक आयोजित पाँचवीं अंतर्राष्ट्रीय ग्लोबल संस्कृत संगोष्ठी इंडियन नॉलेज सिस्टम्सः ब्रिजिंग कल्चर्स एंड नॉलेज ट्रेडिशन्स में गया कॉलेज, गया जी की सहायक प्रोफेसर एवं संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता आर्या ने अपना व्याख्यान आयुवेर्दः पारंपरिक चिकित्सापद्धतिश्च इस विषय पर दिया एवं भारत देश के साथ साथ गया कॉलेज, गयाजी का गौरव भी विदेश की धरती पर बढ़ाया है। अपने शोध पत्र में डॉ. संगीता आर्या ने आयुर्वेद को भारतीय ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि आयुर्वेद केवल रोगों की चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की समग्र जीवन-शैली है। उन्होंने चरक संहिता, सुश्रुत संहिता, अष्टांग हृदय आदि प्राचीन ग्रंथों के संदर्भों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि आयुर्वेद में शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में योग, प्राणायाम, आहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या, जड़ी-बूटियाँ एवं पंचकर्म जैसी विधियाँ सम्मिलित हैं, जो आज भी वैश्विक स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान में प्रासंगिक हैं। डॉ. संगीता आर्य ने इस अवसर पर कहा कि संगोष्ठी का विषय भारतीय ज्ञान परंपरा को वैश्विक ज्ञानधारा से जोड़ने वाला है, और आयुर्वेद इस दिशा में सेतु का कार्य करता है। उनके व्याख्यान को संगोष्ठी में उपस्थित देश-विदेश के विद्वानों, शोधार्थियों एवं अतिथियों द्वारा सराहा गया है। उल्लेखनीय है कि इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में लगभग तीन सौ शोध पत्र ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत किए गए हैं। संगोष्ठी में भारत के राजदूत पुनीत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा अंतर्राष्ट्रीय सचिव डॉ. राजेश मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का स्वागत किया है। डॉ. संगीता आर्या की इस उपलब्धि पर मगध विश्वविद्यालय,गया कॉलेज, गया जी परिवार, संस्कृत विभाग तथा क्षेत्र के शिक्षाविदों एवं संस्कृत प्रेमियों में हर्ष व्याप्त है। यह व्याख्यान भारतीय चिकित्सा परंपरा एवं संस्कृत साहित्य के अध्ययन-अध्यापन के लिए प्रेरणादायी है।

# इंटर्नशिप से व्यावहारिक शिक्षा और एक पेड़ पितरों के नाम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश

गया।दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ की ओर से शिक्षा शास्त्र विभाग, गया कॉलेज, गया में विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया हू। इस कार्यक्रम गया कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र के दिशा-निर्देशन तथा शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज के सहयोग से संपन्न हुआ है। इस कार्यक्रम के दौरान ह्यएक पेड़ पितरों के नामह्व अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया गया है। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज ने कहा कि इंटर्नशिप विद्यार्थियों को कक्षा-कक्ष की सैद्धांतिक शिक्षा को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से इंटर्नशिप के दौरान सक्रिय सहभागिता, अनुशासन, जिम्मेदारी और नवाचार की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ एवं शिक्षा शास्त्र विभाग, गया कॉलेज, गया के बीच हस्ताक्षरित साझा करार के क्रियान्वयन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। पितृ-स्मृति से पर्यावरण संरक्षण तक इसी क्रम में एक पेड़ पितरों के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस पहल के माध्यम से भारतीय संस्कृति में निहित पितृ-स्मरण की परंपरा को पर्यावरण संरक्षण और भावी पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी से जोड़ा गया। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण, हरित परिसर और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। डॉ. धनंजय धीरज ने कहा कि एक पौधा केवल पर्यावरण को हरित बनाने का माध्यम नहीं, बल्कि पूर्वजों की स्मृति, वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेदारी और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के बीच एक जीवंत सेतु है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ-साथ प्रकृति, समाज और संस्कृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना भी है। इस कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया है। पौधारोपण को विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना, भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अश्वनी कुमार, स्नेहा, विभा, अनामिका, दिवाकर, दीपराज, असीम, अंजलि सहित अन्य इंटर्न विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हु।

# चंदौती प्रखंड में आयोजित सेवा सेतु शिविर का एसबीपीडीसीएल एवं आरईसी के वरीय अधिकारियों ने किया निरीक्षण

● नए उपभोक्ताओं का पंजीकरण, बैंक खाता सत्यापन एवं ऋण प्रक्रिया की दी गई जानकारी, वेंडरों द्वारा 7 .5 प्रतिशत तक की विशेष छूट

प्रात : किरण संवाददाता



गया। गया जिले के विभिन्न प्रखंडों में आमजनों को विद्युत एवं ऊर्जा से संबंधित सरकारी योजनाओं तथा सेवाओं का लाभ सहज एवं सुगम रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ह्यसेवा सेतुह्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में आज 05 अक्टूबर 2026 को चंदौती प्रखंड में आयोजित सेवा सेतु शिविर का साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड एवं रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन आर इ सी के वरीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया है। इस निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता संदीप प्रकाश एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, इ सी डी गया ग्रामीण, बिनोद कुमार सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे हैं। अधिकारियों ने शिविर में उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं, आमजनों की सुविधा तथा प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के निष्पादन की स्थिति का जायजा लिया है। यह विशेष अभियान 17 सितंबर 2026 से प्रारंभ होकर 17 अक्टूबर 2026 तक निरंतर संचालित किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से विद्युत एवं ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के साथ-साथ उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। चंदौती प्रखंड में शिविर की प्रमुख उपलब्धियां नए पंजीकरणः चंदौती प्रखंड में आयोजित सेवा सेतु शिविर के दौरान अब तक 28 नए उपभोक्ताओं,आवेदकों का सफलतापूर्वक पंजीकरण किया गया है। बैंक खाता सत्यापन से संबंधित समस्याओं का समाधानः आर ई सी की टीम द्वारा शिविर में विभिन्न वेंडरों के बैंक खाता सत्यापन से संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों की जानकारी ली गई तथा कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया है। बैंक ऋण प्रक्रिया की जानकारीः शिविर में पहुंचे आम उपभोक्ताओं एवं लाभार्थियों को बैंक ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं संबंधित प्रावधानों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी योजनाओं का लाभ उठा सकें। वेंडरों द्वारा विशेष छूटः शिविर के माध्यम से उपलब्ध सेवाओं को और अधिक लाभकारी बनाने के उद्देश्य से संबंधित वेंडरों द्वारा उपभोक्ताओं को 7.5 प्रतिशत तक की विशेष छूट भी प्रदान की जा रही है। ह्यसेवा सेतुह्व शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्युत एवं ऊर्जा से संबंधित सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं को आमजनों तक सीधे पहुंचाना, पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ना तथा उनकी समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान सुनिश्चित करना है। अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग द्वारा आमजनों से अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी सेवा सेतु शिविर में पहुंचकर विद्युत एवं ऊर्जा से संबंधित योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा पात्रता के अनुसार उपलब्ध सुविधाओं एवं योजनाओं का लाभ उठाएं।

# गयाजी में ड्रोन हेलीकॉप्टर से तीर्थयात्रियों पर फूलों की बारिश, मेयर डिप्टी मेयर ने किया श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत व सम्मान

प्रात : किरण संवाददाता

गयाजी। पितृपक्ष मेला के दौरान गयाजी पहुंचे देश-विदेश के तीर्थयात्रियों के स्वागत और सम्मान में सोमवार को गया नगर निगम की ओर से विशेष पहल की गई। विष्णुपद मंदिर और फल्गु नदी के देवघाट पर मौजूद श्रद्धालुओं पर ड्रोन हेलीकॉप्टर के जरिए फूलों की बारिश कर उनका भव्य स्वागत किया गया। अचानक आसमान से फूलों की बारिश होते देख श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखने को मिला है। देखते ही देखते विष्णुपद मंदिर परिसर और फल्गु तट का माहौल भक्तिमय हो गया है। पुष्पवर्षा का दृश्य श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना रहा है। इस दौरान नगर निगम के मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, डिप्टी मेयर चिंता देवी तथा पूर्व डिप्टी मेयर एवं सशक्त स्थायी समिति के सदस्य अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव विष्णुपद मंदिर और देवघाट पहुंचे। जनप्रतिनिधियों ने तीर्थयात्रियों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और नगर निगम की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का फीडबैक लिया है। इसके साथ ही ड्रोन हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया है।ड्रोन हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का सम्मान : मेयर मेयर गणेश पासवान ने कहा कि ड्रोन हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत और सम्मान करना गयाजी की अतिथि सत्कार की परंपरा का प्रतीक है। पितृपक्ष के दौरान देश-विदेश के अलग-अलग हिस्सों से लाखों श्रद्धालु अपने पूर्वजों के पिंडदान और तर्पण के लिए गयाजी पहुंचते हैं। यहां आने वाला प्रत्येक तीर्थयात्री हमारे लिए अतिथि के समान है। इसलिए उनका सम्मान और स्वागत करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि गयाजी आने वाले श्रद्धालु अपने साथ धार्मिक आस्था और भावनाएं लेकर आते हैं। ऐसे में नगर निगम की कोशिश है कि उन्हें बेहतर माहौल और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, घाटों की सफाई, आवागमन समेत अन्य नागरिक सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जनप्रतिनिधि और नगर निगम की टीम लगातार मेला क्षेत्र में घूमकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रही है। मेयर ने कहा कि पितृपक्ष मेला गयाजी की धार्मिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। श्रद्धालुओं के स्वागत में किसी तरह की कमी नहीं होनी चाहिए। इसी भावना के साथ विष्णुपद मंदिर और देवघाट पर ड्रोन हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर तीर्थयात्रियों का अभिनंदन किया गया है। पुष्पवर्षा गयाजी की मेहमाननवाजी का संदेश : मोहन श्रीवास्तव पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि ड्रोन हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश कर उनका स्वागत करना गयाजी की मेहमाननवाजी और सम्मान की भावना को दशार्ता है।

# दशहरा पर्व पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का किया गया अपील



गोह,(औरंगाबाद)। गोह थाना परिसर में थानाध्यक्ष राजीव कुमार की अध्यक्षता में दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें 10 दिनों तक चलने वाला इस पर्व पर शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखने, डीजे बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध होने, पुलिस गश्त तेज करने, अफवाह से बचने, पूजा पंडाल को पूजा समिति द्वारा सुरक्षा का ध्यान रखने सहित कई आवश्यक निर्देश दिए गए। थानाध्यक्ष ने कहा कि विधि - व्यवस्था प्रभावित करने वालो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर अवसर थानाध्यक्ष अशोक कुमार दास, सत्येंद्र कुमार, अमरेंद्र कुमार सिंह, अरविंद कुमार, दीपक उपाध्याय, अशोक मिस्त्री, शिव शंकर कुमार, असलम साबरी, वारिश कुमार सिंह, दिलीप कुमार, रामध्यान यादव, नरेश सिंह सहित कई पूजा समिति के पदाधिकारी व अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे से कम कुछ भी मंजूर नहीं : मनोज

● बिहार, बंगाल के चुनाव को रद्द कर फिर से चुनाव कराने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता




अरवल। रेल आंदोलन के सूत्रधार अरवल विकास मंच के अध्यक्ष सह जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह यादव के नेतृत्व मे सोमवार को अरवल शहर के गांधी मैदान से बस स्टैंड, महावीर चौक होते हुए भगत सिंह चौक तक मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध मार्च निकाला गया। विरोध मार्च को संबोधित करते हुए मनोज सिंह यादव ने कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के बहकावे में आकर संविधान से छेड़छाड़ करते हुए वोट सुधार के नाम पर बड़े पैमाने पर वोट काटकर मुख्य चुनाव आयुक्त ने भाजपा के एजेंडे को लागू करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर देश के कोने-कोने में संवैधानिक तरीके से विरोध हो रहा है। अरवल के चौक-चौराहे पर ज्ञानेश कुमार के खिलाफ वोट चोरी का आरोप लगाते हुए इस्तीफे की मांग की जा रही है। मनोज यादव ने कहा कि पहले भी अरवल जिले के लोगों ने देश की आजादी में 36 लोगों ने कुर्बानियां दी हैं, फिर से अरवल के लोग संविधान को बचाने के लिए पटना और दिल्ली तक आंदोलन करेंगे। संविधान के साथ खिलवाड़ करने वालों को अरवल जिले के लोग कभी माफ नहीं करेंगे। उन्होंने बिहार और बंगाल के चुनाव को रद्द करते हुए फिर से चुनाव कराने की मांग की।विरोध मार्च में विजय शर्मा, धनंजय कुमार सिंह, जसवंत यादव, संजय सिंह, रजनीश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, चंद्रकांत कुमार, डिंपल कुमार, ओम प्रकाश कुमार, मंटू कुमार, उपेंद्र कुमार, गजेंद्र कुमार एवं सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। सभी ने चौक-चौराहों पर ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी की।

# स्वच्छता एवं जन जागरूकता को लेकर जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

गया जी। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत आज गया नगर निगम, गया जी द्वारा स्वच्छता एवं जन जागरूकता को लेकर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है। नगर आयुक्त डॉ. गगन ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किये है। इस अवसर पर नगर आयुक्त डॉ. गगन ने आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए संदेश दिया– एक ही लक्ष्य, एक ही नारा– स्वच्छ हो गयाजी, स्वच्छ हो पितृपक्ष हमारा। रैली के माध्यम से पितृपक्ष मेला एवं पिंडदान के लिए गया जी आने वाले श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया है। श्रद्धालुओं से अपील की गई कि वे पितृपक्ष के दौरान गयाजी को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें तथा सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाएं। रैली में शामिल नगर निगम के पदाधिकारियों, कर्मियों एवं स्वच्छता कर्मियों द्वारा लोगों को प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, सिंगल यूज प्लास्टिक से परहेज करने तथा कूड़े-कचरे को निर्धारित डस्टबिन में ही डालने के लिए प्रेरित किया गया है। इसके साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करने का संदेश दिया गया है। नगर निगम की ओर से विशेष रूप से पितृपक्ष के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की गई कि वे पूजा-पाठ एवं धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान उत्पन्न कचरे को इधर-उधर न फेंकें और उपलब्ध डस्टबिन का ही उपयोग करें। इससे गयाजी की धार्मिक एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ-साथ शहर की स्वच्छता भी बनी रहेगी। नगर आयुक्त डॉ. गगन ने कहा कि पितृपक्ष गयाजी की पहचान और आस्था का महत्वपूर्ण पर्व है। देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु यहां पिंडदान एवं तर्पण के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में गयाजी को स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त बनाए रखना केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक एवं श्रद्धालु की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है। रैली के दौरान स्वच्छता से संबंधित विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया तथा स्वच्छ गयाजी, सुंदर गया जी और प्लास्टिक मुक्त गया जी के संकल्प को साकार करने का संदेश दिया गया है।

# जिला पदाधिकारी ने बाढ़ में मृत तीन व्यक्तियों के आश्रितों को प्रदान किया चार-चार लाख रुपये का चेक

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। योगापट्टी अंचल में बाढ़ के पानी में डूबने से शंकर राम, किशन कुमार एवं प्रभात कुमार की क्रमशः 29 सितंबर, 1 अक्टूबर एवं 3 अक्टूबर को दुखद मृत्यु हो गई थी। इस अत्यंत पीड़ादायक घटना पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण की गईं और आज जिला पदाधिकारी उसस तरनजोत सिंह ने तीनों मृतकों के आश्रितों को स्वयं चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने शोक-संतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन एवं दुख की घड़ी में जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है तथा उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।चेक प्राप्त करते समय मृतकों के परिजनों ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।अपर समाहर्ता, जिला आपदा प्रबंधन श्री अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि चक्रीय निधि से बाढ़ में डूबने से हुई मृत्यु के मामलों में नियमानुसार मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की गई है। इस अवसर पर वरीय उप समाहर्ता रोचना माद्री, प्रभारी पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन शाखा नगमा तबस्सुम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## जनसुनवाई में जिला पदाधिकारी ने सुनीं 71 शिकायतें

बेतिया। जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय परिसर में आयोजित जनसुनवाई में जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने आम लोगों की समस्याएं सुनीं। जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से पहुंचे फरियादियों आरती देवी, रामाशंकर दास, राघव प्रसाद, पप्पू कुमार, वीरेन्द्र चौधरी, चितरंजन सिंह, विक्रम साह, जायदा खातून, रूबी कुमारी, बृजेश यादव सहित अन्य ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 71 मामलों की सुनवाई हुई, जिनमें कई शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली आपूर्ति, पेयजल, सड़क एवं मरम्मत आदि से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। जिलाधिकारी ने सभी मामलों की बारीकी से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई कार्यक्रम राज्य सरकार के ह्लह्लसात निश्चय-3ह्लह्ल के तहत संचालित सबका सम्मान-जीवन आसान अभियान का हिस्सा है। इसका उद्देश्य आम लोगों की शिकायतों का त्वरित समाधान कर पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, श्री काजले वैभव नितिन समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मिनी भंसार की मांग को लेकर दूसरे दिन भी धरना

प्रात : किरण संवाददाता

मैनाटांड। भारत-नेपाल सीमा के इनरवा बॉर्डर पर मिनी भंसार की मांग को लेकर नेपाली नागरिकों का धरना-प्रदर्शन सोमवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। जगरनाथपुर गांवपालिका के दसौता स्थित सशस्त्र चेक पोस्ट के पास सैकड़ों ग्रामीण सड़क पर बैठकर विरोध जताते रहे। प्रदर्शन के कारण सीमा क्षेत्र में यातायात प्रभावित रहा और सैकड़ों वाहनों की आवाजाही आंशिक रूप से बाधित हुई। सोमवार को रविवार की तुलना में प्रदर्शनकारियों की संख्या अधिक रही। ग्रामीणों की मुख्य मांग इनरवा बॉर्डर के समीप छोटी भंसार यानी मिनी भंसार की व्यवस्था शुरू करने की है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि भंसार की व्यवस्था नहीं होने के कारण भारतीय चारपहिया और तीनपहिया वाहनों को नेपाल में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। इससे सीमा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को अपने रिश्तेदारों के यहां आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ठोरी और भिस्वा बॉर्डर पर भारतीय वाहनों को निर्धारित दूरी तक नेपाल में प्रवेश की सुविधा दी जाती है। इसी तरह की व्यवस्था इनरवा बॉर्डर पर भी लागू की जानी चाहिए, ताकि सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। मांगों को लेकर सोमवार को प्रदर्शनकारियों की ओर से परसा जिले के वीरगंज स्थित सीडीओ कार्यालय में ज्ञापन भी सौंपा गया। इसके बावजूद शाम चार बजे तक प्रदर्शनकारियों से बातचीत करने या उनकी मांगों को सुनने के लिए कोई मंत्री अथवा प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उन्हें अब तक प्रशासन की ओर से किसी तरह का आश्वासन भी नहीं मिला है। यातायात बहाल कराने के लिए भी प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं किए जाने की बात प्रदर्शनकारियों ने कही। हालांकि, सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। रविवार को प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर टायर जलाकर विरोध जताया था। हालांकि सोमवार को प्रदर्शनकारियों ने केवल धरना देकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज उठाई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि सोमवार को उनकी मांगों पर कोई ठोस आश्वासन नहीं मिलता है तो मंगलवार को आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने आगजनी कर विरोध करने की भी चेतावनी दी है। मांग पूरी होने तक जारी रहेगा आंदोलन अब्बुल हसन गद्दी, आफताब मियां, अमिरका मुखिया, अब्दुहाफिज गद्दी, भरत छेत्री, झोटी मियां, नूरआलम गद्दी, साधु गद्दी, किस्मोहन साह तेली, लालू गद्दी, सरेश महतो, मोही लाल मुखिया, जमील हुसैनी और लड्डा मियां समेत ग्रामीणों ने कहा कि दो दिनों से धरना जारी रहने के बावजूद उनकी समस्या सुनने के लिए कोई अधिकारी नहीं पहुंचा है। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि जब तक इनरवा बॉर्डर पर मिनी भंसार की व्यवस्था अथवा भारतीय चारपहिया और तीनपहिया वाहनों के प्रवेश को लेकर कोई समाधान नहीं निकाला जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पंचायत सचिव रोहित कुमार को सम्मानपूर्वक दी गई विदाई

मैनाटांड। प्रखंड क्षेत्र के रमपुरवा पंचायत भवन में पंचायत सचिव रोहित कुमार के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत कर्मियों ने उन्हें सम्मानित कर विदाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर भंगहा पंचायत के मुखिया अताउर रहमान एवं टोला चापरिया पंचायत के मुखिया निजामुद्दीन ने पंचायत सचिव रोहित कुमार के कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर आम लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करना एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। रोहित कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान इस जिम्मेदारी का निर्वहन बेहतर ढंग से किया। समारोह में पंचायत कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों ने उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने में सहयोग मिला।मौके पर कार्यपालक सहायक रामबाबू कुमार, मैनेजर यादव सहित पंचायत कर्मी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने रोहित कुमार को भावभीनी विदाई देते हुए उनके सुखद एवं सफल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### जहां पहुंचना मुश्किल, वहां सूखा राशन का वितरण

बगहा। बाढ़ के पानी और जलजमाव के कारण कुछ इलाकों के लोगों के लिए सामुदायिक रसोई तक पहुंचना मुश्किल है। ऐसे स्थानों पर प्रशासन की ओर से सूखा राशन और अन्य राहत सामग्री लोगों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। यानी जहां लोग किचेन तक नहीं आ सकते, वहां राहत टीम उनके पास पहुंचकर जरूरी खाद्य सामग्री उपलब्ध कराएगी। बांधों की मरम्मत भी जारी बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त हुए बांधों की मरम्मत का काम भी प्रशासन और जल संसाधन विभाग की टीमों द्वारा कराया जा रहा है। रजवटिया में क्षतिग्रस्त बांध की मरम्मत तथा बथवरिया क्षेत्र में क्षतिग्रस्त बांध पर काम तेजी से किए जाने की जानकारी दी गई है। प्रशासन की टीमें अन्य बांधों की भी लगातार निगरानी कर रही हैं।

### डोरीगंज चौक के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, एक की मौत, दूसरा गंभीर

डोरीगंज। रविवार की देर रात डोरीगंज चौक के समीप एनएच-19 पर अचानक हुए सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल, छपरा पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे की हालत गंभीर देखते हुए पीएमसीएच, पटना रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान डोरीगंज थाना क्षेत्र के सिंगही गांव निवासी मुसाफिर राय के 35 वर्षीय पुत्र सुशील राय के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक की पहचान कांग्रेसी राय के 30 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दोनों आपस में चाचा-भतीजे थे और रविवार की रात छपरा से बाइक से अपने घर सिंगही लौट रहे थे। इसी दौरान डोरीगंज चौक के समीप अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सुशील राय की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल दीपक कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार दीपक की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। इधर, सुशील की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पीछे दो बेटियां और एक छोटा पुत्र है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने सुशील के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान और घटना की जांच में जुटी है।

# पीपराकुटी स्कूल में मनाया गया वन्यजीव सप्ताह, चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

बगहा। वाल्मीकि नगर वन प्रक्षेत्र अंतर्गत कोतराहा वन परिसर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय पीपराकुटी में वन्यजीव सप्ताह के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें बच्चों ने वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित आकर्षक चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को वन विभाग की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों को वन्यजीवों के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता में वन्यजीवों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। वन्यजीव सप्ताह के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए रेंजर सत्यम कुमार ने कहा कि वन्यजीव और वन पर्यावरण के अभिन्न अंग हैं। इनके संरक्षण के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने बच्चों से वन एवं वन्यजीवों की रक्षा के प्रति जागरूक रहने तथा आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग के कर्मियों, विद्यालय के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। वन्यजीव संरक्षण को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# मेरे सपनों का भारत विषय पर जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



मोतिहारी। भारत सरकार के मेरे सपनों का भारत अभियान के अंतर्गत पूर्वी चंपारण जिले में आज जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महात्मा गांधी प्रेक्षागृह, राजाबाजार, मोतिहारी में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद राधामोहन सिंह, विधायक प्रमोद कुमार एवं उप महापौर लालबाबू गुप्ता ,जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी, शकील अहमद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों से चयनित छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय ह्यमेरे सपनों का भारत—सेवा चित्रह्ण रखा गया। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपने सपनों के भारत की परिकल्पना को रंगों और रचनात्मकता के माध्यम से अभिव्यक्त करने का अवसर मिला। प्रतियोगिता में विद्यालय स्तर पर चयनित कक्षा 01 से 08 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी चित्रकला के माध्यम से शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, विकसित भारत, ग्रामीण विकास, आत्मनिर्भरता, सामाजिक समरसता तथा राष्ट्र की प्रगति जैसे विभिन्न विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के विजेताजिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में— प्रथम पुरस्कारः अमित राज, जिला स्कूल, मोतिहारी द्वितीय पुरस्कारः रंजना कुमारी, वटर अमोदेई, रामगढ़वातृतीय पुरस्कारः अर्पिता यादव, श्रीधर अनूठा, कोटवाको पुरस्कृत किया गया। वही विजेता छात्रों से जिलाधिकारी सौरभ कुमार यादव ने अपने चैंबर में मिलकर सभी को प्रोत्साहित किए। प्रतियोगिता के सफल आयोजन एवं संचालन में जिले के विभिन्न प्रखंडों से प्रतिनियुक्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतिनियुक्त शिक्षकों मे आदित्य मानस, अमित कुमार भारती, रवि कुमार,संतोष कुमार रंजन, धर्मेन्द्र कुमार सिंह,दीपक कुमार,अविनाश गुप्ता, गोलू कुमार, नंदकिशोर सहनी, राहुल प्रताप मुन्ना कुमार शामिल रहे। शिक्षकों ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ प्रतियोगिता के निर्धारित मानकों के अनुरूप चित्रों के अवलोकन एवं मूल्यांकन तथा आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग किया। जिला शिक्षा विभाग की ओर से कहा गया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में रचनात्मक सोच, कल्पनाशीलता, अभिव्यक्ति की क्षमता तथा देश के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचानने और उसे मंच प्रदान करने का अवसर देते हैं। ह्यमेरे सपनों का भारतह्ण की परिकल्पना को बच्चों की कल्पना, रंगों और रचनात्मकता के माध्यम से साकार करने वाला यह जिला स्तरीय आयोजन विद्यार्थियों के लिए सीखने, सृजन करने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर बना।

# अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल मस्तीचक में नेत्र सेवा सुचारू रूप से जारी, बाढ़ की अफवाहों पर हॉस्पिटल प्रशासन ने किया खंडन

परसा।सोशल मीडिया पर पिछले दिनों अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल मस्तीचक में बाढ़ का पानी प्रवेश होने और चिकित्सा सेवा बाधित होने की खबर प्रसारित की गई थी, जिस पर हॉस्पिटल प्रशासन ने स्पष्ट रूप से खंडन किया है। प्रशासन ने बताया कि यह खबर भ्रामक है और मरीजों में अनावश्यक दहशत फैलाने वाली है। हॉस्पिटल प्रशासक अमित कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बाढ़ का पानी केवल पुराने हॉस्पिटल के प्रांगण में एक दिन के लिए प्रवेश किया था। उस पुराने भवन में वर्तमान में केवल ऑफिशियल वर्क होता है, मरीजों का कोई उपचार वहाँ नहीं होता है। मरीजों के इलाज की पूरी व्यवस्था नए और अत्याधुनिक हॉस्पिटल भवन में की जाती है, जो पूरी तरह से सुरक्षित और ऊँचे स्थान पर है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बाढ़ के चरम समय में भी नए हॉस्पिटल में आंखों का उपचार और ऑपरेशन की सेवा एक दिन के लिए भी बंद नहीं हुई। निर्बाध रूप से डॉक्टरों की टीम मरीजों की सेवा में लगी रही और आज भी पूरी क्षमता के साथ ओपीडी, जांच और ऑपरेशन जारी है। गलत तरीके से भ्रम फैलाए जाने के कारण दूर-दराज से आने वाले मरीजों और उनके अभिभावकों में अस्पताल आने को लेकर डर बन गया था। इसे देखते हुए हॉस्पिटल प्रशासन ने सभी लोगों से अपील की है कि किसी भी अफवाह या भ्रम में न रहें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि हॉस्पिटल आने वाले किसी भी मुख्य पथ पर वर्तमान में कोई जल जमाव नहीं है। फुलवरिया से मकेर और मस्तीचक तक यातायात पूरी तरह बहाल है, जिससे मरीज आसानी से हॉस्पिटल पहुंच सकते हैं। अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान है। आंखों की रोशनी लौटाने के इस पुनीत कार्य में अफवाहों पर ध्यान न दें और समय पर अपना आंखों का उपचार जरूर कराएं।

# पर्यटन नगरी में झमाझम बारिश जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। पर्यटन नगरी। सोमवार दोपहर करीब 1 बजे अचानक मौसम ने करवट ली। पूर्व दिशा से आसमान में काले-काले बादल उमड़ आए और देखते ही देखते पूरे शहर में अंधेरा छा गया। इसके कुछ ही देर बाद झमाझम और मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। अचानक हुई तेज बारिश से शहर में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। सड़क पर आवागमन प्रभावित हुआ और बारिश से बचने के लिए लोग दुकानों एवं अन्य स्थानों पर रुकने को मजबूर हो गए। खास बात यह रही कि बारिश का दौर स्कूलों में छुट्टी के समय शुरू हुआ। ऐसे में बच्चों और अभिभावकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। छुट्टी के बाद घर लौट रहे कई बच्चे बारिश में भीगते नजर आए, जबकि अभिभावक बच्चों को सुरक्षित घर पहुंचाने की कोशिश करते दिखे। तेज बारिश के कारण शहर की सड़कों पर पानी जमा होने से यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होने की आशंका बनी रही। अचानक बदले मौसम ने लोगों को गर्मी से राहत तो दी, लेकिन मूसलाधार बारिश ने रोजमर्रा की गतिविधियों को प्रभावित कर दिया। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया और तापमान में भी गिरावट महसूस की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय बाद हुई इस तेज बारिश से गर्मी से राहत मिली है, लेकिन अचानक हुई बारिश ने लोगों की परेशानी भी बढ़ा दी।चाहें तो मैं इसे और ज्यादा दमदार स्थानीय अखबार की हेडलाइन, सबहेडिंग और रिपोर्टर स्टाइल में भी तैयार कर सकता हूँ।

# विधायक छोटी कुमारी ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया स्वदेशी मेले का उद्घाटन



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। राजेंद्र स्टेडियम, छपरा में सोमवार को स्वदेशी मेले का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन छपरा की विधायक श्रीमती छोटी कुमारी ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर आयोजक श्रीमती रीता सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मेले में खादी, हैंडलूम, हस्तशिल्प एवं घरेलू उत्पादों की विभिन्न दुकानें लगाई गई हैं। मेले में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए स्वदेशी उत्पाद लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। उद्घाटन के अवसर पर विधायक छोटी कुमारी ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए लोगों से स्थानीय एवं देश में निर्मित वस्तुओं को अपनाने की अपील की। आयोजक रीता सिंह ने बताया कि मेले का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के साथ-साथ कारीगरों एवं छोटे उद्यमियों को प्रोत्साहित करना है। मेले में खादी एवं आकर्षक हैंडलूम वस्त्रों के साथ विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प और घरेलू उपयोग की सामग्री उपलब्ध है। उद्घाटन के बाद विधायक ने मेले में लगी विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया और स्वदेशी उत्पादों की जानकारी ली। मेले को लेकर स्थानीय लोगों में भी उत्साह देखा गया। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से मेले में पहुंचकर स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने की अपील की।इस मौके पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, जिला बीस सूत्री सदस्य विवेक सिंह,जिला बीस सूत्री सदस्य धर्मेंद्र कुमार साह, श्री राकेश सिंह, श्री बलवंत सिंह, श्री बाबन सिंह, चांदनी प्रकाश, युवा नेता राकेश कुमार साह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गंडक का डिस्चार्ज घटने से राहत

बगहा। रिपोर्टों के अनुसार, गंडक बैराज से पानी का डिस्चार्ज लगभग 5.45 लाख क्यूसेक के उच्च स्तर से घटकर करीब 70.400 लाख क्यूसेक रह गया था। पानी कम होने से कई इलाकों में जलनिकासी शुरू हुई है और बगहा क्षेत्र में स्थिति में सुधार की उम्मीद बढ़ी है। हालांकि निचले और दियारा इलाकों में अभी भी लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। स्वास्थ्य व्यवस्था भी अलर्टबाढ़ के बाद बीमारी और महामारी की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने मेडिकल टीमों को सक्रिय किया है। आशा कार्यकताओं को भी अलर्ट रहने और लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। जरूरत वाले क्षेत्रों में राहत शिविर और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है।

# इच्छाकामना में मोटरसाइकिल पेड़ से टकराई, एक की मौत, एक घायल

बगहा। चितवन के इच्छाकामना गाउँपालिका-7, सिमलढाप में मोटरसाइकिल दुर्घटना में 29 वर्षीय देवेन्द्र थापा की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मोटरसाइकिल सिमलढाप से भरतपुर की ओर आ रही थी और रविवार शाम अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में देवेन्द्र थापा और स्याङ्जा के सागर थापा घायल हुए थे। दोनों को चितवन मेडिकल कॉलेज, भरतपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने देवेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। सागर की हालत सामान्य बताई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जंगली गेंडे के हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

बगहा। नेपाल के चितवन जिले में जंगली गैंडे के हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना भरतपुर महानगरपालिका-25 के फलेनी क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, 42 वर्षीय भक्तबहादुर घले सुबह करीब 5 बजे मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान राष्ट्रीय निकुंज क्षेत्र से बस्ती की ओर आए एक जंगली गैंडे ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमले में घले के सीने और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल भक्तबहादुर घले को तत्काल भरतपुर स्थित पुराना मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार उनकी हालत गंभीर लेकिन स्थिर बताई गई है और उन्हें आईसीयू में रखा गया है। हमले के बाद गैंडे ने आसपास के खेतों में लगी फसलों को भी नुकसान पहुंचाया। घटना की सूचना मिलने पर चितवन राष्ट्रीय निकुंज की टीम मौके की ओर रवाना हुई। इलाके में गैंडे के आने से स्थानीय लोगों में भी डर का माहौल है।

# उर्दू के प्रचार-प्रसार को लेकर मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी, पू.चः उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा को लेकर सोमवार को डॉ. राधाकृष्ण भवन, मोतिहारी में जिला उर्दू भाषा कोषांग की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला उर्दू भाषा कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह सहायक निदेशक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण मो. साजिद ने की। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी ने सभी उर्दू कर्मियों को प्रत्येक मासिक बैठक में आवश्यक प्रतिवेदन के साथ ससमय उपस्थित होने का निर्देश दिया। बिना पूर्व सूचना एवं अनुमति के अनुपस्थित रहने अथवा विलंब से आने वाले कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी गई। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर को उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, बिहार द्वारा राज्य स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की जाएगी। इसके लिए वांछित सभी प्रतिवेदन 9 अक्टूबर तक जिला उर्दू भाषा कोषांग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया, ताकि उन्हें समेकित कर 12 अक्टूबर तक निदेशालय को भेजा जा सके। बैठक में 13 अक्टूबर से शुरू होने वाले ऑनलाइन उर्दू प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिक से अधिक इच्छुक कर्मियों एवं अभ्यर्थियों का नामांकन कराने पर भी जोर दिया गया। सभी कर्मियों से मासिक प्रगति प्रतिवेदन प्राप्त कर उसकी समीक्षा की गई। उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार और आम लोगों के बीच उर्दू के प्रयोग को प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया। प्रभारी पदाधिकारी ने कार्यालयों में पदाधिकारियों के नाम-पट्ट एवं कार्यालय का नाम उर्दू में प्रदर्शित कराने की भी समीक्षा की। साथ ही स्थानांतरण के बाद नए पदाधिकारी का नाम उर्दू में अंकित कराने को कहा गया। बैठक में ह्यउर्दू दुनियाह्ण, ह्यख्वातीन दुनियाह्ण एवं ह्यबच्चों की दुनियाह्ण जैसी उर्दू पत्रिकाओं का वार्षिक सदस्यता अभियान जारी रखने पर सहमति बनी। अंत में उपस्थित कर्मियों के बीच उक्त पत्रिकाओं का वितरण कर बैठक का समापन किया गया।

# दुर्गा पूजा से पहले शांति समिति की बैठक, डीजे पर भी रहेगा प्रतिबंध

बगहा। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर ठकराहा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, पूजा समितियों के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस दौरान पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों ने पूजा समितियों से प्रशासन की ओर से जारी गाइडलाइन का पालन करने की अपील की। साथ ही किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देने और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस-प्रशासन को देने की बात कही गई। बैठक में दुर्गा पूजा के दौरान डीजे बजाने पर प्रतिबंध रखने का निर्णय लिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पूजा के दौरान निर्धारित नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। पूजा समितियों से अपील की गई कि वे ध्वनि प्रदूषण और विधि-व्यवस्था से जुड़े नियमों का पूरी तरह पालन करें।

# एक्सिस बैंक ने क्रेडिट कार्ड ग्राहकों के लिए पेश की एप्पल पे की सुविधा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना।एक्सिस बैंक ने मास्टरकार्ड और वीजा नेटवर्क पर अपने क्रेडिट कार्ड ग्राहकों के लिए एप्पल पे पेश किया है। यह सुविधा मुहैया कराने वाले वह पहला भारतीय बैंक बन गया है। यह लांच बैंक की डिजिटल भुगतान यात्रा के लिहाज से उल्लेखनीय कदम है, जिसमें एप्पल पे के आसान, सुरक्षित और निजता बनाए रखने वाले भुगतान अनुभव के साथ बैंक के क्रेडिट कार्ड फ्रेंचाइजी और डिजिटल क्षमताओं का इस्तेमाल किया गया है। ग्राहक आगामी कुछ सप्ताह में अपने आईफोन, एप्पल वॉच और आई पैड के जरिये स्टोर, इन-ऐप और ऑनलाइन मर्चेंट के पास आसानी से भुगतान कर सकेंगे। जल्द ही मैक के लिए भी समर्थन मिलेगा, जिससे उन्हें हस्तांतरण करने के लिहाज से अधिक विकल्प, सुविधा और लचीलापन हासिल होगा। बैंक के एमडी एंड सीईओ अमिताभ चौधरी ने अपनी टिप्पणी में कहा कि हम भुगतान के क्षेत्र में उल्लेखनीय स्थिति में हैं, जहां टेक्नोलॉजी, स्मार्ट सुरक्षा और ग्राहकों की बदलती उम्मीदों के मद्देनजर लोगों के हस्तांतरण के तरीकों में बदलाव आ रहा है। एप्पल पे के आने से हमारी यह कोशिश और आगे बढ़ेगी, जिससे हमारे क्रेडिट कार्ड ग्राहकों को अधिक विकल्प और सुविधा मिलेगी, साथ ही उन्हें मास्टर कार्ड और वीजा नेटवर्क का समर्थन भी मिलेगा।

# 34 दिन बाद भी गोलीकांड के अन्य आरोपितों का सुराग नहीं

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। पुलिस जिला बगहा के भैरोगंज थाना क्षेत्र के कपरधिका गांव के समीप दो सितंबर को हुए गोलीकांड के 34 दिन बाद भी अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने भीम आर्मी के नेतृत्व में भैरोगंज थाना पहुंचकर शांतिपूर्ण धरना दिया। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने गोलीकांड में घायल उपमुखिया अशोक दास और वार्ड प्रतिनिधि राधेश्याम राम को न्याय दिलाने तथा घटना में शामिल सभी आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। ग्रामीणों का आरोप था कि दो सितंबर को कपरधिका गांव के समीप हुई गोलीबारी में दोनों जनप्रतिनिधि गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भैरोगंज पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना प्रसाद दास और उनके चालक संजीव यादव को गिरफ्तार किया था। हालांकि, ग्रामीणों के अनुसार घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है। धरने की सूचना मिलने पर बगहा पुलिस निरीक्षक नीरज कुमार मौके पर पहुंचे और धरनार्थियों से बातचीत कर उनकी मांगों की जानकारी ली। पुलिस निरीक्षक ने कहा कि गोलीकांड की गंभीरता से जांच की जा रही है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस को 10 दिनों का समय देने का आग्रह किया गया। पुलिस के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया। वहीं, बगहा एसडीपीओ निहार भूषण ने बताया कि भीम आर्मी और स्थानीय लोग थाना पहुंचे थे। उन्हें बताया गया कि पुलिस मामले में गंभीरता से और नियमानुसार कार्रवाई कर रही है।

# नगर पंचायत के बोर्ड की हुई बैठक, कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुई समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

सुगौली,पू चः--नगर पंचायत के बोर्ड की सामान्य बैठक सोमवार को मुख्य पार्षद नसरील अली की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक के दौरान वार्ड पार्षदों द्वारा साफ- सफाई पर जोड़ दिया गया।कहा गया कि 11 अक्टूबर से दशहरा त्योहार की नवरात्रि शुरू हो रही है।नगर क्षेत्र में कई जगहों पर धूमधाम से दुर्गा पूजा का आयोजन कराया जाता है।जिसके पहले नगर पंचायत के सभी वार्डो की साफ-सफाई पूरी तरह से करा देने का निर्णय लिया गया।जिससे भक्तों को आने -जाने में गंदगी का सामना नहीं करना पड़े। कार्यपालक पदाधिकारी डॉ मनीष कुमार ने कहा कि समय सीमा के अंदर ही सभी जगहों पर साफ-सफाई हो जाएगी।साथ हीं प्रतिदिन बेहतर तरीका से व्यवस्था कराई जाएगी। मौके पर उप मुख्य पार्षद सरिता देवी,श्याम शर्मा, अकरम रजा,रवि पासवान,शिव राम,जितेंद्र सिंह,शैलेश पटेल,शकुंतला देवी,कामिनी श्रीवास्तव,अमृता कुमारी,अम्बेया खातून,तारा खातून,राजकुमार शर्राफ,नजमा खातून,ईसरत बतूल,आरफा खातून,मदीना खातून और कार्यालयकर्मी प्रमोद पासवान,मनोज कुमार,प्रकाश कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

# प्रेम प्रसंग में कथित अपहृत नाबालिग बरामद, 164 के बयान के लिए बेतिया भेजा

मैनाटांड़। इनरवा थाना क्षेत्र से प्रेम प्रसंग के मामले में कथित रूप से अपहृत नाबालिग लड़की को पुलिस ने रविवार देर रात बरामद कर लिया। पुलिस की कार्रवाई के बाद सोमवार सुबह नाबालिग को न्यायालय में 164 के बयान के लिए बेतिया भेजा गया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि मामले को लेकर शुक्रवार को नाबालिग के पिता ने थाने में आवेदन दिया था। आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने तत्काल उसकी तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस टीम संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी और खोजबीन कर रही थी। इसी क्रम में रविवार रात पुलिस ने नाबालिग को इनरवा थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए सोमवार की सुबह उसे 164 के बयान के लिए बेतिया भेज दिया। पुलिस के अनुसार, नाबालिग के न्यायालय में दर्ज बयान के बाद मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# श्रम कानून को लेकर जन चेतना महत्वपूर्ण: श्रम मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

पटना-बिहार सरकार श्रम संसाधन एवं श्रमिक कल्याण विभाग में प्रेम यूथ फाउंडेशन प्रतिनिधिमंडल ने अरुण शंकर प्रसाद श्रम मंत्री से मुलाकात की। फाउंडेशन ने अपनी रिपोर्ट सौंपी जिसमें युवाओं, श्रमिकों के अधिकारों और जागरूकता अभियान का विवरण है।

श्रम मंत्री ने कहा कि श्रम कानून को लेकर जन चेतना महत्वपूर्ण है। हर श्रमिक को उसके अधिकारों का पता होना चाहिए। सरकार और युवा संगठन मिलकर इस दिशा में काम करेंगे।

उन्होंने बताया कि बिहार सरकार श्रमिकों के हित मे दर्जनों जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है जरूरत है कि हर श्रमिकों तक इसका लाभ उठायें। नये श्रमिक कानून में




श्रमिकों एवं नियोक्ताओं के हितों का व्यापक ध्यान रखा गया है। उन्होंने सभी संगठित एवं असंगठित श्रमिकों से आह्वान किया कि ईश्राम कार्ड, लेबर कार्ड, आभा कार्ड जरूर बनवाये।

इस मौके पर फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि 5 जिलों में श्रमिक सहायता केंद्र चलाये जा रहे हैं। साथ ही राष्ट्रीय श्रम संस्थान वी वी गिरी राष्ट्रीय श्रम संस्थान से प्रशिक्षित स्वयंसेवक कारखानों में जाकर श्रमिक चौपाल का आयोजन कर रहे है।

वही फाउंडेशन के निदेशक देवानंद ने बताया कि फतुहा औद्योगिक क्षेत्रों में सघन अभियान के अंतर्गत हर उद्योगों में श्रमिकों की स्थिति पर अध्ययन किया जायेगा जिसका विस्तार से रिपोर्ट श्रम विभाग को सौंपा जायेगा।

प्रतिनिधि मंडल में भाजपा के वरिष्ठ नेता रविन्द्र रंजन, फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर मनीषा कुमारी, श्रुति कुमारी, प्रत्यय अमृत, स्नेहा कुमारी शामिल है।

# जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर ने आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत सोमवार को समाहरणालय परिसर में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर ने आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। जन सुनवाई के दौरान कई नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से जिलाधिकारी को अवगत कराया, जिसमें कई आवेदन प्राप्त हुए, इनमें अधिकांश मामले भूमि विवाद, भूमि अतिक्रमण, दाखिल-खारिज तथा राजस्व संबंधी अन्य मामलों से संबंधित थे। गोविन्दपुर धरहरा निवासी संजय कुमार ठाकुर ने जिलाधिकारी से वासगीत पर्चा दिलाने की मांग की। ब्रह्मस्थान बरियारपुर निवासी श्रवण कुमार मंडल ने पड़ोसियों द्वारा उनके जमीन को अतिक्रमण करने की शिकायत की। नया टोला रायसर निवासी अजय ठाकुर ने अपने घर के सामने दूरसंचार विभाग के लगे पोल को हटाने की मांग की। श्यामदेव यादव ने सदर अंचल के कर्मचारी द्वारा उनके परिमार्जन कार्य करने के बदले नाजायज रूप से राशि की मांग की। जिलाधिकारी ने प्राप्त सभी आवेदनों की गहनता से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मामलों की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से ई. आनंद पुष्कर के नामांकन पर जुटे समर्थक

छपरा। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी ई. आनंद पुष्कर के नामांकन को लेकर गोल्डन पैलेस, छपरा में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में समर्थक एवं शुभचिंतक शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, विधायक देवेशकांत सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल सहित अभिमन्यु सिंह, संजीव सूर्यवंशी एवं बृजनन्दन सिंह समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने ई. आनंद पुष्कर के नामांकन को लेकर अपनी शुभकामनाएं दीं।

### स्थानांतरित पंचायत सचिवों को बुके व शॉल देकर दी विदाई

सीवान/दारौंदा प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को पंचायत सचिवों के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता पंचायती राज पदाधिकारी कुमार कार्तिक ने की। इस दौरान स्थानांतरित पंचायत सचिव मुकेश कुमार, श्रीराम प्रसाद यादव, रंजन कुमार सुमन, विकास कुमार, मो. दिलशाद आरिफ एवं पप्पू कुमार को बुके एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राहुल तिवारी, आशुतोष तिवारी, पंचायत सचिव जितेंद्र कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### दहेज प्रताड़ना व मारपीट मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

सीवान/दारौंदा। थाना क्षेत्र के खड़सरा गांव में विवाहिता से मारपीट और दहेज प्रताड़ना के मामले में पुलिस ने दो नामजद आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में खड़सरा निवासी संतोष यादव एवं राघव यादव शामिल हैं। पुलिस ने दोनों को सोमवार को न्यायालय में भेज दिया। इस संबंध में कुसुम देवी ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार, तीन अक्टूबर की शाम विवाद के दौरान उसके साथ मारपीट की गई। विवाहिता ने शादी के बाद से दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग किए जाने और मांग पूरी नहीं होने पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। साथ ही जान से मारने की नीयत से गले में फंदा लगाने के प्रयास का भी आरोप लगाया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि कांड संख्या 421/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। दोनों नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

# अल्बेस्टर को लेकर पिता-पुत्र में खूनी खेल, बेटे ने कुल्हाड़ी से काटा पिता का हाथ

प्रात : किरण संवाददाता

धरहरा, मुंगेर` लड़ैयाटांड थाना क्षेत्र के भिखाकिता गांव में सोमवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मामूली से अल्बेस्टर के विवाद में बेटे ने अपने ही पिता पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पिता का बायां हाथ कट गया। घायल को गंभीर हालत में मुंगेर सदर अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जाता है कि भिखाकिता निवासी मन्नू मांझी ने गांव के ही नेगरा को अल्बेस्टर दिया था। सोमवार को मन्नू मांझी उसी अल्बेस्टर को वापस



मांगने गया था। इसी दौरान वहां उसका बड़ा पुत्र तूफानी मांझी भी पहुंच गया। वही घायल का छोटा पुत्र खाजो कुमार तूफानी ने अल्बेस्टर देने से साफ इनकार कर दिया और गाली-गलौज करने लगा। बात इतनी बढ़ गई कि उसने अपने ही पिता मन्नू मांझी को एक तमाचा जड़ दिया। मौके पर मौजूद मन्नू का छोटा बेटा खाजो कुमार ने बीच-बचाव कर दोनों को अलग किया और पिता को लेकर दूसरे घर चला गया। मामला शांत होता दिख रहा था, लेकिन कुछ देर बाद जब मन्नू मांझी अपने पुराने घर लौटा तो तूफानी पहले से घात लगाए बैठा था। आरोप है कि आते ही तूफानी ने ईंट से हमला कर दिया। इसके बाद वह दौड़कर अपने घर गया और घर से कुल्हाड़ी निकाल लाया। फिर ताबड़तोड़ वार कर अपने पिता के बाएं हाथ पर हमला कर दिया, जिससे हाथ कट गया। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में परिजन घायल मन्नू मांझी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, धरहरा लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मुंगेर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। लड़ैयाटांड थाना अध्यक्ष विभांशु शेखर भास्करम ने बताया कि कोई लिखित या मौखिक जानकारी थाना को नहीं हैं, आवेदन मिलने पर जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सुपौल में प्रिशा मोबाइल स्टोर का भव्य उद्घाटन, मिन्नत रहमानी ने फीता काटकर किया शुभारंभ

सुपौल शहर में आज एक नए प्रतिष्ठान प्रिशा मोबाइल स्टोर का भव्य उद्घाटन किया गया। इस स्टोर का उद्घाटन सुपौल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह कांग्रेस नेता मिन्नत रहमानी ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मिन्नत रहमानी ने प्रिशा मोबाइल स्टोर के प्रोपराइटर प्रकाश विश्वास एवं ईशाना गुप्ता को को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। रहमानी ने कहा कि इस तरह के नए व्यवसाय से न केवल लोगों को अच्छी सुविधा मिलेगी बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मोबाइल क्रांति के युग में सुपौल जैसे शहर में भी आईफोन का क्रेज काफी बढ़ गया है और जिस तरह से संचालक ने आसान किस्तों और सुपौल के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध कराई है वो प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि मैं प्रिशा मोबाइल स्टोर के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। मुझे विश्वास है कि यहाँ ग्राहकों को उचित मूल्य पर अच्छी गुणवत्ता के मोबाइल और एक्सेसरीज मिलेंगे और बेहतर सर्विस दी जाएगी। प्रोपराइटर प्रकाश एवं ईशाना ने कहा कि पर मोबाइल स्टोर में सभी कंपनियों के लेटेस्ट मोबाइल फोन, एसेसरीज, और रिपेयरिंग की सुविधा उचित दाम पर उपलब्ध है। इस अवसर पर जितेंद्र झा, प्रमोद यादव, रामपुकार सिंह, सुनील सिंह, जितेंद्र चौधरी, दिवाकर, मनोज पंकज, अबुकैश, संजय पासवान के अलावा कई गणमान्य व्यक्ति, युवा साथी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। सभी ने नए प्रतिष्ठान के लिए शुभकामनाएं दीं।

# सोना-चांदी की दुकान में घुसकर लूट का प्रयास, दुकानदार को जान से मारने की धमकी

प्रात : किरण संवाददाता

सीवान/दारौंदा थाना क्षेत्र के बगौरा बाजार स्थित सोना-चांदी की दुकान में घुसकर गाली-गलौज, लूट का प्रयास एवं जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। मामले में दुकानदार बांसुकीनाथ सोनी ने दारौंदा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने दारौंदा थाना कांड संख्या 422/26 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, चार अक्टूबर



की शाम करीब 6:41 बजे दुकानदार अपनी दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान संदीप जायसवाल, करण महतो समेत दो अज्ञात युवक दुकान में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि युवकों ने दुकान में रखे आभूषण एवं नकदी लूटने का प्रयास किया। दुकानदार द्वारा विरोध करने पर आरोपितों ने जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद दुकानदार ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। उन्होंने पुलिस को बताया कि पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। दुकानदार ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

# जदयू प्रदेश सचिव उमेश ठाकुर के पुत्र के श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए विधायक व्यास सिंह

सीवान/हसनपुरा प्रखंड के हरपुर कोटवा गांव में जदयू प्रदेश सचिव उमेश ठाकुर के पुत्र की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान दारौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, दारौंदा प्रमुख प्रतिनिधि उमेश सिंह एवं जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष संजय पांडेय ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में भाजपा मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, देवानंद गिरी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, लालबहादुर सिंह, मुखिया नीरज सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, जिला मंत्री उमाशंकर सिंह, शैलेश सिंह, पप्पू सिंह, भोजपुरी पुनर्जागरण मंच के जिला मंत्री अशोक सिंह, रणजीत सिंह, बृजनंदन सिंह एवं संजीव सूर्यवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और तकनीक के जरिए मिसाल कायम करने वाले मुंगेर जिले के दो शिक्षकों ने राष्ट्रीय स्तर पर मान बढ़ाया

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और तकनीक के जरिए मिसाल कायम करने वाले मुंगेर जिले के दो शिक्षकों ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का मान बढ़ाया है। कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में आयोजित भव्य राष्ट्रीय शैक्षिक संगोष्ठी में मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय कुरावा के शिक्षक अरविंद कुमार सिंह और मध्य विद्यालय बागेश्वरी की शिक्षिका प्रेम सखी कुमारी को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। शिक्षा सागर फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस गरिमामयी समारोह में अल -फलाह विश्वविद्यालय फरीदाबाद के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर रंगा, एनआईटी कुरुक्षेत्र के निदेशक प्रोफेसर ब्रह्मजीत सिंह, डीन डॉक्टर लिली दीवान तथा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के ओएसडी समरवीर सिंह ने दोनों शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में फाउंडेशन के संस्थापक शैलेश भाई प्रजापति, सुरेश रैना और संयोजिका सुशीला जांगड़ा सहित देश भर से आए शिक्षाविद् मौजूद रहे। जिले के शिक्षकों को राष्ट्रीय मंच पर मिली इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे शिक्षा जगत में खुशी की लहर दौड़ गई है सोशल मीडिया से लेकर दूरभाष पर भी उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। अरविंद कुमार सिंह और और शिक्षिका प्रेम सखी कुमारी ने लगातार अपने नवाचार और टीएलएम आधारित गतिविधियों से बच्चों में सीखने के प्रति जागरूकता का संचार किया है। इससे विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति के साथ-साथ उनमें सीखने के प्रति उनकी जिज्ञासा भी बढ़ी है।

# लीला साह पोखरा स्थित खुशी किराना दुकान से हुए चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

सीवान/दारौंदा थाना क्षेत्र के लीला साह पोखरा स्थित खुशी किराना एंड जनरल स्टोर में चोरों ने छत तोड़कर करीब एक लाख रुपये के सामान और चार हजार रुपये नकद चोरी कर ली। घटना 4 अक्टूबर की रात की बतायी जा रही है। दुकान बंद कर घर जाने



के बाद चोर छत तोड़कर अंदर घुसे और चोरी की घटना को अंजाम दिया। दुकानदार राजेश कुमार यादव ने थाने में दिए आवेदन में बताया कि चोर काजू, किशमिश, बादाम, अमूल दूध, क्रीम, फेयर एंड लवली, देशी घी, होलिक्स, छोटी इलायची समेत अन्य सामान ले गए। आवेदन में चिंतामनपुर निवासी विशाल कुमार यादव और फतेहपुर निवासी सरंजन कुमार यादव के नाम का उल्लेख करते हुए दुकानदार ने दोनों की संभावित संलिप्तता की आशंका जतायी है। आवेदन के अनुसार, पूर्व में दोनों से विवाद भी हुआ था। हालांकि, पुलिस ने इन आरोपों की पुष्टि नहीं की है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर एसआइ संतोष कुमार को जांच की जिम्मेदारी दी गयी है। पुलिस घटना की जांच करने के साथ चोरी गए सामान की बरामदगी के प्रयास में जुटी है।

# कवियों और शायरों ने सीवान में बुलंद की युद्ध व आतंकवाद विरोधी आवाज



सीवानः कन्हैयालाल जिला केन्द्रीय पुस्तकालय के सभागार में जनवादी लेखक संघ (जलेस) और अखिल भारतीय शांति एवं एकजुटता संगठन (ऐप्सो) के संयुक्त तत्वावधान में युद्ध एवं आतंकवाद विरोधी कवि सम्मेलन सह मुशायरा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर कमर सीवानी ने की और संचालन जलेस सीवान के सचिव मार्कण्डेय ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत युगल किशोर दूबे ने गांधी जी और शांति पर आधारित कविता से की। प्रो. उपेन्द्र नाथ यादव ने फिलिस्तीन और ईरान युद्ध के दर्द को बयां करते हुए कहा– ह्वमिसाइलों की मार का घाव नस नस में समा गया है।ह्व विक्रमा पंडित विवेकी ने युवाओं को जगाया, तो लाइची हरिराही ने युद्ध उन्मादी ताकतों को चेतावनी दी। कवयित्री विजय लक्ष्मी विनोदिनी ने सस्वर कविता से युद्ध के खतरों को सामने रखा। अरशद अली अधिवक्ता की पंक्तियों– ह्वघर के दरवाजे को देखकर डर लगता हैह्व पर खूब तालियां बजीं। प्रो. जेया कुतुबी ने भ्रूण हत्या पर प्रहार करते हुए पढ़ा– ह्वकत्ल होने लगी पेट में बेटियां।ह्व युनूस सीवानी ने मोहब्बत और गुलाम हैदर वारसी ने बदलाव की बात की। डॉ. परविंद शुक्ला ने गाकर अपनी रचना सुनाई, जबकि डॉ. असगर अली के कलाम ने श्रोताओं को झकझोर दिया। कमाल मीरापुरी, उपेन्द्र कुमार, कमलेश्वर ओझा सहित अन्य कवियों ने भी कविता पाठ किया। अंत में अध्यक्ष कमर सीवानी ने अपनी मशहूर रचना– ह्वकरेगा झुककर सलाम हर दरिया हमारी नाव पर हिन्दुस्तान लिखा हैह्व से कार्यक्रम को ऊंचाइयों पर पहुंचाया। आयोजन को सफल बनाने में कन्हैया चौधरी, भोगेंद्र झा और पवन पांडेय सहित जिले के प्रबुद्धजीवियों का सराहनीय योगदान रहा।

# अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चित्रकार नंदलाल बसु के नाम पर कला शोध केंद्र बनाने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाले महान चित्रकार नंदलाल बसु की जन्मस्थली हवेली खड़गपुर में उनके नाम पर कला शोध केंद्र एवं कला अध्ययन केंद्र स्थापित करने की मांग उठी है। इस संबंध में जदयू के पूर्व जिला प्रवक्ता मुंगेर मनोज कुमार रघु ने स्थानीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को मांग पत्र सौंपकर आवश्यक पहल करने का आग्रह किया है। मांग पत्र में कहा गया है कि महान चित्रकार नंदलाल बसु की जन्मस्थली हवेली खड़गपुर प्रखंड में पड़ती है, लेकिन आज तक उनके नाम पर कोई कला शोध केंद्र स्थापित नहीं हो सका है। यदि नंदलाल बसु के नाम पर कला शोध केंद्र का निर्माण होता है, तो आने वाली पीढ़ियों को उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और कला के क्षेत्र में दिए गए योगदान की जानकारी मिल सकेगी। मनोज कुमार ऋतु ने पत्र में बताया कि इस संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं वर्तमान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को भी आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री ललन सिंह से आग्रह किया कि वे अपने स्तर से पहल करते हुए हवेली खड़गपुर में नंदलाल बसु के नाम पर कला शोध केंद्र की स्थापना कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि इससे न केवल महान चित्रकार नंदलाल बसु की स्मृतियों को संरक्षित किया जा सकेगा, बल्कि हवेली खड़गपुर की पहचान भी राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत होगी।

# वीर सिंह हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, 41 सदस्यीय न्याय संघर्ष समिति गठित

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। वीर सिंह हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी और मामले का उद्भेदन करने की मांग को लेकर रविवार को हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के खंडबिहारी गांव में सुधीर प्रसाद सिंह के आवास पर आमसभा आयोजित की गई। सभा की शुरूआत वीर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करने और दो मिनट का मौन रखकर की गई। इस दौरान लोगों ने इंकलाब जिंदाबाद वीर सिंह के हत्यारे को फांसी दो हत्यारा गिरफ्तार क्यों नहीं हुआ, पुलिस प्रशासन जवाब दो सहित विभिन्न नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने वीर सिंह के माता-पिता को न्याय दिलाने और सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। सभा का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता रमन सिंह और उत्तम सिंह ने किया। सामाजिक कार्यकर्ता यीशु यादव ने कहा कि वीर सिंह की हत्या के मामले को पुलिस प्रशासन ने गंभीरता से नहीं लिया, जिसके कारण अब तक घटना का उद्भेदन नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो जन आंदोलन को और तेज किया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता रमन सिंह ने सभा में ह्ववीर सिंह न्याय संघर्ष समितिह्व के गठन का प्रस्ताव रखा, जिसका उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया। इसके बाद 41 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया और यीशु यादव को अध्यक्ष बनाया गया। समिति की अगली बैठक बुधवार को झील रोड में होगी, जिसमें अन्य पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। समिति ने निर्णय लिया कि सभी हत्यारों की गिरफ्तारी तक आंदोलन जारी रहेगा। बुधवार की बैठक में आंदोलन की आगे की रूपरेखा तय की जाएगी। सभा को मुखिया गोपाल शरण सिंह, गंगाराम पासवान, प्रफुली सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों ने संबोधित किया।

# औड़ाबगीचा पंचायत में दो माह से बुझी पड़ी हैं सोलर लाइटें, ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर

प्रात : किरण संवाददाता

धरहरा (मुंगेर)। प्रखंड की औड़ाबगीचा पंचायत में पिछले करीब दो माह से सोलर लाइट खराब पड़ी है। रात होते ही पूरा इलाका अंधेरे में डूब जाता है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर धरहरा प्रखंड भाजपा उपाध्यक्ष ओम कमल ने जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पणीकर को आवेदन देकर खराब पड़ी सोलर लाइटों को शीघ्र दुरुस्त कराने की मांग की है। आवेदन में ओम कमल ने बताया है कि सोलर लाइट खराब होने की सूचना पंचायत सेवक, धरहरा प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी और एडीपीआरओ को फोन एवं व्हाट्सएप के माध्यम से कई बार दी जा चुकी है। इसके बावजूद दो माह बीतने के बाद भी मरम्मत नहीं कराई गई है। उन्होंने संबंधित ठेकेदार एजेंसी पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार सूचना देने के बाद भी एजेंसी ने सुध नहीं ली। रात में सोलर लाइट नहीं जलने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है, वहीं अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों की सक्रियता भी बढ़ गई है। ओम कमल ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की जांच कर संबंधित एजेंसी पर कार्रवाई करने और बंद पड़ी सोलर लाइटों को अविलंब चालू कराने की मांग की है।

# दुर्गा पूजा विधि व्यवस्था संधारण को लेकर आयुक्त मुंगेर सह आयुक्त भागलपुर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस महानिरीक्षक भागलपुर के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। आयुक्त मुंगेर प्रमंडल मुंगेर -सह-आयुक्त, भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर की अध्यक्षता में सोमवार को मुंगेर एवं भागलपुर प्रमंडल अंतर्गत पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुंगेर एवं वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से पुलिस महानिरीक्षक, भागलपुर और संबंधित जिले के जिला पदाधिकारी वरीय पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक के साथ दुर्गापूजा पर्व -2026 के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण से संबंधित तैयारी के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई सभी जिला पदाधिकारी एवं सभी पुलिस अधीक्षक ने दुर्गा पूजा पर्व-2026 के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण के संबंध में की गयी सभी तैयारियों की अद्यतन जानकारी से आयुक्त को अवगत कराया। उक्त बैठक में बताया गया कि संयूक्तादेश निर्गत किया जा रहा है` सभी महत्वपूर्ण, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियो की प्रतिनियुक्ति की जाएगी विधि- व्यवस्था संधारण हेतु भा0 ना0 सु0 सं0 126/135/129 के तहत की गई कार्रवाई एवं दुर्गा पूजा, 2026 के अवसर पर लाइसेंसी प्रतिमा की संख्या से संबंधित प्रतिवेदन की अद्यतन जानकारी दी गई रावण वध हेतु चिन्हित स्थल पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी सहित पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी पुलिस महानिरीक्षक उप महानिरिक्षक के द्वारा सभी पूजा पंडालों के लिए नोडल पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्त करने, डीजे संचालकों के साथ बैठक करने, नियमों का अनुपालन कराने एवं नियमित रूप से साइबर पेट्रोलिंग करने को कहा गयो थाना स्तर पर संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने, नियमित रूप से वरीय पदाधिकारियों को भ्रमणशील रहने का निदेश दिया गयो। आयुक्त ने सभी जिला अनुमंडल प्रखंड- सह -अंचल स्तर पर शांति समिति की बैठक यथाशीघ्र आयोजित कराने का निदेश दिया। सभी निरोधात्मक कार्रवाई संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने और सुरक्षात्मक व्यवस्था करने का निर्देश दिया` पूजा पंडालों में सीसीटीवी अधिष्ठापित करने तथा उसका नियमित अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया` जुलूस हेतु अनुज्ञप्ति उचित प्राधिकार के द्वारा ही निर्गत करने एवं डीजे के संबंध में समय-समय पर निर्गत आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया` प्रत्येक प्रतिमा के विसर्जन जुलूस में पुलिस एस्कॉर्ट की व्यवस्था करने, साथ ही विसर्जन जुलूस में शामिल लोगों के लौटने तक प्रतिनियुक्ति को बनाए रखने एवं विसर्जन जुलूस मार्ग का भौतिक सत्यापन करने को कहा गया।

# क्षेत्र के सभी दुर्गा मंदिरों पर जोर-शोर से हो रही पूजा की तैयारी

तारापुर (मुंगेर)। तारापुर थाना क्षेत्र के सभी जगहों पर दुर्गा पूजा नवरात्रि को लेकर मंदिर का रंग रोगन साफ सफाई पंडाल लगाने से लेकर सजावट जैसे कामों को जोर-शोर से किया जा रहा है। गौरतलब है कि बड़ी दुर्गा राधा गोविंद ठाकुरबारी, मोहनगंज, धौनी, बिहमा, उल्टा नाथ महादेव, रणगांव, पियारपुर, पढ़भाड़ा, बिषय, भगलपुरा, एवं अफजलनगर खुदिया, इन सभी जगहों पर 10 अक्टूबर कलश स्थापना से पहले कलाकारों द्वारा प्रतिमा का अंतिम रूप देने के लिए हर रोज तेजी से कम कर रहे हैं। बता दें कि 20 अक्टूबर विजया दशमी की रात्रि में मोहनगंज धौनी में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन होना सुनिश्चित है। बाकी दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन 21 अक्टूबर रात्रि 10:00 बजे तक करना सुनिश्चित किया गया है। सिर्फ भागलपुरा में स्थापित देवी की प्रतिमा का विसर्जन गुरुवार होने के नाते 23 अक्टूबर के अहले सुबह होना सुनिश्चित किया गया है। तारापुर थाना से महज कुछ ही दूरी पर मुख्य मार्ग पर स्थापित राधा गोविंद ठाकुरवादी दुर्गा मंदिर पर अष्टमी नवमी एवं विजयदशमी के दिन सबसे अधिक भीड़ श्रद्धालुओं की जुटती है। इधर राधा गोविंद ठाकुरवाड़ी दुर्गा मंदिर के मेढ़पति पूर्व मुखिया जितेंद्र शर्मा उर्फ टुनटुन शर्मा ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के बाद सीसीटीवी कैमरा ड्रम में पानी बालू स्थानीय वालंटियर इत्यादि की व्यवस्था कमिटि के द्वारा की गई है। इधर तांत्रिक शक्तिपीठ तिलडीहा दुर्गा मंदिर पर नवरात्र के प्रथम दिन 10 अक्टूबर को श्रद्धालुओं द्वारा भारी संख्या में जलाभिषेक करने के दौरान अनुमंडल प्रशासन तारापुर द्वारा घटना -दुर्घटना को देखते हुए मुकम्मल व्यवस्था की जा रही है।

# बांग्लादेश से लड़कियां लाकर भारत में कराते थे शादी, हैदराबाद में रहने वाले बांग्लादेशी को पकड़ा

**ग्वालियर , एजेंसी।** जीआरपी ने एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय गैंग के सदस्यों को पकड़ा है जो बांग्लादेश से म्यांमार की लड़कियों को शादी के लिए भारत लेकर आते थे. पुलिस ने दो आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही म्यांमार की चार युवतियों को भी कस्टडी में लिया है. पकड़े गए दोनों पुरुष आरोपी भी म्यांमार के निवासी हैं, जो हैदराबाद में रह रहे थे. इनके साथ पकड़ी कई युवतियों को जम्मू कश्मीर सप्लाई करने की प्लानिंग थी.



दरअसल, ग्वालियर जीआरपी थाना प्रभारी दीपशिखा सिंह तोमर को जीआरपी भोपाल कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी तिरुवंतपुरम से हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के बीच चलने वाली स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन में एक संदिग्ध युवक सफर कर रहा है, जो संभवतः म्यांमार का निवासी है और भारत में विदेश से लड़कियां तस्करी कर उनकी शादी कराता है. इस जानकारी के आधार पर तुरंत एक सर्चिंग अभियान चलाते हुए स्वर्णजयंती एक्सप्रेस ट्रेन की ग्वालियर में चेकिंग की गई.

जीआरपी जब सभी रेल कोच में बताए गए युवक की तलाशी कर रही थी, इसी दौरान सामान्य कोच में पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया. जीआरपी फोर्स ने जब उससे जानकारी चाही तो उसने अपना नाम मुबीन बताया. जीआरपी पुलिस को युवक के पास से एक आईडी कार्ड भी मिला, जो यूएन रिफ्यूजी कमिश्नरी से जारी था. आरोपी ने पुलिस को बताया कि, मूल रूप से वह म्यांमार का निवासी है और हैदराबाद में रह रहा था.

ट्रेन से उतारकर पुलिस आरोपी को जीआरपी थाने लाई और पूछताछ की. आरोपी ने पुलिस को बताया कि, वह चार साल पहले अपनी पत्नी और बच्चों के साथ हैदराबाद में रहने लगा था. यहीं से वह बांग्लादेश से लड़कियां भारत लेकर आया था. और यहां अपने एक दूसरे साथी के साथ मिलकर जम्मू कश्मीर में इन लड़कियों की शादी कराने वाला था. उसने बताया की उसका दूसरा साथी सुलेमान उत्तरप्रदेश के अलीगढ़ में एक किराए के कमरे में रह रहा है.

आरोपी मुबीन की निशानदेही पर ग्वालियर जीआरपी ने तत्काल प्रभाव से अलीगढ़ में दबिश दे कर सुलेमान को भी पकड़ लिया. जीआरपी को सुलेमान के पास से चार लड़किया बरामद हुई. चारों युवतियां म्यांमार की रहने वाली है और हाल में बांग्लादेश के कुतुपालोंग रिफ्यूजी शेल्टर से भारत आई थी. बरामद चारों लड़कियों में दो नाबालिक और इन सभी की शादी भारत के जम्मू कश्मीर में कराने की प्लानिंग थी.

# संत प्रेमानंद की जान को खतरा!: आश्रम से जुड़ी गतिविधियों पर दो पक्षों में मतभेद, सुरक्षा के लिए सीएम को पत्र

**मथुरा, एजेंसी।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में पक्षकार दिनेश फलाहारी ने संत प्रेमानंद महाराज की सुरक्षा और आश्रम परिसर के भीतर के हालातों को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर संत की सुरक्षा के साथ ही केलिकुंज आश्रम और आसपास की गतिविधियों की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

दिनेश ने पत्र में बताया कि श्रीहित राधा केलिकुंज आश्रम से जुड़ी गतिविधियों को लेकर दो पक्षों के बीच मतभेद हैं। आरोप लगाए जा रहे हैं कि आश्रम की आड़ में संपत्ति व प्रापर्टी के धंधे से जुड़े कुछ लोग सक्रिय हो गए हैं, जिन्होंने संस्था के प्रभाव का अनुचित लाभ उठाते हुए आश्रम बना लिए हैं।

उनके पत्र के अनुसार संपत्ति और व्यावसायिक गतिविधियों से आहत होकर संत प्रेमानंद महाराज बेलवन स्थित आश्रम चले गए। मामले की गंभीरता तब और बढ़ गई जब केलिकुंज आश्रम के आसपास से बच्चों के गायब होने तथा संदिग्ध लोगों के सक्रियता की आशंकाएं जताई जाने लगीं। भक्तों का मानना है कि संत प्रेमानंद महाराज की सुरक्षा देश व अध्यात्म हित में बेहद आवश्यक है। शिष्य की मौत के बाद चर्चा में आए संत प्रेमानंद के समर्थन में ब्रज के संत और भागवताचार्य सामने आए हैं। उनका कहना है कि बिना सच्चाई जाने संत के खिलाफ बयानबाजी करना गलत है। जो लोग ऐसा कर रहे हैं, उन्हें अपनी हरकतों से बाज आना चाहिए। भागवताचार्य चित्रलेखा ने कहा कि संत प्रेमानंद महाराज के बारे में लोग जो मन में आ रहा बोल रहे हैं, कोई मर्यादा नहीं। किसी को कुछ पता नहीं है, फिर भी बड़ी बातें कर रहे हैं।



यदि कोई घटना हो भी जाती है तो क्या किसी सद महापुरुष एवं रसिक प्रेमी पर बोलना ही बड़ा अपराध है। उन्होंने कहा कि अधूरा ज्ञान बड़ा खतरनाक होता है। यदि ज्ञान नहीं है तो मौन रहना चाहिए। मलूक पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र दास महाराज ने संत प्रेमानंद महाराज का नाम न लेते हुए कहा कि समाज बड़े से बड़े महापुरुष की छीछालेदर करने में नहीं चूकता,लेकिन उनके द्वारा राष्ट्र एवं समाज को क्या मिला, उसे निंदक नहीं देखते। भागवताचार्य अनिरुद्धाचार्य ने कहा कि मीडिया को किसी जज की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि वह खुद ही जज बन जाती है। बिना सच्चाई जाने संत प्रेमानंद महाराज को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संत प्रेमानंद महाराज ने लाखों-करोड़ों श्रद्धालुओं को सनातन धर्म के मार्ग से जोड़ा है। उनके प्रवचनों से बड़ी संख्या में लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। ऐसे संत के प्रति बिना तथ्यों की जानकारी के आरोप लगाना उचित नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### पश्चिम बंगाल: पूर्व टीएमसी सांसद और अभिनेत्री कोयल मल्लिक भाजपा में शामिल

**कोलकाता , एजेंसी।** बंगाली फिल्म अभिनेत्री रुक्मिणी मल्लिक( कोयल मल्लिक) सोमवार



को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। पार्टी ने उन्हें आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया था, जिसके एक दिन बाद ही वह पार्टी में शामिल हुईं। दिग्गज बंगाली फिल्म अभिनेता रंजीत मल्लिक की बेटी, कोयल मल्लिक ने छह अप्रैल से 16 जुलाई तक तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की राज्यसभा सांसद के तौर पर काम किया था। विधानसभा चुनावों में ममता बनर्जी की पार्टी की हार के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। कोयल मल्लिक का बीजेपी में स्वागत करते हुए, पार्टी के पश्चिम बंगाल महासचिव शशि अग्निहोत्री ने कहा कि अभिनेत्री सोमवार को राज्यसभा सीट के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगी। यहां भाजपा के राज्य मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मल्लिक ने कहा कि संसद के उच्च सदन का सदस्य बनना और लोगों की भलाई के लिए काम करने का मौका मिलना मेरे लिए सम्मान की बात होगी। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल की 12 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव 16 अक्तूबर को होंगे। पश्चिम बंगाल विधानसभा में भाजपा के पास स्पष्ट बहुमत है।

### लैंड पूलिंग से मिलेगी स्टेडियम की जमीन, शासन को भेजा ड्राफ्ट

**गाजियाबाद , एजेंसी।** मोरटी में प्रस्तावित अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के लिए जमीन जुटाने की प्रक्रिया अब आगे बढ़ गई है। करीब 38 एकड़ में बनने वाले स्टेडियम की जमीन किसानों से लैंड पूलिंग के जरिये ली जाएगी। जीडीए बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद प्राधिकरण ने फाइनल अप्रूवल के लिए शासन को फाइल भेज दी है। जीडीए के वीसी नंद किशोर कलाल का कहना है कि उम्मीद है कि इस महीने के अंत तक शासन से स्वीकृति मिल जाएगी। इसके बाद किसानों की सहमति से जमीन लेने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जीडीए सचिव विवेक मिश्रा ने बताया कि स्टेडियम के लिए यूपीसीए के साथ एमओयू साइन हो चुका है और बोर्ड से भी प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। जमीन लेने की प्रक्रिया को लेकर शासन की ओर से कुछ आपत्तियां भेजी गई थीं, जिन्हें निस्तारित कर लिया गया है। हिंडन एयरबेस के नजदीक होने के कारण स्टेडियम की ऊंचाई को लेकर भी जानकारी मांगी गई थी। स्टेडियम की ऊंचाई करीब 45 मीटर तक रखने की अनुमति है। इंटरनेशनल स्टेडियम के लिए जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी कर ली गई है। क्रिकेट स्टेडियम को जीडीए और यूपीसीए की साझेदारी में 38 एकड़ में तैयार किया जाना है। इसके लिए यूपीसीए के पास अभी जमीन है। मंजूरी मिलने के बाद साझेदारी के नियमों के अनुसार आधी जमीन का बैनामा जीडीए अपने पक्ष में कराएगा।

### साहिबाबाद में बनेगा ईवी चार्जिंग का बड़ा हब

**गाजियाबाद , एजेंसी।** ट्रांस हिंडन में बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहनों के बीच चार्जिंग की सुविधा बढ़ाने की तैयारी शुरू हो गई है। नगर निगम करहेड़ा गांव में करीब 20 चार्जिंग पॉइंट विकसित करने के लिए जमीन तलाश रहा है। करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाले इस चार्जिंग हब में निजी इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ शहर में चलने वाली इलेक्ट्रिक बसों को भी चार्ज करने की सुविधा होगी। इससे ईवी चालकों को चार्जिंग के लिए दूसरे क्षेत्रों में जाने की जरूरत कम होगी। नगर निगम के सहायक अभियंता निर्माण विभाग गणेशी लाल ने बताया कि करहेड़ा में चार्जिंग पॉइंट विकसित करने की योजना है।

# पंजाब सीएम के कार्यालय से जुड़े निजी लोगों पर भ्रष्टाचार का आरोप, पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने सीबीआई को सौंपी जांच




**चंडीगढ़ , एजेंसी।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को जांच सौंपने का फैसला दिया है। हाईकोर्ट ने सीबीआई को दो महीने में जांच पूरी करने का भी निर्देश दिया है। यह मामला प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को लिखे गए पत्रों से जुड़ा है। इसको लेकर वकील निखिल सराफ ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की थी, जिस पर हाईकोर्ट ने सोमवार को अपना फैसला सुनाया। गौरतलब है कि ईडी ने पंजाब के डीजीपी को तीन चिट्ठियां लिखी थीं, जिनमें यह कहा गया था कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मन और कुछ अन्य लोग (नितिन गोहल और बीर देविंदर भी शामिल) भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं। इन पत्रों में आरोपों के सिलसिले में कई लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा गया था। मांग की गई थी कि उन लोगों पर एफआईआर दर्ज की जाए। ईडी के मुख्य आरोपों के अनुसार, मुख्यमंत्री भगवंत मान के ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मन कथित तौर पर अधिकारियों, जिनमें आईएएस और आईपीएस अधिकारी भी शामिल हैं, के ट्रांसफर और पोस्टिंग से जुड़े रैकेट को चला रहे थे। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि वे प्रशासनिक तबादलों और पोस्टिंग के साथ-साथ सरकारी टेंडरों में भी दखल दे रहे थे। यह मामला तब हाईकोर्ट पहुंचा, जब पंजाब पुलिस ने कथित तौर पर ईडी की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं की थी। वकील निखिल सराफ ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की, जिसमें मामले को सीबीआई को सौंपने की मांग की गई थी। याचिका में सराफ ने कहा था कि प्रवर्तन निदेशालय के पत्र में पंजाब मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़े अधिकारियों के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सराफ ने तर्क दिया कि मामलों को 'निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच' के लिए सीबीआई को सौंपा जाना चाहिए, जो 'पंजाब पुलिस और पंजाब विजिलेंस के प्रभाव से मुक्त' हो।

इसके बाद सोमवार को अपने फैसले में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने मामले को जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया।

### जयपुर में 60 मकान-दुकानों पर चला जेडीए का बुलडोजर

जयपुर, एजेंसी। जयपुर में सोमवार की सुबह न्यू सांगानेर रोड पर रोज की तरह दुकानें खुलीं, लेकिन कुछ देर बाद माहौल बदल गया। सड़क पर पुलिस का जाब्ता पहुंचा और जेडीए के बुलडोजर गरजने लगे। देखते ही देखते दुकानों के बाहर बने रैंप, चबूतरे, रेलिंग, सीढ़ियां और टिनशेड टूटने लगे। इसी दौरान एक दुकान के अंदर खड़ा व्यापारी बार-बार बाहर आने के लिए कहे जाने के बावजूद वहीं डटा रहा। बाहर बुलडोजर था और अंदर उसकी दुकान...। जयपुर विकास प्राधिकरण ने न्यू सांगानेर रोड पर गुर्जर की थड़ी चौराहे से सोडाला तिराहे तक अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई शुरू की है। सोमवार को गुर्जर की थड़ी से लजीज रेस्टोरेंट तक करीब एक किलोमीटर के हिस्से में 60 से ज्यादा मकान-दुकानों के सड़क सीमा में आ रहे निर्माण हटाए गए।

### मुझे लगा एआई का कमाल है... कोटा रिवर फ्रंट की तस्वीरों पर आनंद महिंद्रा हुए फिदा

**कोटा एजेंसी।** राजस्थान का कोटा... नाम सुनते ही ज्यादातर लोगों के दिमाग में कोचिंग, लाखों स्टूडेंट्स और पढ़ाई का दबाव आता है। लेकिन इसी कोचिंग सिटी में एक ऐसी जगह भी है, जिसकी तस्वीरें देखकर देश के जाने-माने उद्योगपति आनंद महिंद्रा तक हैरान रह गए। उन्हें पहली नजर में लगा कि ये नजारा शायद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई से तैयार किया गया है। जब हकीकत पता चली तो उनका रिएक्शन था- 'अरे वाह... ये तो असली है!' दरअसल, आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर कोटा के चंबल हेरिटेज रिवर फ्रंट की तस्वीरें देखीं। तस्वीरों में नदी के किनारे बना भव्य कॉरिडोर, घाट और विशाल स्थापत्य देखकर उन्होंने इसकी खूबसूरती की तारीफ की। साथ ही उन्होंने सवाल भी किया कि क्या यह जगह असल जिंदगी में भी तस्वीरों जितनी शानदार है? आनंद महिंद्रा ने अपनी पोस्ट में बताया कि चंबल रिवर फ्रंट की तस्वीर देखने के बाद उनका पहला रिएक्शन यही था कि शायद यह एआई से बनाई गई तस्वीर है। लेकिन जब उन्होंने तस्वीर को ध्यान से देखा और पता चला कि यह जगह वास्तव में मौजूद है, तो वे चकित रह गए। उन्होंने कहा कि कोटा का नाम सुनते ही आमतौर पर लोगों को वहां की बड़ी कोचिंग इंडस्ट्री और स्टूडेंट्स पर पड़ने वाले भारी दबाव से जुड़ी खबरें याद आती हैं। लेकिन कोटा की एक ऐसी पहचान भी है, जिसके बारे में देश के बहुत से लोग शायद अब तक नहीं जानते। आनंद महिंद्रा ने चंबल हेरिटेज रिवर फ्रंट को अपनी वंडरर लिस्ट में शामिल करने की बात कही। यानी वे भविष्य में इस जगह को खुद देखने की इच्छा रखते हैं। उन्होंने लोगों से यह भी अपील की कि अगर कोई वहां जा चुका है तो रिवर फ्रंट की वास्तविक तस्वीरें साझा करे। उन्होंने पूर्व यूडीएच मंत्री और कोटा उत्तर विधायक शांति धारीवाल, कोटा विकास प्राधिकरण और आर्किटेक्ट अनूप भरतरिया के विजन और काम की भी तारीफ की।

# ईरान के साथ टकराव ट्रंप के कार्यकाल के बाद भी रह सकता है जारी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** व्हाइट हाउस में मिडिल ईस्ट से जुड़े मामलों के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ब्रेट मैकगर्क ने चेतावनी दी है कि ईरान के साथ चल रहा टकराव अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बाकी कार्यकाल के दौरान जारी रह सकता है और अगली अमेरिकी सरकार को भी इससे निपटना पड़ सकता है। वहीं, ट्रंप प्रशासन का कहना है कि वह ईरान पर कूटनीतिक और सैन्य दोनों तरह का दबाव बनाए हुए है। राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में मिडिल ईस्ट और नॉर्थ अफ्रीका के कोऑर्डिनेटर रहे ब्रेट मैकगर्क ने कहा कि उन्हें ईरान के साथ किसी बड़े और पूरी तरह समाधान वाले समझौते का फिलहाल कोई साफ रास्ता नजर नहीं आ रहा। उन्होंने लंबे समय तक आर्थिक दबाव, बीच-बीच में सैन्य टकराव और कुछ समय के लिए सीजफायर होने की संभावना जताई। मैकगर्क ने सीएनएन के फरीद जकारिया से कहा, 'अगर मुझे अनुमान लगाना हो, तो यह मामला ट्रंप के राष्ट्रपति कार्यकाल के आखिर तक चलता रहेगा और फिर अगले राष्ट्रपति को भी ईरान की इस पुरानी समस्या से निपटना होगा। जिमी कार्टर के समय से ही लगभग हर अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान की इस व्यवस्था से जुड़ी चुनौती का सामना किया है।'

उन्होंने कहा, 'यह लंबे समय से चली आ रही समस्या है। मैंने खुद अलग-अलग सरकारों के दौरान इससे जुड़े मामलों पर काम किया है।'

मैकगर्क के मुताबिक, सात अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमास के हमले के बाद से मिडिल ईस्ट में ताकत का संतुलन 'बुनियादी तौर पर' बदल गया है। उन्होंने इसके बाद ईरान से जुड़े दो सैन्य अभियानों का जिक्र किया। इनमें ईरान के परमाणु ठिकानों के खिलाफ 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' और इस साल 28 फरवरी से शुरू हुआ मौजूदा संघर्ष शामिल है। मैकगर्क ने कहा कि उनकी एक चिंता यह है कि हालिया संघर्ष की शुरुआत ऐसे मकसद से हुई, जिसमें सत्ता परिवर्तन का लक्ष्य साफ तौर पर खुला रखा गया था।

उन्होंने कहा, 'एक बार जब आप इस रास्ते पर आगे बढ़ जाते हैं, तो फिर यह तय करना बहुत मुश्किल हो सकता है कि इस टकराव को आखिर खत्म कैसे किया जाए।' मैकगर्क ने कहा कि उन्हें तब तक इस संघर्ष



का कोई साफ अंत नजर नहीं आता, जब तक ईरान की राजनीतिक व्यवस्था अपने तौर-तरीकों और नीतियों में बड़ा बदलाव नहीं करती या फिर यह व्यवस्था किसी समय बिखर नहीं जाती। उन्होंने कहा, 'लेकिन मुझे लगता है कि ऐसी स्थिति आने में अभी काफी समय लगेगा।' फिलहाल मैकगर्क ने लंबे समय तक टकराव जारी रहने की संभावना जताई।

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हम ऐसे दौर में हैं, जो कुछ समय तक चलने वाला है। ईरान पर भारी आर्थिक दबाव रहेगा। बीच-बीच में दोनों तरफ से सैन्य कार्रवाई हो सकती है। कभी-कभी कुछ समय के लिए सीजफायर या अंतरिम समझौते भी हो सकते हैं।'

मैकगर्क के मुताबिक, ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर कोई बड़ा समझौता होना और भी मुश्किल नजर आता है। उन्होंने कहा कि तेहरान में फैसले लेने वाले अधिकारी शायद ईरान के परमाणु हथियार बनाने के करीब पहुंचने की स्थिति को अपने लिए सबसे बड़ी सुरक्षा गारंटी के तौर पर देख रहे होंगे। उन्होंने कहा, 'इसलिए परमाणु मुद्दे पर समझौता हासिल करना बेहद मुश्किल होने वाला है।'

मैकगर्क का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने अलग से कहा कि ट्रंप प्रशासन ईरान के मामले में सैन्य और कूटनीतिक दोनों रास्ते खुले रखे हुए है। सीबीएस न्यूज के कार्यक्रम 'फेस द नेशन' में राइट से उन खबरों के बारे में पूछा गया, जिनमें कहा गया है कि अमेरिका खाड़ी देशों में तेल से जुड़े ठिकानों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त रक्षा उपकरण भेज रहा है और तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप भी क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है। राइट ने कहा, 'देखिए, राष्ट्रपति ने साफ और कड़ा रुख अपनाया है कि ईरान परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सकता और उसे इसकी इजाजत नहीं दी जाएगी।' उन्होंने आगे कहा, 'इसलिए हम इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर रास्ते पर विचार कर रहे हैं। आर्थिक स्तर पर भी और जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई के लिए तैयार रहने के लिहाज से भी।' राइट ने कहा, 'हम अगली सरकार के लिए परमाणु हथियारों से लैस ईरान छोड़कर नहीं जा सकते।' जब उनसे पूछा गया कि क्या ट्रंप ने चुनाव के दिन के बाद सैन्य कार्रवाई बढ़ाने का फैसला किया है, जब तीसरे कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के क्षेत्र में पहुंचने की उम्मीद है, तो राइट ने राष्ट्रपति की योजनाओं के बारे में जानकारी देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'मैं राष्ट्रपति की योजनाओं या नीतियों के बारे में उनसे पहले बिल्कुल कुछ नहीं कहूंगा।'

# मिसौरी में सड़क हादसे में तेलंगाना की महिला की मौत, दोस्त घायल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के मिसौरी राज्य के सेंट लुइस इलाके में शनिवार देर रात सड़क हादसे में तेलंगाना की 31 वर्षीय महिला की जान चली गई। तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी।

मृतका की पहचान दराम सुप्रिया के रूप में हुई है, जो तेलंगाना के महबूबाबाद जिले के मरीपेड़ा की मूल निवासी थीं। परिजनों के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब सुप्रिया अपना रेस्टोरेंट बंद कर घर लौट रही थीं।

हादसे में सुप्रिया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ कार में सवार उनकी सहेली गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल सहेली तेलंगाना के सूर्यापेट जिले के कोडाद की रहने वाली हैं। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।



हादसे के बाद परिवार गहरे सदमे में है। खम्मम के नायडू पेटा सर्कल के पास रहने वाले सुप्रिया के पिता डी. श्रीनिवास ने बताया कि हमारे पास कहने के लिए शब्द नहीं हैं, हम पूरी तरह स्तब्ध हैं।

उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को पत्र लिखकर बेटी के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए भारत वापस लाने में सरकार से मदद मांगी है। उनके अनुसार, यह दुर्घटना देर रात करीब 1:40 बजे हुई।

सुप्रिया अपने पति कोडुमुरि रंजीत के साथ मिसौरी के वेंट्जविले में रहती थीं। सुप्रिया वहां एक रेस्टोरेंट चलाती थीं, जबकि उनके पति रंजीत सॉफ्टवेयर सेक्टर में काम करते हैं।

दंपति की शादी करीब पांच साल पहले हुई थी और उनका ढाई साल का एक बेटा भी है। सुप्रिया की मौत की खबर रंजीत ने तेलंगाना में दोनों परिवारों को दी। सुप्रिया के रिश्तेदारों और परिचितों ने सोशल मीडिया के जरिए भी पुलिस और जनप्रतिनिधियों से संपर्क साधा है। खम्मम पुलिस कमिश्नर और स्थानीय नेताओं को टैग करते हुए परिवार ने पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत लाने और जरूरी प्रक्रियाएं पूरी कराने में सहयोग की अपील की है।

# 9/11 जैसे हमले की फिराक में था फ्लाईदुबई का को-पायलट, प्लेन को ऊंची इमारत से टकराने की बनाई थी योजना

**दुबई , एजेंसी।** फ्लाईदुबई के विमान को हाईजैक करने और फिर उसे क्रैश करने की नाकाम कोशिश में को-पायलट हम्माम अल-हम्मानी से बड़ी जानकारी प्राप्त हुई है। जांचकर्ताओं के मुताबिक फ्लाईदुबई का को-पायलट 9/11 जैसे बड़े हमले की फिराक में था और उसे प्लेन को ऊंची इमारत से टकराने की योजना बनाई थी। इजराइल की शुरुआती जांच में यह बात भी सामने आई है कि 29 वर्षीय ओमान के नागरिक ने इस हमले को अकेले ही अंजाम दिया था। इतालवी अखबार कोरिएरे डेला सेरा ने रिपोर्ट दी कि अल-हम्मानी ने चुपके से मच्छर को मारने, विमान के इंजन बंद करने और 30 सितंबर को तेल अवीव में एक इमारत से प्लेन टकराने की योजना बनाई थी। इजराइली मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, अल-हम्मानी, जिसे श्व में गिरफ्तार किया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है, ने जांचकर्ताओं को बताया कि उसका इरादा कैप्टन को ठिकाने लगाने और लैंडिंग की मंजूरी मिलने के बाद भी फ्लाइट 1073 को सामान्य रूप से जारी रखने का था, और फिर तेल अवीव के पास बेन गुरियन एयरपोर्ट पर विमान को किसी इमारत या दूसरे प्लेन से टकराने का था। को-पायलट ने नियंत्रण अपने हाथ में लेने की कोशिश करने से पहले विमान के जॉर्डन के ऊपर पहुंचने का इंतजार करने की योजना बनाई थी, ताकि अलार्म न बजे और उसे हमले को अंजाम देने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। इजराइली मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार उसने जुलाई में हमला करने की योजना बनाई थी लेकिन आखिरी समय में इसे छोड़ दिया क्योंकि वह क्रू के एक सदस्य का दोस्त था। भारतीय पायलट मच्छर पर क्रैश एक्स (आपातकालीन कुल्हाड़ी) से हमला किया और फ्लाइट पर नियंत्रण करने की कोशिश की। संघर्ष के दौरान बोइंग 737 मैक्स 8 विमान लगभग दो मिनट में 36,000 फीट से नीचे गिरकर लगभग 17,000 फीट पर आ गया जिससे विमान के ढांचे पर बहुत ज्यादा दबाव पड़ा और विमान के रडर (दिशा-नियंत्रक) के कुछ हिस्से उखड़ गए। विमान में 174 यात्री सवार थे।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496